

संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे - 12



भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई -12



गाजा युद्ध : मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण - 13



कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल - 14

आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान

20.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.07 | सूर्यास्त 05.42


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 12:24 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025, वर्ष 35, अंक 255, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कोहरे में भी फर्राटा भरेंगी ट्रेनें, सफर को सुरक्षित रखेगा कवच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचारः** कोहरे में हर साल हादसों से बचने के लिए दर्जनों ट्रेनें निरस्त करनी पड़ती है। कई के रूट में कटौती की जाती है लेकिन इस बार रेलवे ने ट्रेन हादसों को रोकने के लिए कवच सिस्टम लगाना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम के लगने के बाद एक ट्रैक पर अगर दो ट्रेने आ जाएंगी तो उनमें ब्रेक लग जाएगी। कानपुर-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर शनिवार को टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच सिस्टम का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया। ये ट्रायल डब्लूएपी-5 लाइट इंजन के साथ ब्रेकिंग पैरामीटर्स के फाइनलाइजेशन के लिए किया गया। यह ट्रायल मितावली स्टेशन से शनिवार को दोपहर 12:22 बजे प्रारंभ होकर शाम 16:45 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान अप एवं डाउन दोनों दिशाओं में ट्रेन का संचालन किया गया। होम सिग्नल को ऑन (लाल) कर रेलवे अफसरों ने एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों को आमने-सामने लाकर ट्रायल किया। होम सिग्नल से 32 मीटर पहले एक ट्रेन में ब्रेक लग गई जबकि दूसरी ट्रेन में 67 मीटर पहले ब्रेक लग गई। कानपुर से प्रयागराज तक कई स्थानों पर कवच सिस्टम को लगाया जा चुका है। अब कवच सिस्टम को कानपुर से दिल्ली, कानपुर से झांसी, कानपुर से बांदा, कानपुर से लखनऊ के बीच लगाने की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा मार्ग के टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच का सफल परीक्षण शनिवार को किया जा चुका है।

## स्मृति मंधाना ने बनाए एक साथ दो विश्व रिकॉर्ड



**1000** रन एक कैलेंडर वर्ष में पूरा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं | **5000** सबसे तेज रन बनाने वाली युवा बल्लेबाज बनीं भारतीय उपकप्तान

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप मैच में एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन बनाने वाली इतिहास की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे युवा और सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

मिताली राज के बाद 5000 रन की यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दुनियां की पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने महिला क्रिकेट की स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया।

रविवार को मंधाना ने 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी। इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ। सबसे कम पारियों में 5000 रन बनाने में उन्होंने कोहली और धवन को भी पीछे छोड़ दिया।

### पारी के आधार पर कोहली धवन से ऊपर निकलीं

- 112 पारियां – स्मृति मंधाना
- 114 पारियां –विराट कोहली
- 118 पारियां – शिखर धवन
- 126 पारियां – सौरव गांगुली

### ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा

मंधाना ने महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।

# रन फॉर यूनिटी से एकता और अखंडता की अलख : योगी

### सीएम बोले- 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलेगा 'सरदार @150 यूनिटी मार्च'

- लोकसभा क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा, अभियान से जुड़ेंगे खिलाड़ी-कलाकार व युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' का एलान किया है। बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रदेशभर में एकता और अखंडता के प्रतीक इस अभियान को चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी और अभियान से खिलाड़ी, कलाकार व युवा जुड़ेंगे।

आवास पर रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। इसके साथ ही 31 अक्टूबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' चलेगा। इसमें यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए पांच-पांच युवा गुजरात की धरती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। ये दल चार प्रमुख पड़ावों से गुजरते हुए सरदार साहब की जन्मभूमि तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, भारत की एकता के शिल्पी थे। जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनके आदर्श हमें नई दिशा देते हैं। कहा कि प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, योग शिविर और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान जैसे कार्यक्रम होंगे। युवाओं को 'नशामुक्त भारत' की शपथ भी दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल स्मरण भर नहीं, बल्कि अखंड भारत से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की पहल है। यात्रा के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान भी चलेगा और स्थानीय संगठनों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। माई भारत, एनसीसी, एनएसएस समेत विभिन्न युवा संगठन अभियान को सफल बनाने में भागीदार होंगे। मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को भी इस यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।




सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### पटेल के आगे नहीं चली नवाब व निजाम की मनमानी

योगी ने कहा कि जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम की मनमानी उस समय सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय के आगे टिक नहीं सकी। लौहपुरुष की दूरदर्शिता से ही आज का अखंड भारत संभव हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से सरदार पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष देशभर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' आयोजित होगा।


## कैब चालकों की हत्या कर गाड़ी लूटने वाला मुठभेड़ में ढेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक बदमाश फरार, असलहे व कार बरामद, आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट के पास मुठभेड़

**अमृत विचारः** लखनऊ व शाहजहांपुर में आठ दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर कार लूटने वाले गिरोह के सरगना व डेढ़ लाख के इनामी गुरुसेवक को पारा पुलिस ने रविवार रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट के पास मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने मौके से कारतूस, 38 बोर की पिस्टल, 32 बोर की रिवॉल्वर और शाहजहांपुर में लूटी गई कार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। रविवार सुबह पुलिस ने गिरोह के साथी विकास कनौजिया को दुबग्गा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया था।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात बदमाश अजय सिंह को किसान पथ के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। तब गुरुसेवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गुरुसेवक अपने एक साथी के साथ कार से लखनऊ होते हुए हरदोई की तरफ जाने वाला है। इस पर क्राइम टीम ने पारा पुलिस के साथ मिलकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट की सर्विस लेन पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया। लेकिन बदमाशों ने कार मोड़ दी। अपने को फंसा देख दो बदमाश कार से उतरे और पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में गुरुसेवक मारा गया। लेकिन उसका साथी फरार हो गया। डीसीपी ने बताया कि गुरुसेवक ने 29 सितंबर को पारा से कैब बुक की थी। उसके बाद साथियों संग मिलकर चालक योगेश पाल की हत्या कर शव सीतापुर में फेंक दिया था। छह अक्टूबर को गुरुसेवक और उसके गिरोह ने शाहजहांपुर के पुवायां से सितारगंज (उत्तराखंड) जाने के लिए कैब चालक अवनीश दीक्षित को बुक किया था। गिरोह ने अवनीश की हत्या कर उसकी कार भी लूट ली थी। फिर उसके शव को शाहजहांपुर-बरेली मार्ग पर फेंक दिया था। गुरुसेवक पर आठ से ज्यादा लूट, हत्या समेत अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपी पर डीआईजी रेंज बरेली ने भी 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।



### ब्रीफ न्यूज

### सिंगापुर पुलिस ने जुबिन मौत मामले में महत्वपूर्ण जानकारी मांगी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि सिंगापुर पुलिस ने गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है। शर्मा ने यहां एक समारोह से इतर पत्रकारों से कहा कि असम सरकार ने पहले ही आवश्यक जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है।

उन्होंने कहा, हमने परिवार से जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हालांकि स्पष्ट नहीं किया कि सिंगापुर ने गर्ग के परिवार से क्या जानकारी मांगी है।

### दिल्ली में मंदिर से 40 लाख रुपये मूल्य का सोने का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक जैन मंदिर के शिखर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का सोने की परत चढ़ा कलश कथित तौर पर चोरी हो गया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई और चोरी के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति को कथित तौर पर सोने की परत वाले कलश को चोरी करने के बाद मंदिर परिसर के एक खंभे से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि एक अन्य वीडियो में उसे अंधेरे में कलश ले जाते हुए दिखाया गया है।

## अफगानिस्तान ने 58 से ज्यादा पाकिस्तानी जवान मार गिराए

इस्लामाबाद/पेशावर, एजेंसी

सीमा पर रात भर हुई भीषण मुठभेड़ में अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिक को मार गिराया। वहीं, पाकिस्तान ने तालिबान तथा उससे संबद्ध 200 से अधिक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया।

सीमा पार से आक्रमण के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अफगान बलों द्वारा किए गए अकारण हमलों के जवाब में 19 अफगान सैन्य चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तानी ने एक बयान में कहा कि यह गंभीर उकसावा तालिबान के विदेश मंत्री के भारत दौरे के दौरान हुआ।

### बीएसएफ की वायु शाखा की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं भावना



**नई दिल्ली।** बीएसएफ की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर भावना मिली है। वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है। इंस्पेक्टर भावना चौधरी व चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए।

## बिहार में भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

- लोजपा (रामविलास) – 29, रालोमो – 06, हम – 06 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटों का एलान आधिकारिक रूप से रविवार शाम को कर दिया गया। राजग दलों के बीच हुए समझौते के तहत भाजपा 101, जनता दल (यूनाईटेड) जेडीयू- 101 लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) एलजेपी (आर) - 29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। यह जानकारी बिहार चुनाव के भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में दी। बिहार के उपमुख्ममंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने भी सीट बंटवारे की जानकारी एक्स पर दी थी।

धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। गौरतलब है कि बिहार सीट बंटवारे को लेकर राजग के सभी दलों के बीच पिछले कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थी। लेकिन रविवार शाम को राजग दलों में आपसी सहमति के बाद सीटों की सूची जारी कर दी गई। इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार शाम में राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। वहीं, लोजपा ने एक्स हैंडल लोजपा(आर) से सीट बंटवारे की आधिकारिक जानकारी देते हुए लिखा कि राजग है तैयार, जीतने को बिहार।

न्यूज ब्रीफ

## केशव मौर्य ने रूस में देखा बुद्ध मठ


बुद्ध मठ के अध्यक्ष से मिलते केशव मौर्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन दिनों रूस दौर पर गए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वहां काल्मिकिया गणराज्य के एलिस्ता शहर में निर्माणाधीन बुद्ध मठ में माता ग्रीन तारा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही, मंदिर एवं पार्क निर्माण की प्रगति और उससे जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। केशव मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ बुद्ध के अवशेषों को लेकर शनिवार को रूस पहुंचे थे। इस दौरान रविवार को अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी।

## निजीकरण मामले में अब योगी से गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजीकरण प्रकरण को लेकर अब विद्युत इंजीनियर्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में जाएंगे। इस क्रम में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेगा। खास उद्देश्य बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दो वितरण कंपनियों के निजीकरण के फैसले को रद्द करवाने का है। एआईपीईएफ ने मांग की है कि योगी आदित्यनाथ इस मसौदा विधेयक के प्रावधानों के मद्देनजर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव को रद्द करने का निर्देश दें। यह जानकारी एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने दी है।

## दानिश आजाद ने की मुंबई मैराथन की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने रविवार सुबह मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है, उस संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

## मतदाता सूची को दुरुस्त कराये जाने की मांग

**प्रतापगढ़।** बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में मतदाता सूची में त्रुटियों तथा सीओपी प्रक्रिया अविलंब निस्तारित किये जाने की माँग उठायी गई हैं। रविवार को बार कौंसिल मुख्यालय पर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव जने चेयरमैन को संबोधित इस आशय का मांगपत्र सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जनवरी तक चुनाव होने हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के तमाम अधिवक्ता निर्वाचक नामावली में त्रुटियों को लेकर परेशान हैं। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं के द्वारा सभी औपचारिका पूरी किये जाने के बावजूद सीओपी कार्ड जारी करने की विलंब प्रक्रिया चिंताजनक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कौंसिल के चुनाव में सदस्य पद पर लाभ के पद की भी समीक्षा करने की भी माँग उठाई है। इस मौके पर अधिवक्ता सुधाकर मिश्र, दिनेश सिंह, आनंद त्रिपाठी, विपिन शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# नए सिरे से संस्थाओं को दिए जाएंगे वृद्धाश्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई साल बाद समाज कल्याण विभाग टेंडर से करेगा चयन

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की तरफ से प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रम स्वैच्छिक संस्थाओं को नये सिरे से दिए जाएंगे। संस्थाओं का चयन टेंडर के माध्यम से होगा। नई संस्थाओं के आने से व्यवस्थाओं में बदलाव आएगा।

सभी जिलों में समाज कल्याण विभाग की तरफ से एक-एक वृद्धाश्रम संचालित हैं। वृद्धाश्रम की क्षमता 150 वृद्ध संवासी है। विभाग द्वारा प्रति वृद्ध संवासी 114 रुपये प्रति भोजन का दिया जाता है। इसके अलावा वर्ष में दो बार कपड़े, मनोरंजन, चिकित्सा आदि सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक संस्थाएं पीपीपी मोड पर नवीनीकरण कराकर करती आ रही हैं। लेकिन, कई साल से टेंडर नहीं हुए हैं। इससे अन्य संस्थाओं को मौका नहीं मिल सका। ऐसे में विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालन के लिए टेंडर डाले जाएंगे। टेंडर के माध्यम से संस्थाओं का चयन होगा। निदेशालय समाज कल्याण उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

# देश में यूपी बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल राज्य

## सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, पूंजीगत व्यय और निवेश में शीर्ष पर यूपी, राजस्व नियंत्रण पर रखा नियंत्रण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी 28 राज्यों में अव्वल आया है। प्रदेश ने न केवल राजस्व व्यय पर नियंत्रण रखा, बल्कि निवेश और पूंजीगत खर्च में नया इतिहास रचा है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास उन्मुख व्यय ने यूपी को देश का फाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेट बना दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,03,237 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय किया जो देश में सबसे अधिक है। यह राशि राज्य की शुद्ध लोक ऋण प्राप्तियों का 210.68% है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ने लिया गया ऋण केवल विकास और पूंजी निर्माण के कार्यों पर खर्च किया है। यह एक आदर्श वित्तीय स्थिति मानी जाती है।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, यानी राज्य राजस्व बचत की स्थिति में है। राज्य का स्वयं का राजस्व (कर एवं करेतर) राजस्व प्राप्तियों का 45% रहा, जबकि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों में यह 70-80% के बीच रहा। प्रदेश ने कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च किया, जो महाराष्ट्र (3.81%), गुजरात (3.64%) और बिहार (1.65%) से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 2013-14 से 2022-23 में केंद्रीय करों में सर्वाधिक राशि उत्तर प्रदेश को ही प्राप्त हुई है।

### वेतन-पेंशन-ब्याज में कम व्यय

उप्र. ने प्रतिबद्ध व्यय (वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान) पर कुल राजस्व व्यय का 42.57% खर्च किया, जो हरियाणा (55.27%) और तमिलनाडु (50.97%) से कम है। प्रदेश ने अपने कुल व्यय का 12.43% वेतन पर खर्च किया, जबकि 16 राज्यों ने 20% से अधिक खर्च किया। वहीं, पेंशन पर व्यय कुल व्यय का 12.15% रहा, जो कई राज्यों (जैसे हिमाचल प्रदेश 15%) से कम है। इसी तरह, ब्याज भुगतान कुल व्यय का 8.90% रहा, जबकि 10 राज्यों ने इस मद में 10% से अधिक खर्च किया। सब्सिडी पर व्यय मात्र 4.40% रहा, जबकि पंजाब ने अपने व्यय का 17% सब्सिडी पर व्यय किया।

### सहायता अनुदान में संतुलित व्यय

राज्य ने वृहद निर्माण कार्यों पर कुल व्यय का 11.89% खर्च किया, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सहायता अनुदान (सामान्य एवं वेतन) पर 22.85% व्यय किया, जो अन्य बड़े राज्यों जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कम है। इसी तरह, सहायता अनुदान (पूंजी सृजन) पर 2.27% व्यय किया, जबकि असम, झारखंड और त्रिपुरा में यह 5% से अधिक रहा।

### मानक के साथ न्यूनतम देयता वाला राज्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उप्र. ने एफआरबीएम एक्ट के सभी मानकों का पालन किया। राज्य की कुल देयता जीएसडीपी का 29.32% रही, जबकि कुल प्रत्याभूतियां मात्र 7.56% रहीं। यह सरकार के वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है।

# गोमती नदी में नहीं गिरेगा एक भी सीवर, बनेगी कार्ययोजना

## गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती का संकल्प दोहराते हुए रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें। हिदायत दी कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें।

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार सुबह टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी।

योगी ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर केएस नेगी, प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


अपने लखनऊ स्थित आवास पर गोमती की सफाई के संबंध में टेरीटोरियल आर्मी के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### 39 प्रमुख नालों में से 13 अभी तक ट्रैप नहीं

मुख्यमंत्री की बैठक में जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की क्षमता से चल रहे हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है।

### लखनऊ में मंडलायुक्त को समन्वय की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी लखनऊ में मंडलायुक्त को सौंपी गई।

# हर घर नल योजना में समयसीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का सख्त निर्देश, 15 दिसंबर तक विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में पहुंचे नल से जल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जल जीवन मिशन हर घर नल योजना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर 2025 तक हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए। उन्होंने योजना को राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए फेजवार डेडलाइन तय की। कहा कि थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य है। समयसीमा व गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जहां भी देरी या लापरवाही मिलेगी, वहां जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रमुख अभियंताओं को आदेश दिया कि हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट अपडेट करें, स्थलीय सत्यापन और फोटोग्राफिक सबूत अनिवार्य हों, ताकि हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने चेताया कि कागजी प्रगति नहीं चलेगी, फील्ड में नल से जल आना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और परियोजना लागत में वृद्धि करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

### एजेंसियों से पूछे सवाल

मुख्यमंत्री ने एनसीसी लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, मेघा इंजीनियरिंग, पीएनसी इन्फ्राटेक, पॉवर मैक, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स, आईसी इंफ्रा सहित प्रमुख एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने कार्य प्रगति, गुणवत्ता, भुगतान, ठेकेदारों की उपलब्धता, श्रमिकों की संख्या, पाइपलाइन बिछाने की गति, और परीक्षण प्रणाली की स्थिति की जानकारी ली।

## 50 हजार का इनामी लखनऊ से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोंडा के करनैलगंज में अपहरण, पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं का आरोपी लखनऊ के इंदिरानगर के सिद्धि इंटरप्राइजेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसटीएफ की टीम ने रविवार सुबह दबोचा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार दीक्षित के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी सूरज सीतापुर के तंबौर स्थित छतोंगुर गांव का रहने वाला है। आरोपी आरोपी गोंडा के करनैलगंज स्थित गद्दोपुर गांव से किशोरी को भगा ले गया था।

# घायल पूर्व प्रधान की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा वीरसिंहपुर निवासी 60 वर्षीय रामयश सरोज को उनके घर में 9 सितंबर की रात चाकू से हमला करके घायल कर दिया गया था। एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान 11 अक्तूबर को रामयश की मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

इधर घटना को लेकर मृतक की बहू बबिता पत्नी स्व. कर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. घेर्राऊ समेत दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या के प्रयास का मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा। नामजद आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक तथा कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शोक व्यक्त किया है।

# ससुरालीजनों ने लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, प्रतापगढ़

- विवाहिता पर आरोप पति समेत परिजनों की कराना चाहती है हत्या

**अमृत विचार :** जेठवारा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के प्रतिष्ठित व्यवसायी पूरे वैष्णव निवासी विनोद प्रताप सिंह ने अपने बेटे दीपक सिंह की शादी इसी वर्ष दो मार्च को प्रयागराज के फूलपुर थाना क्षेत्र के उगापुर बरिस्ता कला में की थी। हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार बड़ी धूमधाम से शादी के बाद ससुराल आई बहू मोबाइल से चोरी छिपे अपने प्रेमी से बात करती रही।

मोबाइल पर बात में व्यस्त पत्नी की इस हरकत से उसके पति दीपक को उसके चरित्र पर कुछ शक हुआ। वह फोन पर बातचीत का खुलासा करते हुए बताया कि मेरे प्रेम संबंध किसी और लड़के से है, अपने मां बाप से यह बाते बता चुकी हूं। उसने इस बात को अपने परिजनों से बताया तो वह हतप्रभ रह गए। दीपक के पिता विनोद ने सारी दास्ता फूलपुर क्षेत्र के बरिस्ता कला निवासी बहू के परिजनों मां को बताया। शादी के अगुवा समेत वह भाग कर लड़की के ससुराल आ पहुंचे। कई दिनों तक पंचायत चलती रही, बातचीत व इज्जत की दुहाई देने के बाद लड़के पक्ष की तरफ से उसके पिता विनोद सिंह पुरानी बाते भूल जाने की बात कह कर अपने बेटे दीपक को किसी तरह मना तो जरूर लिया लेकिन प्रेमी के प्यार में पागल उसकी पत्नी परिवार व अपनी लोकलाज को दर किनार कर प्रेमी से बिछुड़ने के लिए तैयार न हुई। वह उससे बराबर बातचीत के साथ अपने ससुरालीजनों से अकारण वाद विवाद व मारपीट पर उतारू हो जाना उसकी दिनचर्या बन गई। 24 सितंबर को वह अपने मौसा को बुला कर अपने मायके चली गई। जाते वक्त वह घर में लगी सीसीटीवी बंद कर अपने साथ अपना व अपनी सास के लाखों रूपये कीमती सोने चांदी के जेवर को लॉकर से निकाल कर उठा ले गई। सास का आरोप है कि अब वह फोन के साथ बेटे के मोबाइल, व्हाट्सएप पर फर्जी मुकदमे में फंसाने, तलाक देने व उसे जान से मरवाने का मैसेज भेज रही है। जानकारी होने पर डरी सहमी दीपक की मां ने प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्तर के अलावा डीजीपी, महिला आयोग व एसपी को पत्र भेज कर न्याय की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।



लखनऊ स्थित लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

## समाजवादी पार्टी ने पुण्यतिथि पर डॉ. लोहिया को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि रविवार को राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों में मनाई गयी। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डॉ. लोहिया के याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ. लोहिया पार्क में हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोमतीनगर लखनऊ स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिला अपराधों को लेकर अखिलेश ने भाजपा को घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला अपराधों को लेकर भाजपा को फिर घेरा है। सपा प्रमुख ने महिलाओं की सुरक्षा में कथित विफलता के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के आधार पर ने सत्तासीन दल पर सवाल भी दागे। लखनऊ में सपा प्रमुख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर महिलाएं असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी विफलता छिपाना चाहती है। प्रदेश में लगातार सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है।

कार्रवाई

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापे मारे, कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज किए तलब

# गुजरात की फर्म से प्रदेश में हो रही कोडिन कफ सिरप की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ताबतोड़ छापेमारी में लगाए गए 13 जिलों के औषधि निरीक्षक

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोडिन कफ सिरप की सप्लाई गुजरात की फर्म के जरिए हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 13 जिलों के औषधि निरीक्षकों की टीम बनाकर ताबतोड़ छापेमारी शुरू की है। शनिवार शाम से शुरू हुई कार्रवाई रविवार तक भी चलती रही। टीम ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापा मारा। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील किए गए।

अफसरों का कहना है गुजरात की फर्म के जरिये नॉरकोटिक्स की दवाएं व कफ सिरप कई जिलों में आपूर्ति की गई थी। मालूम हो कि इसके पहले टीम ने शनिवार को आलमबाग स्थित स्नेहनगर शिव शांति आश्रम के निकट दीपक मनवानी के घर से करीब तीन लाख रुपये कीमत की कफ सिरप बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध कृष्णानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि कोडिन कफ सिरप के अवैध काम में लिप्त फर्मों पर नकेल कसने के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म पर छापा पड़ा। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर छापा मारा। छापे की कार्यवाही के दौरान फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। फर्म जरिये भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप को एक ही फर्म को प्रदेश के अन्य जनपदों में विक्रय किया जाना पाया गया। टीम ने फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश ने बताया, इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं। जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो चलता है। गुजरात की फर्म के जरिये बड़ी तादाद में कोडिन युक्त सिरप तैयार करके राज्य के अन्य जिलों मे भेजा जा रहा था।


छापेमारी के दौरान जांच करते एफएसडीए के अफसर।

### लखनऊ-सीतापुर में सील किए मेडिकल स्टोर

अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का दावा है कि मेडिकल स्टोर के जरिये बड़ी तादाद में कफ सिरफ व नॉरकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की गई है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बॉटल कोडिन कफ सिरप ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था। जांच दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने महज एक हजार बोतल का विक्रय प्रस्तुत किया। टीम ने फर्म को सील करते हुए संबंधित थाने को सूचना भेज दिया है।

## विनय सोनी को मिली स्वर्णकार समाज के प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी

**गौरा, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदार मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कौशल सोनी ने रामापुर निवासी विनय कुमार सोनी को प्रदेश मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। जिससे क्षेत्र के स्वर्णकार समाज में खुशी की लहर है। उनके मनोनयन पर प्रदीप सोनी, विजय सोनी आजाद, राहुल सोनी, अश्वनी सोनी, मोनू सोनी, संदीप सोनी, अनिल सोनी, सूरज सोनी, पुष्पेंद्र विक्रम सिंह, व्यापार मंडल रामापुर अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित बाजार वासियों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

गन्ना उत्पादक औद्योगिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल परसेण्डी (सीतापुर)
पत्रांक– प्रोजेक्ट अलंकार /46/2025–26/
दिनांक 10/10/2025
अल्पकालिक निविदा / कोटेशन सूचना
प्रोजेक्ट अंलकार योजना के अन्तर्गत गन्ना उत्पादक औ0 हा0 से0 स्कूल पररोण्डी, सीतापुर में स्वीकृत तीन नये शिक्षण कक्षों का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण कार्य से सम्बन्धित ठेकेदार व सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक ठेकेदार / सामग्री विक्रेता अपना आवेदन दिनांक 25/10/2005 समय 2: 00 PM तक कार्यालय गन्ना उत्पादक औ0 हा0से0 स्कूल परसेण्डी, सीतापुर से सम्पर्क कर अपनी निविदायें/कोटेशन उपलब्ध कराये। प्राप्त निविदायें/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा/कोटेशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय के कार्यालय से सम्पर्क करे।
प्रबन्धक
गन्ना उत्पादक औद्योगिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल परसेण्डी (सीतापुर)

## देवा मेले में आज

**पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक**
● दंगल प्रतियोगिता। ● कबड्डी प्रतियोगिता। ● हॉकी प्रतियोगिता।
● बैडमिंटन टूर्नामेंट (सायं 5 :30 से 8 बजे रात्रि बजे तक) ● क्रिकेट प्रतियोगिता (सायं 7 बजे)

**पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5 बजे तक**
● प्रेक्षागृह में वाद विवाद, निबंध, एवं मेहंदी प्रतियोगिता।

**सायं 5 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक** ● गायन-प्रस्तुति-एमन जाबेद फ़ारुकी। ● गायन-प्रस्तुति-मानसी रघुवंशी। ● नृत्य-प्रस्तुति-म्यूजिक फायर ग्रुप।

**रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक** ● म्यूजिक कांफ्रेंस : जुबेर हाशमी, कुलदीप चौहान, राजन श्रीवास्तव कॉमेडियन, दिव्यांशी मौर्या एवं जमाल खान।

(देवा मेला से संबंधित खबरें पेज 8 पर)

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

## चार लोगों की हालत गंभीर, खाई में गिरी रोडवेज बस, बाल-बाल बचे यात्री

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


हादसे के बाद खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रविवार को अलग अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य हादसे में रोडवेज बस बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, हालांकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

टिकैतनगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम हादसा हुआ। बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम बिबियापुर निवासी रामसूरत अपनी बाइक पर रामचंद्र के साथ किसी काम से जा रहे थे। तभी टिकैतनगर थाना क्षेत्र में अगानपुर चौराहे पर बाइक बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में रामसूरत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल रामचंद्र को इलाज के लिए भेजा गया है। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार खरसतिया गांव निवासी रज्जब अली (60) रविवार की सुबह खेत देखकर घर लौट रहे थे। हाईवे पार करते समय अज्ञात बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। रज्जब अलीकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक वाहन समेत फरार हो गया। टक्कर के बाद रज्जब अली सड़क पर इस तरह गिरे कि उसी समय वहां से गुजर रहे बाइक सवार पप्पू (47), उनकी पुत्री ज्योति व पुत्र संदीप निवासी गोसूपुर उनसे टकराकर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर खरसतिया के पास एक रोडवेज बस बाइक को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खाई में जा गिरी। अमेठी से लखनऊ जा रही बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बच गए। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल पुलिस बल और एंबुलेंस दल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू हुआ।

घायल बाइक सवार की पहचान वेद प्रकाश मिश्र निवासी थाना जगदीशपुर अमेठी के रूप में हुई है, जो परिषदीय विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं।

### कैंसर पीड़ित कार समेत तालाब में कूदा

**फतेहपुर :** ग्राम हसनपुर टाण्डा में कैंसर पीडित युवक कार समेत तालाब में कूद गया। गांववासी जहूर खान (24) रविवार की सुबह अपनी कार से घर से निकला और गांव स्थित तालाब में कूद गया। ग्रामीणों ने तत्काल तालाब में कूदकर कार का शीशा तोडा, और युवक को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि युवक कैंसर से जूझ रहा है। युवक को उपचार के लिए एम्बुलेन्स से निजी चिकित्सक के यहां भेजा गया है।

## कपड़ा व्यापारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**बाराबंकी: अमृत विचार :** शहर में सोमवार को एक कपड़ा व्यापारी ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर कोतवाली नगर पुलिस मौजूद है।

लक्ष्मणपुरी कॉलोनी निवासी व्यापारी नीरज जैन मूल रूप से सरावगी मोहल्ले के रहने वाले थे और फिलहाल किराए के मकान में रह रहे थे। घटना के वक्त वह घर पर अकेले थे। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो नीरज खून से लथपथ पड़े मिले।

नीरज जैन कल्पना साड़ी सेंटर के मालिक पवन उर्फ डब्बू जैन के छोटे भाई थे। बताया जा रहा है कि नीरज आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# घरेलू कलह के बाद फंदे से लटके दंपति, हालत गंभीर

● पहले पति इसके बाद पत्नी ने किया खुदकुशी का प्रयास

**संवाददाता, बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रविवार सुबह पारिवारिक कलह के चलते पति पत्नी एक के बाद एक फांसी के फंदे से लटक गए। शोर सुनकर एकत्र ग्रामीणों ने दोनों को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों ककी ही हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद से बच्चे सदमे में हैं।

घटना असंद्रा थाना क्षेत्र के पूरे मकरंद मजरे सूरजपुर गांव की है। यहां के निवासी ननकऊ पुत्र लालाराम ने रविवार सुबह अपने घर के अंदर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारा और उपचार के लिए तुरंत अस्पताल ले गए। इसी बीच ननकऊ की पत्नी किरन ने भी खुदकुशी के इरादे से घर के अंदर फंदे से लटक गयी। परिजनों की चीख-पुकार मचने पर इकट्ठे हुए ग्रामीणों ने किसी तरह से उसे भी फांसी के फंदे से नीचे उतारा और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए।

दोनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां दोनों की हालत नाजुक बताई गई है। बताया जाता है कि गत शनिवार को दंपति के मध्य किसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते पहले पति ने और बाद में पत्नी ने जान देने का प्रयास किया। दंपति के दो बच्चे घटना के बाद से काफी सहमे हुए हैं।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है कि दंपति द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली है। इस संबंध में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेला परिसर की ड्रोन से हो रही निगरानी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा मेला में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ड्रोन से सतर्क निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था परखी जा रही है। मेला में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसी क्रम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। पुलिस की श्रद्धालुओं से अपील है कि वे पुलिस प्रशासन के सहयोगी बनें तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल निकटवर्ती पुलिस कर्मियों या डायल 112 पर दें।

### एंटी रोमियो टीम ने की चेकिंग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एण्टीरोमियो टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 5 के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा हेतु भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गयी।

### पुलिस ने वापस दिलाए खोए मोबाइल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मसौली पुलिस ने खोए हुए 3 मोबाइल फोन बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द कर दिया। आवेदक राजू निवासी सीतापुर, मो. शादाब निवासी लखनऊ व ज्योति राय निवासी करपिया मसौली द्वारा अपना मोबाइल फोन गुम हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी। थाना मसौली पुलिस द्वारा पोर्टल की मदद खोये हुए 3 मोबाइल फोन को बरामद कर स्वामियों के सुपुर्द कर दिया।

# कड़ी सुरक्षा में 13 केन्द्रों पर हुई पीसीएस प्री .परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रविवार को जिले में बनाए गए 13 परीक्षा केन्द्रों पर पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हालांकि कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों में 50 प्रतिशत से भी कम परीक्षा में शामिल हुए, बड़ी संख्या में युवाओं ने इससे किनारा कर लिया। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को केन्द्र के अंदर जाने दिया गया। सकुशल परीक्षा के लिए डीएम एसपी केन्द्रों का जायजा लेते रहे।

बताते चलें कि रविवार को पीसीएस परीक्षा के लिए जिले भर में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जो राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शहर, राजकीय इंटर कॉलेज जाटा बरौली, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामियां इंटर कॉलेज सत्यप्रेमी नगर, फतेहचंद जगदीशराय इंटर कॉलेज सफदरगंज, जमीलुर्रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज कंपनी बाग, राजकीय पालीटेक्नीक जहांगीराबाद, जीआईसी निंदूरा, नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज जैदपुर, यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर, नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर, रामनगर पीजी कॉलेज रामनगर, जवाहर लाल नेहरू परास्नातक महाविद्यालय हैं। इन केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा का आयोजन हुआ। इसके लिए कुल 5276 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, पर्याप्त पुलिस बल, पेयजल, फर्नीचर के इंतजाम किए गए। कड़ी सुरक्षा के बीच सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने का मौका मिला। कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 5276 में महज 2468 ने ही हाजिरी दर्ज कराई।

## विवाहिता को पीटा, बच्चे को जमीन पर फेंका

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई शादी दहेज विवाद में बदल गई। विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने पीटा और जान से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि उसके नवजात बच्चे को भी जमीन पर फेंक दिया गया। थाना पुलिस ने नहीं सुनी तो एसपी से शिकायत की गई।

कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम कस्बा मजरे चियारा की सुधा ने बताया कि उसकी शादी 23 नवम्बर 2023 को सामूहिक विवाह योजना के तहत ग्राम भवनियापुर थाना असन्द्रा निवासी रामराज से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति, ससुर, सास, जेठ, जेठानी और ननद उसे दहेज में सोने की चेन,बाइक और 60 हजार रुपये नकद लाने का दबाव देने लगे। 7 सितम्बर की सुबह फिर विवाद शुरू हो गया। पति और घरवालों ने उसे पीटा और पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी दी। सास और जेठानी ने तो बच्चे को भी फेंक दिया।

# पथ संचलन में 26 शाखाओं का दिखा समागम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को शहर में पथ संचलन का अद्भुत समागम दिखा। मुख्य मार्गों से होकर गुजरे पथ संचलन को देखने एवं पुष्पवर्षा करने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

पथ संचलन से पूर्व नगर की सभी 26 बस्तियों के स्वयंसेवक निर्धारित पांच स्थलों पर एकत्रित हुए जहां विजयादशमी उत्सव मनाया गया। पांच पथ संचलनों का नाका सतरिख पहुंचते ही एक में विलीन होने का दृश्य रोमांचित कर रहा था। बड़ेल में आयोजित कार्यक्रम में सह विभाग संघ चालक गंगा बक्स ने कहा कि संघ का ध्येय सनातन संस्कृति का पुनरुत्थान एवं राष्ट्र का पुनर्निर्माण है। कंचन पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक प्रमुख प्रतोष ने पंच परिवर्तन के प्रमुख आयाम के मायने समझाए। राम जानकी मंदिर में जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी का बोध जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। नागेश्वर नाथ में जिला संघ चालक डॉक्टर राम शंकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। गांधी नगर में डॉ. छत्रसाल सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता से भेदभाव मिटेगा। रविवार को रामनगर,निंदुरा,देवा और बंकी मंडल में भी विजयादशमी उत्सव संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला कार्यवाह सुधीर, सह जिला कार्यवाह पारितोष, विष्णु प्रताप, विभम, शुभम, अमितेश, यशपाल, अनमोल, अमर बहादुर, आशीष, प्रभात ,कपिल ,अविनाश ,संजय, अरुण, दिनकर, बलराम, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

**फतेहपुर :** संघ द्वारा आयोजित पथ संचलन के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि परिवार में संस्कारों का विकास हर नागरिक का कर्तव्य है। अध्यक्षता डा. विश्वनाथ गुप्ता ने की। इस अवसर पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ जगतराम कनौजिया आदि मौजूद थे।

## मामूली विवाद में तीन छात्राओं को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम देवखरया में शनिवार दोपहर स्कूल से घर लौट रही तीन छात्राओं के साथ गांव के ही एक युवक ने मारपीट की। जानकारी के अनुसार ग्राम धौसार निवासी उमेश चन्द्र वर्मा की पुत्री निधि वर्मा अपनी सहेलियों अर्पिता पुत्री मनोज कुमार एवं अक्षरती पुत्री अम्बरीश के साथ स्कूल से पढ़कर घर लौट रही थी। इसी दौरान ग्राम देवखरिया में राम सजीवन वर्मा पुत्र महाराज बक्श ने आंवला तोड़ने की बात को लेकर तीनों बच्चियों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और उन्हें धमकी दी।

## सोते समय महिला से की अश्लील हरकत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में छत पर सो रही महिला के साथ पड़ोसी युवक ने रात के समय अश्लील हरकतें की। एक गांव की रहने वाली पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार घटना 29 अगस्त की रात लगभग एक बजे की है, जब वह अपने पति और बच्चे के साथ घर की छत पर सो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी सूरज उर्फ अमित छत पर आ गया और अश्लील हरकत की। जागने पर जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित। ● अमृत विचार

### क्षेत्र का विकास प्राथमिकता: गौरीकांत दीक्षित

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के अमोली कला गांव में भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित द्वारा आयोजित जनसंवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय प्रचारक महंत अर्चना गिरी रहीं, जबकि अध्यक्षता महंत इतवारी गिरी महाराज ने की। अपने संबोधन में गौरीकांत दीक्षित ने कहा कि उनका लक्ष्य समाज की सेवा और क्षेत्र का विकास है। उन्होंने कहा कि मैं लक्ष्य लेकर चला हूं, यह एक दिन में नहीं, पर एक दिन जरूर पूरा होगा। मुझे कोई व्यक्तिगत चाह नहीं, केवल क्षेत्र के लिए काम करना चाहता हूं। अगर सेवा का अवसर मिला तो कोई भी युवक बेरोजगार नहीं रहेगा। क्षे मुख्य अतिथि महंत अर्चना गिरी ने कहा कि समाज के अच्छे लोगों का सम्मान और उनके साथ विचार-विमर्श करना एक बड़ा कार्य है।

# कवियों ने रचनाओं से लूटी वाहवाही

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी**


कवि सम्मेलन का शुभारंभ करते पूर्व भाजपा सांसद और भाजपा जिला अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** देवा महोत्सव के ऑडिटोरियम में रविवार की शाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। अलवर, राजस्थान से आए कवि विनीत चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कविता सुनाई और बेटियों की वीरता का संदेश दिया। मशहूर व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने रिश्तों की जटिलताओं पर हास्यपूर्ण व्यंग्य पेश किया और कहा, "सारी दुनिया खुश करने को बस अपना परिवार काफी है।नोएडा की कृति चौबे ने अंधेरों और रोशनी के माध्यम से जीवन की चुनौतियों और आशा का संदेश दिया। सिहोरा, जबलपुर की मणिका दुबे ने शहर के शोर और वीरानियों के बीच अकेलेपन की भावपूर्ण कविताएँ सुनाई गजेन्द्र प्रियांशु ने कविता पढ़ीः "फूलों के दिन सुलो के दिन, गुड़हल और बबूलो के दिन आते जाते रहते हैं"। वहीं, बिहार से आए कवि शंभू शिखर ने व्यंग्यपूर्ण अंदाज में उत्तर प्रदेश की राजनीति पर कविता सुनाई। सम्मेलन का संचालन सर्वेश अस्थाना ने किया ।

## बाराबंकी डायरी


निरीक्षण करतीं एसडीएम और सीओ।

### एसडीएम और सीओ ने पटाखा दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी दीपावली व त्योहारों के मद्देनज़र उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह व रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने रविवार को फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम के साथ क्षेत्र की पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मरकामऊ और राजापुर सहित विभिन्न स्थानों पर पटाखा विक्रय स्थलों और निर्माण इकाइयों का जायजा लिया। इस दौरान दुकानदारों के लाइसेंस, भंडारण स्थल, अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। एसडीएम प्रीति सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध भंडारण या बिना लाइसेंस बिक्री करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि नाबालिगों को पटाखे न बेचें और सभी विस्फोटक नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।


कार्रवाई करते एसडीएम।

### पराली को लेकर सख्ती, किसानों पर जुर्माना, दो मशीनें सीज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में पराली जलाने पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। रविवार को विभिन्न तहसीलों में राजस्व और पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए कई किसानों पर जुर्माना लगाया तथा दो कम्पाइन मशीनों को सीज कर दिया। फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार तहसील क्षेत्र में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने ग्राम धरौली, गुडौली गंगौली व गुरसेल में की गई कार्रवाई के दौरान दो कम्पाइन मशीनें व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस अभिरक्षा में ले लीं। इन मशीनों से बिना एसएमएस (स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम) के धान की कटाई की जा रही थी। इसके अलावा पांच किसानों पर खेतों में पराली जलाने के आरोप में जुर्माना वसूला गया।


कथावाचक को सम्मानित करते श्रद्धालु।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन होता है शुद्धः स्वामी प्रणवपुरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी , अमृत विचार :** क्षेत्र के चौबीसी गांव में प्रधान हितेंद्र विजय सिंह गौरव के आवास पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर महामृत्युंजय मठ, उज्जैन के पीठाधीश्वर स्वामी श्री प्रणवपुरी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मन को शुद्ध करती है और विकारों को दूर कर सत्कर्मों की ओर प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा आनंद स्वरूप हैं, जो हमारे हृदय में निवास करते हैं, परंतु मनुष्य अज्ञानवश उन्हें बाहरी जगत में खोजता रहता है। उन्होंने बताया कि कथा जिस घर में होती है, वह घर स्वयं तीर्थ बन जाता है।


आडिटोरियम में लगे स्वदेशी मेले के स्टाल पर मौजूद लोग।

### स्वदेशी मेला 18 तक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वदेशी मेला का आयोजन 18 अक्टूबर तक जीआईसी ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। मेले में बाराबंकी के वस्त्र एवं हथकरघा उत्पाद, लखनऊ की चिकनकारी, अमेठी का मूंज क्राफ्ट समेत सॉफ्ट टॉयज, अगरबत्ती, मोमबत्ती, दियाली, फर्नीचर, शहद, खादी वस्त्र, आर्टिफिशियल ज्वैलरी आदि हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित हैं। दीपावली के अवसर पर गाय के गोबर से बनी लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं और दिए आकर्षण का केंद्र बने हैं।

**प्रतियोगिता** | चौधरी आसिफ अली मेमोरियल स्टेट प्राइज मनी क्रिकेट लीग

# शिवम के शतक से अवध स्काई स्पोर्ट्स जीता

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी :**


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को आयोजित 19वीं चौधरी आसिफ अली मेमोरियल स्टेट प्राइज मनी क्रिकेट लीग-2025 के छठे मैच में अवध स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। टॉस जीतकर अवध स्काई स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित ओवरों में 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शिवम यादव ने मात्र 87 गेंदों में 106 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज हर्षित सिंह ने शानदार 80 रन बनाए, जिनमें चार लंबे छक्के शामिल रहे। अंतिम ओवरों में अभिषेक तिवारी ने तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में 32 रन जोड़े, जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे। बहराइच की ओर से देवाशीष रॉय ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए, जबकि अमन पासवान और कृष्णा सिंह ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बहराइच टीम निर्धारित स्कोर तक पहुंचने में असफल रही और पूरी टीम 156 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए जयप्रकाश गुप्ता ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। अमन अली और शाद अहमद ने भी कुछ देर तक मोर्चा संभाला, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शिवम यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर बाराबंकी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. जावेद, आयोजक सचिव अंकुर माथुर, अध्यक्ष अख्तर अज़ीज़ खान, उपाध्यक्ष अफाक़ अली, तारिक जिलानी, राजेश अरोड़ा, जतिन वर्मा समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## मार्ग में कीचड़ से राहगीर परेशान

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** गांव के मुख्य मार्ग से सड़क को जाने वाले रास्ते पर जलभराव व कीचड़ से परेशान ग्राम वासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल व जिलाधिकारी से रास्ता सही कराने की मांग की है। सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सादुल्लापुर के इनायतपुर गांव में गांव का मुख्य रास्ता जो बांदा बहराइच मार्ग को जोड़ता है, उस रास्ते पर जल भराव होने से आवागमन बाधित है। जिसमें स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन गिरकर कीचड़ से सराबोर हो जाते हैं। ग्राम वासी हीरालाल, शुभम वर्मा, अनुपम, जगदंबा प्रसाद, जयसूर्य, देशराज, राजकुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ब्लॉक के अधिकारियों व ग्राम प्रधान रामचंद्र से की परंतु समाधान नहीं हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### नलकूप में सांप, चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां के नलकूप से जुड़े कुएं में दो सांप दिखे। जिसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया। बताते हैं कि मोनी सिंह के नलकूप का मोटर खराब हो गया था। इसे निकालने के लिए दो किसान कुएं में उतरे। जैसे ही उन्होंने मोटर खोला, दो सांप दिखे। इसी के बाद उसे बाहर निकालकर जंगल में छोड़ा गया। सर्पों को देखते ही दोनों किसान घबराकर तुरंत कुएं से बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर स्थानीय सर्प रेस्क्यू टीम के सदस्य बंगाली मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों सर्पों को सुरक्षित पकड़ा और बाद में उन्हें जंगल में छोड़ दिया।

### निपटा सास-बहू विवाद

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक योगिता नेगी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेरिया परसिया में सास बहू के मध्य चल रहे विवाद को लेकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराया। इस मौके पर महिलाओं के साथ आए बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक किया। इस मौके पर निरीक्षक साबिर अली, महिला आरक्षी पूजा सोलंकी, महिला आरक्षी पूजा आदि उपस्थित रहे।

### आशा बहू के चयन को निरस्त करने की मांग

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार :** विकास खंड सकरन क्षेत्र के लखनियापुर ग्रामपंचायत में आशा बहू के चयन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। आरोप है कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने बगैर खुली बैठक और प्रस्ताव अनुमोदन के अपने नजदीकी को चयनित कर लाभ पहुंचाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीपीएम और अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से अपात्र महिला का चयन किया गया। उन्होंने पूर्व चयन को निरस्त कर खुली बैठक में पात्र महिला के चयन की मांग उठाई।

### निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर चढ़ा ट्रक, पलटा

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** चौराहे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नजदीक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। देर तक मुख्य मार्ग पर जाम लगा रहा। चालक जसवीर सिंह के मुताबिक, वो हिमाचल प्रदेश से कोलकाता माल लेकर जा रहा था। उन्होंने बताया कि डीसीएम निर्माणाधीन ओवरब्रिज की बजरी पर अचानक चढ़कर पलट गई। बताया कि किसी प्रकार के रिफ्लेक्टर न होने से हादसा हो गया।

### डेढ़ लाख के अवैध पटाखे बरामद

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में नगर चौकी पर प्रभारी विजय शंकर पांडे व पुलिस टीम ने अवैध पटाखों के भंडारण की सूचना पर छापा मार कर लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य के पटाखों सहित ग्राम केसरीगंज निवासी अनवर अली पुत्र अजगर अली को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

### स्टेशन पर बुजुर्ग ने किया खुदकुशी का प्रयास

**सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली में लगभग 75 वर्षीय रामकृपाल ने बीमारी से तंग आकर रेलवे स्टेशन पर खुद को चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस और 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर जख्मी को सीएचसी पहुंचाया। उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुत्र रजनीश ने बताया कि पिता मानसिक रूप से परेशान थे।

# गणित और इतिहास के सवालों ने परीक्षार्थियों को उलझाया

**पीसीएस प्री. परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जनपद के 11 केंद्रों पर दो पालियों में कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई। परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले ही केंद्रों पर परीक्षार्थियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। गणित और इतिहास के सवालों ने परीक्षार्थियों को उलझा दिया। डीएम-एसपी दोनों ही पालियों में भ्रमणशील रहे।

11 परीक्षा केंद्रों पर शामिल 4608 अभ्यर्थियों के आने से पहले ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त थे। रविवार सुबह 9.30 बजे पहली पाली की परीक्षा आरंभ हुई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 4608 अभ्यर्थी शामिल होने थे, जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने परीक्षा भी छोड़ी। अभ्यर्थियों की तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने का मौका मिला। डीएम अभिषेक आनंद व एसपी अंकुर अग्रवाल लगातार भ्रमणशील रहे।

गणित और इतिहास के सवालों में अभ्यर्थियों अधिक समय बीतने की बात कही। लखीमपुर खीरी से आईं सीमा बताती हैं कि निगेटिव मार्किंग के कारण हर सवाल को समझ कर उत्तर लिखा। गणित के सवालों में समय अधिक लगा। बाराबंकी के रूपेश कहते हैं कि इतिहास और करंट अफेयर्स से जुड़े सवाल थोड़ा सा हटकर आए। आरती और विवेक कहते हैं कि हिंदी और अन्य विषयों से जुड़े सवालों का उत्तर देने में सरलता रही। उजागर लाल मार्ग, लालबाग चौराहा और बस स्टाप पर अभ्यर्थियों के पहुंचते ही जाम लग गया।


परीक्षार्थी के हाथ से कलावा हटाती शिक्षिका। ● अमृत विचार


एआई तकनीक से जांच करती टीम। ● अमृत विचार

### परीक्षार्थियों के कलावा और कड़े उतरवाए गए

जीआईसी परिसर में परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों में से कई कलेवा और कड़ा पहनकर आए थे। ऐसे में रोक–टोक के बीच सभी के हाथों से इन्हें उतरवाया गया। एआई तकनीक से चेहरे की पहचान की गयी। इसके बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### परीक्षा के दौरान गर्भवती की हालत बिगड़ी

बताते हैं कि लखनऊ से लखीमपुर खीरी निवासी ज्योति परीक्षा देने के लिए आई थीं। वह इस समय गभग्वती है। जीआईसी इंटर कॉलेज केंद्र पर परीक्षा के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। परीक्षा केंद्र पर मौजूद स्टाफ ने तत्काल एम्बुलेंस बुलवाकर उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया।

## दुर्घटना में सगे भाइयों की मौत

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** मिश्रिख थाना क्षेत्र के परसौली-किशनपुर रोड पर रविवार शाम सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। महोली कोतवाली क्षेत्र का दूलामऊ निवासी रामनरेश (50) और हरिनाम (46) पुत्र मैकू अपनी बहन के घर भूड़पुरवा गए थे। शाम को दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में परसौली और किशनपुर के बीच अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अरविंद सिंह और सीओ आलोक प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# रास्ते के विवाद में किसान की हत्या लोगों ने मार्ग में शव रख किया प्रदर्शन

**महोली कोतवाली क्षेत्र के बढ़इया गांव में हुई वारदात, छह पर केस, चार गिरफ्तार**

संवाददाता, नेरी, सीतापुर

**अमृत विचार :** महोली इलाके के बढ़इया गांव में पुराने रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि एक किसान की पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने युवक को घर के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमले किए। परिजनों और ग्रामीणों ने मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। एएसपी के आश्वासन के बाद स्थितियां सामान्य हो सकीं। पुलिस ने छह नामजद आरोपियों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव निवासी कौशल मिश्रा का गांव के ही शिवनाथ के परिवार से वर्ष 2021 से पुराने मार्ग को लेकर विवाद चला आ रहा है। कौशल मिश्रा के पुत्र आदित्य के मुताबिक, डाकिया सम्मन लेकर आया तो शिवनाथ पक्ष वीडियो बनाने लगा। विरोध करने पर कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि शिवनाथ, राकेश और प्रमोद कौशल मिश्रा को घर के भीतर बंद कर पीटने लगे। बाद में हमलावरों ने धारदार हथियार से कई वार किए। जब परिवार ने विरोध किया तो आरोपियों ने छत से ईंट-पत्थर फेंके। जानलेवा हमले में कौशल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए, ट्रामा सेंटर ले जाते समय किसान की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव लाया गया, तो परिजन बिफर गए। मार्ग पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। एएसपी आलोक सिंह के पहुंचने पर स्थितियां सामान्य हो सकीं। एएसपी ने बताया कि घटना को लेकर छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है, जिसमें से चार आरोपी गिरफ्तार कर लिये गए हैं।

**गांव में पुलिस बल तैनात :** गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चतुर्वेदी का कहना है कि गांव में पुलिस बल तैनात है।


मार्ग में शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन और ग्रामीण। ● अमृत विचार

## बाइक एजेंसी में लगी आग, लाखों की क्षति

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर सीमा से सटे रामकोट थाना क्षेत्र में बाइक एजेंसी में अचानक आग लग गई। उठती लपटों के बीच सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एजेंसी में खड़ी कई मोटरसाइकिलें, इन्वर्टर, वाटर कूलर और अन्य विद्युत उपकरण जलकर खाक हो गए। एजेंसी संचालक ने बताया कि आग का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हादसे में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश पटेल ने बताया कि आग के कारणों और क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

## संदिग्ध दशा में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**सीतापुर, अमृत विचारः** एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे से लटकता मिला। मायके पक्ष ने ससुराल पर पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने पीड़ित परिजनों के बयान दर्ज करते हुए पति समेत नामजद सात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया। घटना पिसावां थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव की है।


सरस्वती फाइल फोटो

नौगंवा मुसब्बरपुर गांव निवासी शिवसागर की पुत्री सरस्वती का विवाह पांच माह पूर्व सैदापुर गांव निवासी मुनेश्वर के संग हुआ था। पीड़ित पिता शिवसागर ने बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद तक तो सब ठीक-ठाक रहा। उसके बाद ससुराल पक्ष के लोग बाइक और सोने की चेन की मांग करने लगे। गरीबी का हवाला दिया तो बेटी को यातनाएं दीं। करवा चौथ के दिन बेटी को घर बुलाकर उससे मारपीट की और पीटकर हत्या कर दी गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पति समेत सात लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं।

## ट्रक पलटने से खलासी की मौत, चालक फरार

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पुरैनी पुल के पास शनिवार रात चीनी की बोरियों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में ट्रक के खलासी बिहार के रोहताशपुर थाना क्षेत्र के दुंबा गांव निवासी मनू उर्फ दीपक (22) की मौत हो गई, जबकि चालक फरार हो गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल खलासी को पलटे ट्रक से बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। उपनिरीक्षक महेश प्रसाद गंगवार ने बताया कि फरार चालक की तलाश जारी है और हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव थाना क्षेत्र में झरेखापुर हाल्ट के पास एक युवक ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा सीतापुर की ओर जा रही ट्रेन से हुआ। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। रेलवे ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने कहा कि शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार : सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया गया। एएसपी दुर्गेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुधीर निवासी ग्राम गोडवा और बल्लू निवासी ग्राम मधवापुर थाना रामकोट के रूप में हुई। इन्हें रामपुर नयागांव तिराह के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो बाइक, तमंचे और अन्य सामान बरामद हुआ। पता चला कि आरोपियों ने बाइक खीरी और लखनऊ के इंदिरानगर से चुराई थीं।

## नैमिष धाम मेडिकल स्टोर व हॉस्पिटल सीज



कार्रवाई के दौरान हॉस्पिटल के बाहर मौजूद पुलिस व पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिश्रिख, सीतापुर

**अमृत विचार :** मिश्रिख क्षेत्र में औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नैमिष धाम मेडिकल स्टोर व हॉस्पिटल को सीज कर दिया। मिश्रिख-नैमिष मार्ग पर ग्राम अटवा स्थित यह निजी नर्सिंग होम बिना आवश्यक अभिलेखों के संचालित किया जा रहा था।

बताते हैं कि लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में हुई एक जांच के दौरान कुछ दवाइयों की सप्लाई नैमिष धाम मेडिकल स्टोर के नाम से होती पाई गई थी।

इसी आधार पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद और इंस्पेक्टर पंकज तिवारी की मौजूदगी में अस्पताल और मेडिकल स्टोर को सीज करने की कार्रवाई की गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि दस्तावेजों की अनुपस्थिति में प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है।

## फर्जी फूड इंस्पेक्टर बन वसूली का प्रयास

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के लाल कमल ढाबा संचालक ने एक व्यक्ति पर फूड इंस्पेक्टर बनकर वसूली किये जाने का आरोप लगाया है। सीसीटीवी फुटेज के सहारे पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

लाल कमल ढाबा के संचालक महेश कुमार गुप्ता के मुताबिक, उनकी दुकान पर एक व्यक्ति फूड इंस्पेक्टर बनकर आया। आरोप है कि उसने मिठाई आदि खाद्य सामग्री के नाम पर पैसे की मांग की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने पैसा न देने पर ढाबा बंद कराने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं शराफत अली मिष्ठान्न भंडार, हरीश जायसवाल मिष्ठान्न भंडार सहित कुछ अन्य दुकानदारों से भी उक्त व्यक्ति ने पैसे की मांग की।

इस संबंध में पूछे जाने कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से मिले शिकायती पत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## सीतापुर डायरी


चौपाल में महिलाओं को जानकारी देती मिशन शक्ति की टीम।

### पुलिस पाठशाला में महिलाओं को किया गया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन में गांवों में महिला पाठशाला का आयोजन किया गया। थाना सदरपुर नंदईपुरवा, थाना खैराबाद ग्राम मीनापुर व ग्राम बद्रीपुर, थाना संदना ग्राम भेलावा, थाना सिधौली बस स्टैंड, थाना इमलिया सुल्तानपुर के गंगापुर, थाना नैमिषारण्य के ग्राम कनवाखेड़ा, थाना महमूदाबाद के राधा कृष्ण मंदिर कस्बा पैंतेपुर व गांधी पड़ाव महमूदाबाद, थाना सकरन के ग्राम नकेला, थाना कोतवाली देहात के टेडवा चिलौला, थाना रामपुर मथुरा के ग्राम तुलसीपुर बंजर, थाना मछरेहटा के धरहटी, थाना थानगांव ग्राम सीपतपुर, थाना रामपुर कलां के ग्राम पंचायत रेवा ग्राम महिला चौपालों में उपस्थित महिलाओं जागरूक किया गया।


केसरीगंज चौराहे पर डग्गामार वाहनों के कारण लगा जाम।

### केसरीगंज में जाम से लोग परेशान

**लहरपुर, अमृत विचार :** नगर से सटे केसरीगंज बाजार में लगातार जाम की समस्या ने राहगीरों और दुकानदारों को परेशान कर रखा है। रविवार को नगर का जाम यातायात पुलिस को आईना दिखाता नजर आया। भारी वाहनों के निकलने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध रहा, वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने स्वयं प्रयास कर वाहनों को रोककर मार्ग खुलवाया, जिससे अस्थायी राहत मिली। आम और खास दोनों जाम की झाम में जूझते नजर आए। हरगांव, भदफर व लखीमपुर जाने वाले वाहन केवल केशरी गंज बाजार होकर ही गुजरते हैं। बाजार में सड़क संकरी होने के कारण जाम आम बात हो गई है। यातायात अव्यवस्था के चलते वर्षों से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।


मरीज की जांच करते चिकित्सक।

### आरोग्य मेले में 374 मरीजों की जांच

**सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 374 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ये मेले हर रविवार को विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए जाते हैं। रविवार को क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इन मेलों का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉ. अख्तर हुसैन ने 78 मरीजों की जांच की, जबकि अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 76 मरीजों को देखा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉ. आदित्य ने 80 मरीजों और ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 73 मरीजों का परीक्षण किया।



बैठक के दौरान उपस्थित शहर अध्यक्ष तथा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### मंडल कमेटियों का विस्तार करेगी कांग्रेस

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई की अध्यक्षता में बैठक हुई। शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि आगामी दिनों में हम मंडल कमेटियों के विस्तार का कार्यक्रम चलाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, शहर उपाध्यक्ष उपदेश गुप्ता, रिजवान खान, मीना मिश्रा, संजय दीक्षित, संजय कुमार, सनी अहमद आदि उपस्थित रहे।

**लापरवाही** | कटान पीड़ित परिवार बांध या दूसरों की जमीन पर गुजार रहे खानाबदोश की जिंदगी

# पट्टों की आस में कटान पीड़ितों को मिला खुला आसमान

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार :** बाढ़ और कटान प्रभावित ब्लॉक रामपुर मथुरा क्षेत्र में घाघरा नदी की लहरों में बड़ी संख्या में समाहित हुए घरों के परिवार आज भी आवासीय पट्टे की बाट जोह रहे हैं। अपने आशियाने गवां चुके कटान पीड़ित पट्टों का आवंटन न होने के कारण बांध या दूसरों की जमीन पर झोपड़ी डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। इनका कहना है कि तहसील प्रशासन ने पट्टे देने का आश्वासन दिया था, मगर नतीजा सिफर रहा। इसके अलावा घाघरा नदी की कटान के भेंट चढ़े विद्यालय के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित है।

रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा के करीब पांच गांव इस वर्ष घाघरा नदी की कटान के भेंट चढ़े। रामरूपपुरवा, कुन्नापुरवा, लोधनपुरवा, सुंदरपुरवा, भूषणपुरवा, महाजनपुरवा सहित कई अन्य गांवों के सैकड़ों परिवार अब दूसरों की जमीन या बांध किनारे झोपड़ी डालकर गुजारा करने को मजबूर हैं। कटान पीड़ितों का दावा है कि कटान के समय प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत आवासीय पट्टे देने का भरोसा दिलाया था, लेकिन अब तक किसी भी परिवार को पट्टा नहीं मिला। तहसील प्रशासन की टीम द्वारा कई बार सर्वे किए गए, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई। विक्रम, अवधराज, बदलू मयंकर, स्वामीदयाल, प्रमोद कुमार, रामरूप, देशराज, बेनीराम, मस्तराम, दयाराम, मौजीलाल, सुग्रीव, मयाराम, रामतेज, भगौती, श्रीराम, रामप्रकाश और रामरंग आदि ग्रामीणों ने बताया कि तहसील के चक्कर लगाने के बावजूद महज आश्वासन की घुट्टी मिली।

देशराज, मोहित, हरिशंकर, उदयराज, त्रिलोकी आदि का दावा है कि कटान से प्रभावित इलाके में सरकारी भूमि सैकड़ों बीघा उपलब्ध है, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा नदी में समाहित हुए विद्यालय के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। ग्रामीण खानाबदोश की जिंदगी जी रहे हैं।


फूस की झोपड़ी में रहने को विविश हैं कटान पीड़ित। ● अमृत विचार

### जल्द मिलेंगे पट्टे

प्रभावित परिवारों को जल्द ही आवासीय पट्टे जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान न हो इसके लिए अस्थायी स्कूल और कक्षाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन प्रभावित परिवारों को राहत और स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। लापरवाही बरतने वाले लोगों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

–नीतीश सिंह, अपर जिलाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### सो रही बुजुर्ग महिला पर गिरी छत, घायल

**राही (रायबरेली) :** रविवार की सुबह भदोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे झमई मजरे कनौली गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। 63 वर्षीय रामकुमारी पत्नी स्व. छोटेलाल घर के बरामदे में सो रही थीं, तभी अचानक बरामदे की छत गिर पड़ी, जिसके मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बोध कुमार ने बताया कि घटना की सूचना हल्का लेखपाल अमित सिंह को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, ऐसे में उन्हें हरसंभव सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज, जांच जारी

**रायबरेली :** डीह थाना क्षेत्र के ग्राम संजय नगर मजरे फागूपुर निवासी संदीप ने आरोप लगाया है कि दुकान पर सामान लाने जाते समय उसे माता प्रसाद ने अपने बेटे करन के साथ मिलकर लोहे की रॉड से मारा पीटा है। थानाध्यक्ष ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मुड़ियाहीह आश्रम में दंगल आज

**बछरावा (रायबरेली) :** क्षेत्र के पठान गांव मजरे कंन्नावा ग्रामसभा में स्थित प्रसिद्ध मुडियाडीह आश्रम में 13 अक्टूबर को 26 वां दंगल एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुडियाडीह आश्रम के पीठाधीश्वर एवं कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण यादव ने दी। उन्होंने सभी जनपद वासियों, क्षेत्र वासियों एवं आस-पास के क्षेत्रों के दंगल प्रेमियों से दंगल में पहुंचने के लिए कहा है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**नसीराबाद (रायबरेली) :** नसीराबाद थाना क्षेत्र के निवासी ग्राम दीनापुर रहीमगंज कल्लू पुत्र मंगल साइकिल से नसीराबाद जा रहा था। रास्ते में सोमवंशी गांव के समीप बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने घायल को निजी साधन की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मृतक वृद्ध महिला की हुई शिनाख्त

**डलमऊ, (रायबरेली) :** शनिवार को गंगा तट डलमऊ के संकट मोचन घाट पर अज्ञात 70 वर्षीय वृद्ध महिला की गंगा नदी मैं डूबकर हुई मृत्यु के बाद रविवार को उसकी पहचान शिवरानी (70) पत्नी गंगा प्रसाद निवासिनी मनाई गोंडवारा थाना भदोखर के रूप में की गई। चौकी प्रभारी डलमऊ विनय कुमार पाठक ने बताया कि कोतवाली पहुंचे मृतका के परिजन द्वारा शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

### पूर्व विधायक को दी श्रंद्धाजलि

**रायबरेली :** पूर्व विधायक गजाधर सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर डीह ब्लॉक के आशापुर गांव आएंगे। वह सोमवार को गांव में आयोजित कार्यकम में शामिल होकर पूर्व विधायक को श्रंद्धाजलि अर्पित करेंगे।

## क्वार्टर फाइनल मैच में रेल कोच और स्पोर्टिंग क्लब हरदोई विजयी

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कस्बे के बैसवारा इंटर कॉलेज खेल मैदान में रविवार को नेताजी मुलायम सिंह यादव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। रोमांच और जोश से भरे मुकाबलों में एमसीएफ लालगंज और स्पोर्टिंग क्लब हरदोई की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पहला मुकाबला एमसीएफ लालगंज और डीएफए रायबरेली के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल व डॉ. कुमार विमल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी, जिसके बाद मैच का फैसला टाई ब्रेकर से हुआ। टाई ब्रेकर में एमसीएफ लालगंज की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर ली। दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्पोर्टिंग क्लब हरदोई और डेस्ट्रो क्लब जौनपुर की टीमें आमने-सामने हुईं। पहले हाफ में दोनों टीमों ने बेहतरीन डिफेंस दिखाया और कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे हाफ में हरदोई की टीम ने पेनल्टी शूट के जरिए निर्णायक गोल दागा और 1-0 से मुकाबला जीत लिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान लालजी यादव, आशीष यादव, दिलीप फौजी, अरविंद यादव, आकाश यादव, शिवेंद्र यादव समेत सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## जनपद के 22 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल पीसीएस प्री. परीक्षा सम्पन्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उप्र लोक सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि जनपद में परीक्षा देने हेतु कुल पंजीकृत 9216 अभ्यर्थी के सापेक्ष प्रथम पाली में 4611 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 4605 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली 4578 अभ्यर्थी उपस्थित व 4638 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम पाली में परीक्षा दी गई थी, उन्हीं अभ्यर्थियों को द्वितीय पाली की परीक्षा देनी थी। अपर



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी व एएसपी। अमृत विचार

- 9216 अभ्यर्थी के सापेक्ष 4605 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

जिलाधिकारी ने आयोजित परीक्षा के दौरान बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**यूपीएससी परीक्षा का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण, महराजगंज, रायबरेली:** कस्बे में स्थित राजा



राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार। अमृत विचार

चन्द्र चूड़ सिंह विधापीठ इंटर कॉलेज में आज पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का उप जिलाधिकारी गौतम सिंह और क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता से परीक्षा का आयोजन निर्बाध रूप से जारी है, जिससे परीक्षार्थियों में भी काफी संतोष देखा गया।

# हाइट गेज से टकराई पिकअप, पल्लेदार की मौत

▶ बछरावां थाने के पखनपुर गांव के पास हादसा, पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू की

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बछरावां थाने के पखनपुर गांव में व्यापारी के साथ धान तौलाकर लौट रहा पिकअप सवार पल्लेदार रास्ते में लगे हाइट गेज से टकरा गया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना में शामिल पिकअप व चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

सलेथू निवासी राजन गल्ला खरीदने बेचने का व्यापार करते हैं। गांव का ही शमसुद्दीन उसके साथ करीब पांच सालों से पल्लेदारी करता है। रविवार सुबह राजन अपनी पिकअप से गांव के ही शमसुद्दीन व धीरज को लेकर पखनपुर गांव के एक किसान के घर से धान खरीद कर पिकअप में लादकर वापस चल पड़ा। पिकअप में पल्लेदार धीरज पासवान चालक के बगल वाली सीट पर व शमसुद्दीन पिकअप पर लदे बोरों के ऊपर बैठ गया। हरदोई गांव के पास सड़क पर भारी वाहनों




को रोकने के लिए लगे हाइट गेज से शमसुद्दीन टकरा गया। घटना की जानकारी चालक व उसके साथ बैठे दूसरे पल्लेदार धीरज को उस समय हुई जब असनी चौराहे पर चाय पीने के लिए पिकअप रोकी। पिकअप से नीचे उतरकर चालक राजन ने देखा तो पल्लेदार शमसुद्दीन बोरों के ऊपर मरणासन्न पड़ा था। शमसुद्दीन को खून से लथपथ देख एम्बुलेंस को फोन किया। जबकि एम्बुलेंस पहुंचने के पहले ही शमसुद्दीन की मौत हो गई।

वहीं कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिकअप समेत चालक को हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

**बाइक से गिरकर बुजुर्ग दंपति घायल, ऊंचाहार, रायबरेली।** रोहनियां ब्लाक के सरेनी ग्राम प्रधान पवन तिवारी के पिता दुर्गा प्रसाद (60) पत्नी शांति देवी (58) के साथ रविवार को अरखा गांव में रिश्तेदारी गये हुए थे। वापस लौटते समय पाइप लाइन के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई जिससे दम्पत्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दंपत्ति सीएचसी आये थे, जिसमें दुर्गा प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### चलते ट्रेलर में लगी आग, कूदकर ड्राइवर ने बचाई जान

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर डिडौली गांव के पास एक चलते हुए ट्रेलर के केबिन में अचानक आग लग गई। इस घटना से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान यातायात भी बाधित रहा। जिस समय यह घटना हुई उस समय यह ट्रक प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेलर के केबिन में आग लगने से ड्राइवर ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही यह ट्रेलर जलकर नष्ट हो गया। फिलहाल मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। इस ट्रेलर में अचानक आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।



लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर ट्रेलर में लगी आग।

### स्कार्पियो पलटने से नायब तहसीलदार व चालक घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** देर रात ओवर टेक करते समय प्रयागराज के नायब तहसीलदार की स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में नायब तहसीलदार और उनके ड्राइवर घायल हो गए। नायब तहसीलदार को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर किया गया है। घटना क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर पट्टी रहस कैथवल गांव स्थित बाईपास की है। यहां प्रयागराज में बारा तहसील के नायब तहसीलदार रमेश चंद्र यादव निजी स्कार्पियो से लखनऊ जा रहे थे। पट्टी रहस कैथवल के पास ओवरटेक करते समय अचानक अनियंत्रित होकर स्कार्पियो पलट गई। घटना में नायब तहसीलदार व चालक ज्ञानचन्द्र साहू घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको प्रयागराज के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार राय ने बताया कि नायब तहसीलदार को इलाज के बाद प्रयागराज भेज दिया गया है।

## ऊंचाहार कांड से गांवों में दहशत, रात में निकलने से कतरा रहे हैं लोग

ऊंचाहार (रायबरेली)

- पुलिस लोगों में विश्वास भरने की कोशिश कर रही

**अमृत विचार।** बीती एक अक्टूबर की रात क्षेत्र के ईश्वरदासपुर रेलवे हाल्ट के पास पीट-पीट कर की गई विक्षिप्त हरिओम की हत्या का मामला बाहरी तौर पर धीरे-धीरे भले ही ठंडा हो रहा है किंतु ऊंचाहार के गांवों में घटना को लेकर आज भी दहशत और आक्रोश बरकरार है। हालात यह हैं कि रात में लोग घर से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं।

ज्ञात हो कि बीती एक अक्टूबर की रात क्षेत्र के जमुनापुर चौराहा के पास से ग्रामीणों ने एक विक्षिप्त को संदिग्ध रूप में पकड़ा और उसकी पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो उसकी पहचान फतेहपुर जनपद निवासी हरिओम वाल्मीक के रूप में हुई थी। दरअसल घटना के समय रात में ड्रोन उड़ने और चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीण परेशान थे और विक्षिप्त की हत्या चोर समझकर की थी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोग भयभीत थे। मामले ने राजनैतिक रंग लिया, जिसके बाद इसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी। अब मामला धीरे-धीरे सतही तौर पर शांत होता नजर आ रहा है किंतु ऊंचाहार के गांवों में इसकी दहशत आज भी बरकरार है। हालात यह है कि रात के समय लोग अपने ही गांव में नहीं निकल रहे हैं, उन्हें लगता है कि कहीं चोर समझकर उनके साथ कोई अनहोनी न हो जाए। इस समय गांवों में मेले का दौर चल रहा है, जहां रात में नौटंकी आदि के मनोरंजन वाले कार्यक्रम होते हैं, किंतु इसमें बहुत कम लोग शामिल हो रहे हैं, जहां हजारों की भीड़ जुटती थी, अब वहां सैकड़ों की संख्या में ही लोग एकत्र हो रहे हैं। गांवों से इसकी दहशत खत्म नहीं हो रही है। हालांकि पुलिस लोगों में विश्वास भरने की कोशिश कर रही है।

इस संबंध में कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए लगातार गस्त जारी है। ग्रामीणों को यह समझाया जा रहा है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## हत्या के आरोप में पिता-पुत्र सहित दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, खीरों (रायबरेली)

- लालाखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी महिला की मौत का मामला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव लालाखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान शुक्रवार की रात में जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतका के भाई ने बहन के पति, ससुर और जेठानी सहित तीन लोगों पर बहन को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतका के भाई के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना के तीसरे दिन रविवार को पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र सरेनी के गांव पूरे कुमेदान मजरे सरेनी निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व. रामेश्वर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही बहनोई रोहित कुमार, मृतका का ससुर श्रीकेशन, जेठानी राजकुमारी दो लाख रुपयों की मांग को लेकर उसकी बहन को गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार की दोपहर को बहन रीता लोधी की बहनोई रोहित लोधी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उसके बाद रोहित लोधी सेमरी चौराहा की बाजार चला गया। शाम को रोहित घर पहुंचा तो उसे बहनोई रोहित द्वारा सूचना दी गई कि रीता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। जब वह शुक्रवार को देर रात जिला अस्पताल पहुंचा तो उसकी बहन रीता लोधी मृत अवस्था में मिली। सुनील कुमार का आरोप था कि उसकी बहन रीता लोधी को उसके पति रोहित कुमार, ससुर श्रीकेशन और जेठानी राजकुमारी ने जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी है। घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मृतका के पति रोहित कुमार और ससुर श्री केशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया मृतका के पति रोहित कुमार और ससुर श्री केशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीसरी आरोपी की तलाश जारी है।

## पति ने खौलता तेल डालकर पत्नी को जलाया

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत हनुमंत नगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को खोलते हुए तेल से जला दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पड़ोसियों के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। घायल आरती सोनी पत्नी संदीप पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उसका आरोप है कि उसके पति संदीप ने देवर कुलदीप पुत्र महावीर, सास कमलेशा पत्नी महावीर, ससुर महावीर पुत्र अज्ञात के कहने पर उसके ऊपर खौलता हुआ गरम तेल डालकर उसे जला दिया। ससुरालीजनों पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल व इलाज अस्पताल में कराया गया।

इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मिशन शक्ति से 'नारी शक्ति' में भरा जा रहा आत्मबल

मिशन शक्ति अभियान

- महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर किया जा रहा जागरूक

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति से 'नारी शक्ति' में आत्मबल भरा जा रहा है। महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए गांव स्तर पर चौपाल लगाने के साथ ही स्कूलों के माध्यम से भी विभिन्न गतिविधियां कराई जा रहीं हैं।

जिले में बीते 21 अक्टूबर को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मिशन शक्ति के पांचवे चरण का शुभारंभ किया था। जिले में बीते 20 दिन से भी अधिक समय से सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा भ्रमण कर और महिला जन चौपाल के माध्यम महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर बताकर जागरूक किया जा रहा। एंटी रोमियो टीम द्वारा भी बालिकाओं से संवाद स्थापित किया जा रहा। स्कूलों में भी विभिन्न गतिविधियां कराकर बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों को जानकारी दी जा रही है।

**ये हैं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:** महिला हेल्प लाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन - 102, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम हेल्प लाइन - 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व फायर हेल्प लाइन 101 आदि नंबर हैं। जिस पर आपात स्थिति में मदद के लिए कोई भी संपर्क कर सकता है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस परेशान व्यक्ति के पास तत्काल मदद के लिए पहुंचती है।




डीह में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### इस तरह किया जा रहा जागरूक

- गुड टच, बैड टच के बारे में बताना
- नशामुक्ति हेतु जागरूकता लाना
- साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना
- घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक करना
- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना
- विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देना।

वहीं एएसपी, रायबरेली संजीव सिन्हा का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण में महिलाओं को चौपाल तथा बालिकाओं को स्कूल, कॉलेज, गांव, बाज़ार आदि स्थानों पर जागरूक किया जा रहा है। इसका सकारात्मक नतीजा भी सामने आ रहा है। मिशन शक्ति केंद्र भी मातृशक्ति को सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन के लिए बल प्रदान कर रही है।



संजीव सिन्हा।

**आयोजन**

पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षण प्रमुख अखिलेश बोले

# स्वयंसेवक हिंदू एकता को जागृत करने के लिए करेंगे संपर्क

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य सत्य निष्ठा, अनुशासन और भारत माता की जय-जयकार के लक्ष्य पर चल रहा है। उक्त वक्तव्य लालगंज के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल से निकले पथ संचलन कार्यक्रम के समापन पर आरएसएस के क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख अखिलेश ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवक हिंदू एकता और राष्ट्र प्रेम के भाव को जागृत करने के लिए घर-घर संपर्क करेंगे। उन्होंने आरएसएस के स्थापना काल की चर्चा करते हुए कहा कि 1925 में संघ की स्थापना हुई, उसके पूर्व लोगों में समाज का भाव जागृत नहीं था। लोग स्वकेंद्रित थे। धर्म का अभाव था। इन्हीं सब बातों को देखते हुए संघ के संस्थापक सरसंघ चालक डॉ. हेडगेवार ने भारत माता की जय बोलने वाले लोगों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन की स्थापना की और आज 1925 से शून्य से प्रारंभ होकर संघ सतत के शिखर पर चल रहा है। पथ संचलन कार्यक्रम बीएमपीएस से प्रारंभ होकर कोरिहरा से होकर लालगंज नगर के महेशखेड़ा तक निकाला गया। वहीं घुरवारा में भी पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इस अवसर पर जिला प्रचारक अजीत, नगर प्रचारक पुष्पम विभाग कार्यवाह उधम जायसवाल, जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी, धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, जिला संघ चालक रामचरन, इंद्रेश सिंह, दीपक अवस्थी, जयप्रकाश सिंह, निर्भय सिंह, कैलाश बाजपेई, चंद्र प्रकाश पांडे, शिव प्रकाश पांडे, अविनाश सिंह, मनोज अवस्थी, सुरेंद्र गुप्ता, सचिन रस्तोगी, सत्येंद्र नाथ शुक्ला आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के मौके पर उप निरीक्षक अमरेश द्विवेदी मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।



पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। अमृत विचार

### कस्बे में निकाला गया पथ संचलन

**सलोन, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सलोन नगर में पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। रामलीला मैदान स्थित धर्मशाला में पूजन और प्रार्थना सभा के बाद तहसील प्रचारक मनीष ने कहा कि यह यात्रा हिंदू समाज को एकजुट करने और राष्ट्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पथ संचलन रस्तोगी धर्मशाला से निकलाकर ऊंचाहार रोड से होते हुए बस स्टॉप सहित विभिन्न मार्गों गुजरते हुए पुन: रस्तोगी धर्मशाला में ही आकर संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर कार्यवाह शुभम, खंड कार्यवाह शिवेंद्र, अर्जुन, सुशील, दिनेश, नागार्जुन, रोहन, विजय आदि लोग मौजूद रहे।

## मौत को दावत दे रहे ह्यूम पाइप

संवाददाता, शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इच्छा खेड़ा मजरे गूढ़ा में जल निकास के लिए खड़ंजा सम्पर्क मार्ग में बीचो-बीच डाले गए होम पाइप ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गए हैं। खड़ण्जे से करीब आधा फीट ऊपर निकले होम पाइपों में साइकिल सवार, मोटरसाइकिल सवार तथा पैदल चलने वाले राहगीर आए दिन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

रविवार को गांव निवासी राजू, श्रवण कुमार, बन्नू, दशादीन, शिवलाल, श्यामलाल, पिंटू, विनोद कुमार, रामू, सत्रोहन सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए आन्दोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा मनमाने ढंग से बीच खडण्जे में आधा फुट ऊपर होम पाइप निकाल कर जल निकास की नाली बनाई गई थी। जिम्मेदार पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की लापरवाही से यह नाली ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गई है। जिसमें ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं आए दिन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकायत की गई, किन्तु किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा ने बताया कि "ढाल के हिसाब से पाइपें ऊंची डाली गई थी। कार्य योजना में इंटरलॉकिंग डलवाई गई है, बजट मिलते ही होम पाइपों के ऊपर से इंटरलॉकिंग निर्माण कराया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी बहादुर सिंह ने कहा कि मैं हाल ही में आया हूं, मामला संज्ञान में नहीं था। एक सप्ताह के भीतर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।



शिवगढ़ के इच्छा खेड़ा में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**जिम्मेदार मौन**

- आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज

# पिकअप की अज्ञात वाहन से टक्कर, एक की मौत

## लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, दो लोग लखनऊ ट्रॉमा सेंटर किए गए रेफर

संवाददाता, कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कमरौली रेल क्रॉसिंग के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें तेज रफ्तार पिकअप एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। दुर्घटना शनिवार रात करीब 12:55 बजे हुई।

जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन सुल्तानपुर की दिशा से लखनऊ की ओर जा रहा था। कमरौली गेट के समीप रेल क्रॉसिंग के पास पिकअप चालक प्रदीप कुमार पुत्र विजय कुमार, निवासी घनश्यामपुर, जौनपुर नींद की झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित पिकअप आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक प्रदीप कुमार के साथ वैन में सवार दो अन्य लोग रियाज़ पुत्र रईस और पवन कुमार निवासी सिरबासी, जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जगदीशपुर भिजवाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद चालक प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रियाज़ और पवन की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

### ट्रैक्टर से टकराई युवक की बाइक, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** शुकुल बाजार कस्बे से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सीएचसी शुकुल बाजार पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना शनिवार की शाम लगभग सात बजे हुई। घायल युवक की पहचान बाराबंकी जिले के सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे बख्तौरी गांव निवासी रंजीत (23) पुत्र रामराज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रंजीत शुकुल बाजार से कुछ सामान खरीदकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह सूर्य नगर गांव के समीप पहुंचा, उसकी तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से जा टकराई। वहीं शुकुल बाजार के थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि घटना को लेकर अभी तक कोई औपचारिक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलते ही नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


ट्रैक्टर के अंदर घुसी क्षतिग्रस्त बाइक।

## न्यूज ब्रीफ

### इफको केंद्र का सर्वर फेल, किसान परेशान

**अमेठी :** जिले में किसानों को इन दिनों डीएपी एनपीके की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि आलू, मटर, चना और सरसों जैसी अगैती फसलों की बुआई तक नहीं हो पा रही है। शुक्रवार को इफको द्वारा संचालित उर्वरक वितरण केंद्र का सर्वर फेल हो जाने से स्थिति और भी विकट हो गई। सर्वर ठप होने के कारण दिनभर खाद का वितरण नहीं हो सका, जिससे सुबह से लाइन में लगे सैकड़ों किसान मायूस होकर वापस लौट गए। किसानों ने बताया कि वे तड़के पांच बजे से लाइन में खड़े थे, लेकिन कई घंटे इंतजार के बावजूद खाद नहीं मिल सकी। वहीं केंद्र पर मौजूद कर्मियों ने बताया कि तकनीकी खामी के चलते वितरण नहीं हो सका। बता दें कि धान की टॉप ड्रेसिंग के साथ-साथ रबी फसलों की बुआई का समय चल रहा है। ऐसे में किसानों को डीएपी, एनपीके और यूरिया की सख्त जरूरत है। वहीं जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जिले में डीएपी, एनपीके और यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। तकनीकी कारणों से वितरण में अस्थायी बाधा आई है, जिसे शीघ्र ही ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि घबराएं नहीं, सभी को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

### अमेठी नगर पंचायत में लगा गंदगी का अंबार

**अमेठी :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन अमेठी नगर पंचायत में इस मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी पोल खोल दी है। 12 अक्टूबर रविवार दोपहर 1 बजे कस्बे वासियों ने एक स्वर में कहा कि अमेठी नगर पंचायत को भले ही कागज़ों पर "आदर्श नगर पंचायत" घोषित किया गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिलकुल विपरीत है। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जो नगर पंचायत की घोर लापरवाही को दर्शाते हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से पुरजोर अपील की है कि शहर में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनकी मांग है कि अमेठी वास्तव में स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बने, ताकि नागरिकों को गंदगी और बीमारियों से निजात मिल सके।

### समाधान दिवस में आईं पांच शिकायतें

**जगतपुर (रायबरेली) :** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के आमजन अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। यहां पर कुल पांच शिकायतें आई जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। यहां उपनिरीक्षक अमित सिंह, हेमंत वर्मा, पंचम लाल सोनकर, अमन कुमार, कांस्टेबल दीपक यादव, पवन यादव थे।

### धू-धू करके मेले में जला रावण

**बछरावां (रायबरेली) :** कस्बे के इंडोर स्टेडियम में दशहरा मेला बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य चौराहे पर स्थित किदवई पार्क रामलीला के मैदान में पूरे दिन राम रावण का जबरदस्त युद्ध हुआ। जिसमें 50 फूटा रावण मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसे रामलीला मंचन के बाद राम रावण युद्ध समाप्त होते ही देर शाम जला दिया गया। इस दौरान समूचा प्रांगण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

# अवैध पटाखा निर्माण का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में पटाखा निर्माण सामग्री के साथ आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर अवैध पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मोहनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम शंकरगंज में तालाब के पास छापा मारकर अवैध रूप से पटाखा निर्माण और बिक्री कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 30 किग्रा बारूद और भारी मात्रा में पटाखे बरामद किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से पांच अभियुक्तों को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम निजामुद्दीन पुत्र स्व. मो. इस्माइल (50), असगर अली पुत्र मो. अकबर (32 ), सद्दाम पुत्र मो. अकबर (26), मो. इरफान पुत्र अकबर (23), और राजा पुत्र समुद्दीन (22) हैं, जो सभी ग्राम शंकरगंज, थाना मोहनगंज, जनपद अमेठी के निवासी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री और निर्मित/अर्धनिर्मित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि जिनकी अनुमानित डेढ़ लाख रुपये है। बरामद सामग्री में 30 किलोग्राम बारूद, 1500 सुतली बम, 250 अर्धनिर्मित सुतली बम, 3000 अनार पटाखा, 2000 मस्ताभ, 1000 अर्धनिर्मित मस्ताभ, 1500 बाती पटाखा, 500 पीस चटाई बम, तथा पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री जैसे सुतली धागा, रद्दी पेपर, स्टीकर, कोयला और गंधक शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अवैध रूप से पटाखे बनाने और बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सके। मोहनगंज थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध रूप से पटाखों का निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

- **30 किग्रा बारूद और बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद**

# पुण्यतिथि पर सपाइयों ने डॉ. लोहिया को किया नमन


सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** महान क्रांतिकारी चिंतक और समाजवादी विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि रविवार को सपा के जिला कार्यालय, गौरीगंज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जबकि संचालन अरशद अहमद एडवोकेट ने किया।

सभा में वक्ताओं ने डॉ. लोहिया के अमर समाजवादी विचारों, उनके संघर्षों और देश के निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को भावपूर्ण तरीके से याद किया। उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा-डॉ. लोहिया ने समाज में समानता और न्याय की लड़ाई लड़ी। इस दौरान जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा एडवोकेट, गुंजन सिंह, दीपाली सिंह, उदय प्रताप सिंह, दीपू तिवारी, इमरान खान, राकेश यादव, राजकुमार, राम जीवन, गौरव वर्मा, डॉ. के.डी. सरोज, चंद्रशेखर यादव, महेंद्र यादव, और सूबेदार यादव रहे।

# पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में आधे से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित


जीजीआईसी से बाहर निकलतीं परीक्षार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 तथा सहायक वन रक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 जनपद अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान के सख्त मार्गदर्शन में नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जनपद में कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में यह परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों पालियों में आधे से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कुल 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों पालियों के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से भी सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की गई।

- **परीक्षा कराने के लिए प्रशासन की ओर से किए गए थे व्यापक इंतजाम**

### उपस्थिति का एक नजर में ब्यौरा

**प्रथम पाली :** कुल पंजीकृत अभ्यर्थी : 6202
उपस्थित अभ्यर्थी : 2878
अनुपस्थित अभ्यर्थी : 3324 उपस्थिति दर लगभग 46.40%।

**द्वितीय पाली :** कुल पंजीकृत अभ्यर्थी : 6202
उपस्थित अभ्यर्थी : 2868
अनुपस्थित अभ्यर्थी : 3334 उपस्थिति दर लगभग 46.24%।

### पशुओं की बीमारी का नहीं हो पा रहा इलाज

**अमेठी, अमृत विचार।** संग्रामपुर व अमेठी में लंपी सस्किन का मर्ज तेजी से फैल रहा है। समुचित इलाज न हो पाने के चलते पशुपालक परेशान हैं। जरौटा गांव में शिव पूजन मिश्र का बछड़ा लंपी स्किन बीमारी से ग्रसित है। वे पशु अस्पताल संग्रामपुर कई बार गए लेकिन डॉक्टर नहीं मिल सके। उन्होंने बताया कि पशुओं को होने वाला रोग ला इलाज है। वे दवा कराते-कराते परेशान हो गए हैं, जबकि डॉक्टर भी बेहतर इलाज नहीं बता पा रहे हैं। वहीं राम पाण्डेय ने बताया उनके चाचा की गाय इसी बीमारी से ग्रसित थी, हजारों रुपए का इलाज कराया लेकिन उनकी गाय मर गई। जिससे उनका 50 हजार रुपये का नुक़सान हो गया, जबकि अस्पताल में विभागीय डॉक्टर का पता नहीं है।

### रन फॉर डीएवी मैराथन में लगाई दौड़ शिक्षक में रजनीश व पूजा अव्वल


दौड़ लगाते डीएवी स्कूल के बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** डीएवी पब्लिक स्कूल एचएएल, कोरवा, अमेठी में 'रन फॉर डीएवी' मैराथन का भव्य आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर खेल एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एचएएल के सीनियर मैनेजर (एचआर) परमिंदर सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मैराथन में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतियोगी शामिल हुए। बालिका वर्ग में वंशिका (कक्षा 5), मीनाक्षी (कक्षा 7) और गौरी पांडे (कक्षा 9) ने अपने-अपने समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बालक वर्ग में अयांश (कक्षा 5), प्रणीत यादव (कक्षा 8) और अर्श आलम (कक्षा 11) विजेता बने। अभिभावक एवं शिक्षक वर्ग में पुरुषों में रजनीश मिश्रा और महिलाओं में पूजा सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने इस आयोजन के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए प्राथमिक उपचार शिविर और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालन में श्वेता विलियम ने किया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ. राममनोहर की पुण्यतिथि


डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाते सपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रखर समाजवादी चिंतक, विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में मनाई गई। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में ज़िलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव ने कहा कि नाइंसाफी एवं गैरबराबरी के ख़िलाफ़ डॉ. लोहिया ने जीवन भर संघर्ष किया। विचार गोष्ठी को मुनेश्वर पासी, आफताब अहमद, चौ. मोहसिन, राजेश मौर्य, मो. मुशीर, श्रवण आजाद, शुभम लोहिया, विनायक सोनकर, सुरजीत सिंह, योगेश्वर पटेल, नरेंद्र यादव, भानु प्रकाश पटेल, महासचिव मो.अरशद खान, राजदेव यादव, आकाश मौर्य, राघवेंद्र यादव, विकाश मौर्य, विनय यादव, राजेंद्र बहादुर, रत्नेश मौर्य रहे।

## सिटी डायरी

### माधव धाम में पथ संचलन का हुआ आयोजन


माधव धाम में पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक।

**कमरौली (अमेठी) अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जगदीशपुर कमरौली स्थित माधव धाम में रविवार को एक पथ संचलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अरविंद, जिला प्रचारक ऋषभ, नगर प्रचारक अभय, सतेंद्र, संजय, डॉ. ए.के., केसी बरनवाल, डॉ. संतोष, आदित्य विक्रम, भीष्म, नागेंद्र, सौरभ, विशाल, कुलदीप, अंशुमान सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय को सम्मानित करते समाजसेवी।

### जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय का समाजसेवी ने किया सम्मान

**शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार।** रविवार को शुकुल बाजार में संयुक्त कम्युनिटी प्रोसेस कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, राजीव कुमार पाण्डेय को उत्कृष्ट सामाजिक और सामुदायिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान एवं समाज के संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में समाजसेवी पीके तिवारी द्वारा किया गया। राजीव कुमार मुसाफिरखाना सीएचसी मे बीसीपीएम के पद पर तैनात हैं। उनको यह सम्मान सामुदायिक स्वास्थ्य और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनके समर्पण और सक्रिय भूमिका के लिए दिया गया है। सम्मान समारोह में कृष्णा संस्थान के संस्थापक, पीके तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, शुभम शुक्ला, जितेंद्र गिरी, रवि कौशल, सुशील मिश्रा आदि मौजूद रहे।


पुस्तिकाओं का अवलोकन करते अभिभावक।

### एनएसबीवीएम में पैरेंट-टीचर मीटिंग आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् पैरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावक एवं बच्चों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती का श्रद्धा पूर्वक पूजन संपन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया गया। पैरेंट्स विद्यालय पहुंचकर अपने पाल्य की पुस्तिकाओं का अवलोकन करते हुए टीचर्स से मिलकर बच्चों की पढ़ाई एवं प्रगति से सम्बंधित जानकारी हासिल की।


मरीजों का उपचार करते डॉ. सुफैल। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 102 मरीजों ने कराया उपचार

**जगतपुर (रायबरेली) :** हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सुफैल ने 102 मरीजों को परामर्श दिया। साथ ही मरीजों को दवाएं भी दी गईं। इसके अलावा उन्हें बचाव के बारे में बताया गया। इस मौके पर फार्मासिस्ट अजय गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

**आयोजन** — संघर्ष को याद किया गया और प्रमोशन सहित भविष्य की मांग को लेकर की गई चर्चा

# दस वर्ष पूरे होने पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गणित और विज्ञान के शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए 29 हजार शिक्षकों की हुई भर्ती के दस वर्ष पूरे हो गए हैं। दस वर्ष पूरे होने पर रविवार को एक होटल में आयोजित समारोह में एकत्रित होकर इस भर्ती के सभी शिक्षकों ने संघर्ष को याद किया गया और प्रमोशन सहित भविष्य की मांग को लेकर चर्चा भी की। साथ ही शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

गणित और विज्ञान भर्ती को पूरा कराने में संघर्ष करने वाले विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि जूनियर हाईस्कूलों में विज्ञान और गणित विषयों के शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए तत्कालीन सरकार ने विज्ञान और गणित के शिक्षकों के रिक्त पदों पर 29,334 शिक्षकों की भर्ती पर विज्ञापन निकाला गया था। यह पहला मौका था कि जब परिषदीय जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई थी। इस दौरान बेसिक शिक्षक महासभा के प्रदेश संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी, प्रदेश संयोजक विवेकानंद पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। दस वर्ष पूरे होने की खुशी में जनपद में शिक्षकों के नाम का मोमेंट और उन्हें साल प्रदान किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर के रमन मौर्य ने मेघलीय नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका रुचि लोगनी और चारु सेठ ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवेंद्र सिंह और शिल्पी वर्मा ने किया। इस मौके पर दीपक शर्मा, राहुल चौधरी, वीरेंद्र आजाद, आफताब आलम, इन्दीवर, धीरज राजपूत, इरफान, मो शफीक, शालिनी यादव, रुचि वर्मा, विवेकानंद पांडेय, आलोक यादव, प्रवीण महान, अनुराग, प्रशांत वर्मा, रश्मि श्रीवास्तव, निधि शुक्ल, राहुल बाजपेयी आदि मौजूद रहे।


समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षक, मौजूद अन्य। अमृत विचार

**प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग, किया गया पुरस्कृत, रायबरेली:** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रन फॉर डीएवी का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में दो किमी, पांच किमी और 10 किमी में अपने-अपने कैटेगरी में प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में दो किमी में अभिषेक सिंह प्रथम, अर्चित मिश्र द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आरव और आलोक मिश्रा संयुक्त रूप से रहे। पांच किमी में आदर्श ने प्रथम, अंश कुमार ने द्वितीय एवं यश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 किमी में हरिओम दुबे प्रथम एवं अभिषेक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में दो किमी में हिमानी वर्मा प्रथम, चित्रांशी वैद्य द्वितीय एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि पांच किमी में भावना प्रथम, भव्या द्वितीय एवं अन्नपूर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी, क्रीड़ा प्रभारी मनीष कुमार श्रीवास्तव, खेल शिक्षिका सुषमा सिंह, अमित पांडे, अश्विनी शर्मा, रेखा सिंह, मनोज पौराणिक, अम्बरीष अवस्थी, अजीत शर्मा, आशीष, सरोज, सुनीता, बृजेश, राकेश, प्रतीक, महेंद्र, अमित, नेहा रजनी, सीमा, सिद्धार्थ, विनायक, सुबोध विजय, संध्या, अर्पित, रजनीश, सूरज, ओम प्रकाश, ज्योत्सना रहीं।


प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर किशोरी से की छेड़छाड़, केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी के विरुद्ध पीड़िता के भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर करवाई है। पीड़िता के भाई के अनुसार शुक्रवार की शाम उसकी 14 वर्षीय बहन घर पर खाना बना रही थी, तभी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परियल निवासी शिवम ने घर में घुसकर बहन के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एससी/एसटी और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी को ले जाने वाले पर रिपोर्ट

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते कहा कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अचल नाम का युवक अपने साथ भगा ले गया था। किसी तरह से उसने अपनी पुत्री को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा मामले में आरोपी अचल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है।

### पुलिस ने मनचले को गिरफ्तार किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने शनिवार को दोपहर थाना क्षेत्र के हरैया पुल पर आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसएसआई मुकुट सिंह यादव के अनुसार मुखबिर की सूचना पर उन्होंने पुलिस बल के साथ जाकर हरैया पुल से गुजरती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा गांव निवासी रवि पुत्र नरेश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

### आदिल बने ग्रापए के ब्लॉक अध्यक्ष

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को ब्लॉक स्थित स्व. श्री झम्मन लाल सभागार परिसर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि ग्रापए के मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने स्थानीय पत्रकारों से संवाद किया।

# आधे से ज्यादा अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीसीएस प्री. परीक्षा

## जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत थे 4536 परीक्षार्थी, 1821 ही रहे हाजिर, 2723 ने परीक्षा से किया किनारा

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में 4536 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन केंद्रों तक केवल 1813 अभ्यर्थी ही पहुंचे। 2723 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यानी कि यहां आधे से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। अधिकारी पल-पल परीक्षा केंद्रों पर नजर रखते रहे। सकुशल परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों का आना शनिवार की शाम से ही आना शुरू हो गया था। नगर के विभिन्न होटलों व गेस्ट हाउसों में आना शुरू हो गया था। रविवार को जिला प्रशासन सुबह से ही अलर्ट रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न हुई। डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।


परीक्षार्थियों की तलाशी लेती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


परीक्षार्थियों की आई बायोमैट्रिक जांच करते कर्मचारी।


सीसीटीवी से परीक्षा की जानकारी लेते डीएम-एसपी।

### सघन तलाशी के बाद ही मिला प्रवेश

हरदोई। परीक्षा में पूर्ण पारदर्शी कराने के इरादे से केंद्रों पर काफी सतर्कता रही। एक भी परीक्षार्थी को बिना तलाशी के अंदर जाने नहीं दिया गया। महिला परीक्षार्थी के हेयर पिन आदि तक निकलवा दिए गए। किसी भी प्रकार की घड़ी व अन्य जेवरात केंद्रों के बाहर ही उतरवा दिए गए।

### अभ्यर्थियों आंखों की हुई स्कैनिंग

परीक्षा के दौरान कोई भी मुन्ना भाई न प्रवेश कर सके इसके लिए आंखों की बायोमैट्रिक के अलावा अन्य जांचें भी हुई, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी परीक्षा में न हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कापी की दुकानें बंद रहीं। ताकि कहीं से कोई गड़बड़ी न हो सके। केंद्रों के आसपास खुफिया पुलिस भी तैनात रहीं।


परीक्षा देकर बाहर निकलीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान डीएम ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी एवं अभ्यर्थियों की उपस्थित आदि के बारे में जानकारी ली। विद्यालय प्रबन्धक एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराना सुनिश्चित करें। एसपी ने विद्यालयों के मुख्य द्वार पर लगे पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर परिधि के अन्दर किसी व्यक्ति को ठहरने न दें।

## महिला आरक्षियों ने परेशान यात्री की मदद को बढ़ाया हाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन हरदोई पर ड्यूटी के दौरान महिला कांस्टेबलों ने एक मिसाल पेश की। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चल रहे कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल दीपशिखा और महिला कांस्टेबल गरिमा भारद्वाज ने अपने कर्तव्य के साथ मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। घटना 11 अक्टूबर 2025 की है, जब दोनों महिला आरक्षी प्लेटफार्म पर गश्त के दौरान एक महिला यात्री को थकी और परेशान अवस्था में बैठा देख रुकीं। उन्होंने तुरंत महिला के पास जाकर उसका हालचाल जाना और उसे पानी व चिप्स उपलब्ध कराए। बातचीत के दौरान पता चला कि वह लंबे सफर से आई थीं और थकान के कारण आगे बढ़ने में असमर्थ थीं। महिला के पास रखा सामान उठाने में दिक्कत हो रही थी, जिसे देखकर दोनों आरक्षियों ने स्वयं आगे बढ़कर मदद की और उसका सामान उठाकर उसे सुरक्षित उसके गंतव्य की ओर रवाना किया।

## स्टेशन पर दिव्यांग शौचालय में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरदोई रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने का काम चल रहा है। इस क्रम में प्लेटफार्म संख्या तीन पर यात्रियों, खासतौर से दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए नया शौचालय बनवाया गया है। लेकिन शौचालय तैयार होने के बाद भी उसमें अब तक बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है।

शौचालय का निर्माण पूरा होने के बाद कुछ दिन पहले उसके सामने पड़ा गड्ढा भर दिया गया और गेट खोल दिया गया, लेकिन बिजली न होने के कारण अंदर घोर अंधेरा रहता है। ऐसे में शौचालय का उपयोग करने आने वाले दिव्यांग यात्री मजबूरी में मोबाइल की टॉर्च जलाकर शौचालय के अंदर प्रवेश करना होगा।


दिव्यांग शौचालय में पसरा अंधेरा।

### सुरक्षा का अभाव

यात्रियों ने बताया कि दिन के समय तो किसी तरह काम चल जाता है, पर शाम के बाद शौचालय में जाना मुश्किल हो सकता है। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने से सुरक्षा की भी चिंता रहती है। क्योंकि कोई भी अराजक तत्व दिव्यांग महिला या पुरुष यात्री को नुकसान पहुंचा सकता है।

## मां की हत्या करने के आरोपी बेटे को जेल

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने मां रामरती के ऊपर हंसिए से हमला कर उसका पेट काट कर हत्या करने वाले उसके हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। टड़ियावां थाने के भोलापुरवा में शुक्रवार की रात बेटे अमित पुत्र रामरतन ने अपनी बुजुर्ग मां रामरती के ऊपर हंसिए से हमला कर उसका पेट काट डाला था। बचाने पहुंची बहन व चचेरे भाई को भी घायल कर दिया था। उसे किसी तरह रस्सी से बांध कर काबू किया गया था। पुलिस ने रामरती के दामाद राघेलाल निवासी आदर्श नगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ की तहरीर पर उसके साले अमित के खिलाफ केस दर्ज किया।



# नगर में जाम की समस्या से लोग परेशान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में जाम की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को लखनऊ चुंगी से लेकर बिलग्राम चुंगी, बावन चुंगी तक जाम ही जाम दिखाई दिया। यही स्थिति नगर के लगभग प्रमुख चौराहों की रहीं। सरकुलर रोड पर जाम लगने से लखनऊ चुंगी, बिलग्राम चुंगी, सांडी चुंगी, मुन्ने मियां चौराहे तथा बावन चुंगी तक जाम लग जाता है। सरकुलर रोड पर जाम लगने का मुख्य कारण आरटीओ आफिस में फिटनेस कराने आए भारी वाहन हैं। यह वाहन सड़क के दोनों फुटपाथों पर कब्जा कर लेते हैं, जिससे जाम लगना शुरू हो जाता है।

नगर में जाम खत्म करने के लिए जिला प्रशासन कई बार प्रयास कर चुका है, लेकिन जाम की समस्या खत्म होने की बजाय बढ़ती जा रही है। नगर के बड़ा चौराहा, मुन्ने मियां चौराहा, छोटा चौराहा, सरकुलर रोड, पिहानी चुंगी पर दिन में कई-कई बार जाम लगा करता है। यही हाल सिनेमा रोड व धर्मशाला रोड का भी है। समस्या की मुख्य वजहें हैं नगर में संचालित अवैध बस स्टैंड और बाजार में आए वाहनों की पार्किंग के लिए कहीं व्यवस्था न होना। सिनेमा रोड पर अक्सर चौपहियों से आए लोग वाहन सड़क पर खड़ा कर खरीदारी करने लगते हैं, जिससे जाम लग जाता है। सरकुलर रोड पर आरटीओ कार्यालय के बाहर पर खड़े वाहनों से रेलवे स्टेशन से लेकर मुन्ने मियां चौराहा, धर्मशाला रोड व बिलग्राम चुंगी तक जाम लग जाता है।


बीते शुक्रवार को सरकुलर रोड पर जाम से कुछ इस तरह जूझते नजर आए थे वाहन चालक। ● अमृत विचार

# पानी भरने के विवाद में चले लाठी-डंडे

- कई लोगों के सिर फूटे, मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** गली में पानी भरने की बात पर पड़ोसियों के बीच पहले तो नोंकझोंक हुई और उसी के साथ लाठी-डंडे चलने से वहां भगदड़ मच गई। शहर के मोहल्ला आशा नगर में रविवार सुबह हुए बवाल में कई के सिर फूट गए, जिन्हें मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है। सीओ सिटी अंकित मिश्रा का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली देहात के मोहल्ला आशा नगर निवासी घनश्याम (38) के पुत्र ने रविवार अपना सबमर्सिबल से पानी भर रहा था। ध्यान न रहने पर पानी नाली से गली में भर गया। उसी बात पर उसके पड़ोसी प्रमोद सिंह (54), उसकी पत्नी मीना (48) और पुत्र विनीत सिंह (30) ने विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगे। उसी बात पर दोनों में नोंकझोंक होने लगी। उसी से बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। जिसमें एक पक्ष से घनश्याम, उसकी पत्नी सीता (30), भाई राधेश्याम (32) और राधेश्याम की पत्नी रामा देवी (29) घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से प्रमोद सिंह, उसका पुत्र विनीत व पत्नी मीना के सिर फूट गए। बवाल होने से वहां भगदड़ मच गई। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### मेडिकल कॉलेज में कर्मचारी हैं दोनों भाई

पानी के लिए हुए बवाल की चपेट में आए राधेश्याम मेडिकल कालेज में कम्प्यूटर आपरेटर है, जबकि उसका छोटा भाई धनश्याम वहीं लैब टेक्नीशियन है। खून से लथपथ दोनों भाइयों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, उन्हे देखते ही वहां हड़कंप मच गया। स्टाफ के सारे लोग उनके आस-पास इकट्ठा हो गए, जिससे उनके अगल-बगल काफी भीड़ लग गई।

## मां-बेटी से मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम संतरहा मजरा करीम नगर में मां-बेटी को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित गोविंद मिश्रा के अनुसार गांव निवासी रक्षपाल ने अपने साथी मायाराम और कृष्णा के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व उसकी पत्नी और पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया था। 11 अक्तूबर की शाम को करीब 7 बजे आरोपियों ने दोबारा उसे गाली गलौज करते हुए मार पीट पर फिर से आमादा हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग से यौन अपराध करने का आरोपी गिरफ्तार



**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गुड्डू पुत्र छुट्टा पर नाबालिग लड़की के साथ गलत कार्य करने का आरोप है। यह गिरफ्तारी ग्राम बाघाडाडा से हुई। पुलिस के अनुसार महिला ने 29 अगस्त को थाना कछौना में तहरीर दी थी। बताया था कि आरोपी ने उसकी बेटी के साथ गलत कार्य किया है। तहरीर के आधार पर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पॉक्सो एक्ट की धाराओं में वृद्धि की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू को उसके निवास स्थान ग्राम बाघाडाडा, थाना कछौना से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत



**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** पति के साथ बाइक से दवाई लेने आ रही पत्नी बाइक से गिरने और ऊपर से आलू से लदा ट्रक चढ़ने से दोनों पैर कट कर अलग हो गए थे। लखनऊ में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। साण्डी थाने के लक्षनपुरवा गांव निवासी सुधीर मिश्रा शनिवार को बावन रोड पर अपनी पत्नी मीरा (65) के साथ दवाई लेने आ रहे थे। उसी बीच बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हूंसेपुर पुल पर पहुंचते ही मीरा अचानक बाइक से गिर पड़ी, वह संभलती, उसी बीच आलू से लदा ट्रक उसके ऊपर चढ़ गया।

## बिटिया ने बढ़ाया जिले का गौरव, मंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के तिवारी प्रिंटर्स के नाम से विख्यात उत्तम कुमार तिवारी की पुत्री दीक्षा तिवारी को एमबीबीएस करने के बाद शाहजहांपुर के स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति मिली है उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। दीक्षा तिवारी ने अंडर सीएमओ शाहजहांपुर में ज्वाइन किया। उनकी जॉइनिंग से खुशी की लहर दौड़ गई अभिनंदन गुप्ता ने दीक्षा तिवारी की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि दीक्षा दीदी ने मोहल्ले का नाम रोशन किया है, वहीं अस्मिता ने कहा कि दीक्षा तिवारी की नियुक्ति जिले को गौरवान्वित करने वाली बात है, फिलहाल जिले की इस बिटिया ने स्वास्थ्य विभाग में झंडा लगाकर जिले का गौरव बढ़ाया है।


दीक्षा तिवारी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

# स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। इस दौरान राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। सैकड़ों स्वयंसेवक नगर के सरस्वती संगीता शिशु मंदिर में एकत्रित हुए। वहां से संचलन शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों और बस अड्डे से होते हुए बैंड-बाजे के साथ आगे बढ़ा। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, सनातन धर्म की रक्षा और आत्मरक्षा का संदेश दिया गया। कई स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा भी की गई। संचलन का नेतृत्व जिला प्रचारक कमलेश, सह जिला कार्यवाह शशांक और खंड कार्यवाह अमित सिंह ने किया। संघ चालक बुद्ध पाल सिंह और मुख्य वक्ता संस्कृति भारती पूर्वी क्षेत्र के संगठन मंत्री प्रमोद भी मौजूद रहे। खंड कार्यवाह अमित सिंह ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके तहत इस पथ संचलन का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान कस्बे के निवासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की। संचलन का समापन उसी विद्यालय में हुआ जहां से यह शुरू हुआ था। इस अवसर पर रामशंकर शुक्ला, राधा रमण पंकज शुक्ला, अजय शुक्ला, विनय शुक्ला, शिवम मिश्रा, अनिल द्विवेदी, अवधेश गुप्ता, सुनील सोनी, मयंक सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, अनूप दीक्षित, सलिल, शुभम शुक्ला भगत, रमन सिंह, अजय बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी।


पथ संचलन करते स्वयंसेवक।

**कथा** | भागवत कथा सप्ताह यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पं. कौशल मिश्र ने शिव-पार्वती विवाह का सुनाया प्रसंग

# शिव-पार्वती का मिलन प्रेम, समर्पण और संतुलन का प्रतीक

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के मंसूर नगर में चल रहे भागवत कथा सप्ताह यज्ञ के तीसरे दिन का दृश्य मानों कैलाश धाम की झलक प्रस्तुत कर रहा था। कथा व्यास पंडित कौशल मिश्र ने भगवान शंकर-पार्वती विवाह का मनोहारी प्रसंग जब सुनाया, तो पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। पंडित कौशल मिश्र ने बड़ी ही भावनात्मक शैली में बताया कि कैसे हिमालय की पुत्री पार्वती ने वर्षों तपस्या कर भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त किया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रोताओं के चेहरों पर श्रद्धा और उल्लास की चमक बढ़ती चली गई। जब कथा व्यास ने शिव बारात के प्रस्थान का प्रसंग सुनाया — भूत, प्रेत, गंधर्व, यक्ष, नाग और देवताओं से सजी विचित्र बारात का वर्णन किया- तो पूरा वातावरण हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान मंच पर शिव बारात की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में भगवान शिव रथ पर विराजमान, पार्वती जी श्रृंगार से सुसज्जित और नंदी पर सवार गणों की मनमोहक झलक देखकर बच्चों से लेकर वृद्धों तक सब मंत्रमुग्ध हो उठे। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा यजमान रामदास गुप्ता और रजत गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया और अतिथियों का स्वागत किया। शाम होते-होते पूरा पंडाल दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। हर ओर शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की धुन और भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। कथावाचक ने अंत में संदेश दिया- शिव-पार्वती का मिलन संसार में प्रेम, समर्पण और संतुलन का प्रतीक है। जो इस कथा को श्रद्धा से सुनता है, उसके जीवन में सद्भाव और सुख की वृद्धि होती है। इस दिव्य प्रसंग ने श्रोताओं के हृदय में भक्ति और आनंद का अमिट संचार कर दिया।


भागवत कथा का प्रसंग सुनाते कथा व्यास पं. कौशल मिश्र। ● अमृत विचार

### गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारम्भ

**हरपालपुर, ,हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के पलिया गांव स्थित मां फूलमती मंदिर पर शनिवार को गणेश पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया गया। भगवान गणेश की आरती के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया हुआ। रामलीला में कलाकारों ने पहले दिन नारद मोह भंग और रावण जन्म लीला का बहुत ही सुंदर ढंग से मंचन किया। रामलीला में दिखाया गया कि भगवान विष्णु के परम भक्तों में नारद जी भी हैं। एक बार तप और ज्ञान पर नारद मुनि को अभिमान हो गया। वे सोचने लगे कि वे मोह माया से मुक्त हैं। भगवान विष्णु ने उनकी इस भ्रांति को दूर करने के लिए खेल रचा। विष्णु भगवान ने नारद मुनि को एक सुंदर नगरी दिखाई। राजकुमारी विश्व मोहिनी के साथ नारद मुनि का विवाह तय हुआ।

# राम वन गमन, दशरथ मरण और केवट-राम संवाद लीला का मंचन

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री रामलीला एवं मल्लावां सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम में छठें दिन की लीला में वृंदावन धाम मथुरा के कलाकारों ने राम बन गवन, दशरथ मरण, केवट राम संवाद लीला का सुंदर मंचन किया। शनिवार को रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ सपा नेता बृजेश वर्मा उर्फ टिल्लू भैया ने भगवान राम की आरती उतारकर किया। रामलीला कार्यक्रम में कलाकारों ने दशरथ मरण, राम केवट संवाद, भरत मिलाप, पंचवटी आगमन लीला का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विप्र पटेल, बीडीसी कुलदीप यादव, समाजसेवी प्रदीप दीक्षित ऊर्फ सोनू ने भी भगवान की आरती उतारी। इस दौरान अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा, महामंत्री अरुण शुक्ल 'पटेल' हरिश्चंद्र कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कमलेश प्रजापति, राम सिंह कुशवाहा, महेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


भगवान राम की आरती उतारते सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन

## देवा मेला : सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने मचाया धमाल, सुर और ताल का दिखा समागम

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार।** देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को स्कूली बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार और जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ. सुविद्या वत्स ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी की आयुषी यादव ने नारीवाद पर प्रभावशाली प्रस्तुति से की। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय बिसुनपुर की छात्राओं ने महिषासुर मर्दिनी पर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय फतेहपुर की छात्राओं ने आओ प्रभु का स्वागत करें गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। अरुणोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य और काव्या-आराध्या ने लोकनृत्य व टिंगा तापोरी से दर्शकों का मन मोहा। अंत में विद्यालय बिसुनपुर के बच्चों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

### नन्ही नव्या ने बिखेरी कला की चमक

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** देवा मेला एवं प्रदर्शनी की सांस्कृतिक संध्या को रविवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की आठ वर्षीय बेटी नव्या त्रिपाठी ने अपनी मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुति से यादगार बना दिया। रामचरितमानस की चौपाई से शुरू हुई उनकी प्रस्तुति और फ़िल्म कलंक के गीत घर मोरे परदेसिया पर नव्या ने कोमल भावभंगिमा, सटीक नृत्य मुद्राएं और लयबद्ध प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। ऑडिटोरियम में तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह और बढ़ गया। मंच संचालकों और सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने उनकी अद्भुत प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि देवा मेला तभी सार्थक है जब नई पीढ़ी की प्रतिभाएं मंच पर चमक बिखेरें। इस मौके पर जिलाधिकारी की पत्नी शैलजा त्रिपाठी भी मौजूद रही।



मंच से कथक नृत्य की प्रस्तुति देतीं नन्ही नव्या।

### पर्णिका श्रीवास्तव ने कथक नृत्य से बिखेरा जादू

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** विश्व प्रसिद्ध देवा मेला के सांस्कृतिक पंडाल में रविवार की शाम 16 वर्षीय बाल कथक नृत्यांगना पर्णिका श्रीवास्तव ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पर्णिका, जो लोयला इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ की कक्षा 10 की छात्रा हैं, मात्र 5 वर्ष की आयु से कथक नृत्य की शिक्षा ले रही हैं और अंतरराष्ट्रीय गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने लखनऊ, बस्ती, सिद्धार्थनगर, विंध्य, कजरी, गंगा, महादेवा और देवा मेला सहित अनेक महोत्सवों में अपनी प्रस्तुति देकर प्रशंसा बटोरी है। रविवार को पर्णिका ने सरगम, सूफी कथक और रंगरेजा जैसी प्रस्तुतियों से भाव, लय और ताल का अद्भुत संगम रचा। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश लोकमत सम्मान, बाल एवं महिला कल्याण विभाग सम्मान और लोकायुक्त विभाग द्वारा बाल प्रतिभा सम्मान से नवाज़ा जा चुका है। 2018 से लगातार देवा मेला में प्रस्तुति देती आ रही पर्णिका ने इस बार भी अपने नृत्य कौशल से सभी का दिल जीत लिया।



प्रस्तुति देती पर्णिका श्रीवास्तव।



प्रस्तुति देता अर्जुन मिश्रा डांस ग्रुप। ● अमृत विचार

### अनुज अर्जुन मिश्रा डांस अकेडमी ने प्रस्तुत की रामायण की नृत्य नाटिका

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** देवा मेला की रविवार सांस्कृतिक संध्या में अनुज अर्जुन मिश्रा डांस अकेडमी, लखनऊ के कलाकारों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से रामायण का जीवंत मंचन किया। कार्यक्रम में रामजन्म, सीता स्वयंवर, कैकेई–मंथरा संवाद, राम का वन गमन, सूर्पनखा प्रसंग और रावण वध का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। राम का किरदार अनुज मिश्र और सीता का किरदार नेहा सिंह ने निभाया। दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### मनोरंजन गली में समुद्री जलपरी का शानदार प्रदर्शन

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** देवा महोत्सव की मनोरंजन गली इस बार समुद्री जलपरी के आकर्षक प्रदर्शन से रौनक बिखेर रही है। सेक्टर 6 में स्थापित इस जलपरी को देखने के लिए हर उम्र के लोग उत्सुकता से जुट रहे हैं, खासकर बच्चे। मैनेजिंग डायरेक्टर सनी गुप्ता ने बताया कि रूस की महिला कलाकार आलिश लगातार आठ घंटे पानी में तैरकर भव्य कास्ट्यूम में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। उनके लचीलेपन, संतुलन और जीवंत हाव–भाव ने दर्शकों को मोहित कर दिया। मेला आयोजकों ने सुरक्षा और सुविधा का पूरा इंतजाम किया है, जिससे दर्शक आराम से प्रदर्शन का आनंद ले सकते हैं और यादगार पलों को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। यह जलपरी प्रदर्शन पूरे मेला अवधि तक जारी रहेगा और मनोरंजन गली में अब यह मुख्य आकर्षण केंद्र बन चुका है।



दर्शकों को करतब दिखातीं जलपरी। ● अमृत विचार



### हॉकी मैच में बलरामपुर और शिवगढ़ की टीम जीती

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** रविवार को देवा मेले में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन हॉकी मैदान में दो रोमांचक मैच खेले गए। खिलाड़ियों का दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। पहले मैच में कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला और स्टार क्लब बलरामपुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बलरामपुर की टीम ने 3–0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में नगर पंचायत शिवगढ़ और सगुन स्पोर्ट्स कौशाम्बी के बीच खेला गया, जिसमें शिवगढ़ की टीम ने 3–0 से शानदार विजय हासिल की। इस अवसर पर देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज, महबूब–उर–रहमान, अरमान वारसी, अदील अहमद, मुजीब अहमद मौजूद रहे।

### प्रीति लाल की प्रस्तुति ने बांधा समां

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** विश्व प्रसिद्ध देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार की शाम लोकगायिका प्रीति लाल ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ उन्होंने गणेश वंदना गणपति आए मोरे अंगना बाज रही शहनाई से किया, जिसने वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया। इसके बाद उन्होंने भजन ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है प्रस्तुत कर श्रद्धा और आस्था का संदेश दिया। लोकधुनों की श्रृंखला में प्रीति लाल ने दादरा लोकगीत करूं गुईयां बलम रंगरसिया" और ले चल देवा बाजार हो, जिया न लागे घर मा से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का समापन उन्होंने सूफी कलाम लाल मेरी पत रखियो सदा झूले लालण और प्रसिद्ध कव्वाली छाप तिलक सब छीनी रे से किया, जिसकी प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।



### पंडित मोहन मिश्रा की भक्ति प्रस्तुति ने किया ओतप्रोत

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हरिहरपुर घराना, आजमगढ़ के प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पंडित मोहन मिश्रा ने रविवार को देवा मेला के मुख्य पंडाल में अपनी भक्ति और संगीत से ओतप्रोत प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भावपूर्ण गीत देवा के चरणों में जो आके शीश झुकते हैं, उनकी हर बिगड़ी मेरे देवा पल भर में बनाते हैं से की। इसके बाद उन्होंने कई भक्ति गीत प्रस्तुत कर पूरे पंडाल में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम रच दिया। कार्यक्रम में तबला पर दीपक मिश्रा, पैड पर अंकित मिश्रा, सहगायक शिवम मिश्रा, ढोलक पर यशराज मिश्रा और पंडित योगेश मिश्रा ने संगत कर कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

### दंगल प्रतियोगिता का रोमांच, पहलवानों ने दिखाई दमदार कुश्ती

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार।** विश्व प्रसिद्ध देवा मेला में रविवार को आयोजित दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों का जोश और दमखम देखने लायक था। मिट्टी के अखाड़े में पहलवानों ने जीत–हार के लिए जमकर पसीना बहाया और दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दंगल कमेटी के सदस्य फव्वाद किदवई ने पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। पहली कुश्ती में हसनैन पहलवान (देवा) ने मो. इकबाल को मात दी। वहीं राम सुंदर (बनारस) ने विवेक (हरियाणा) को पराजित किया। बेबी मिश्रा (लखनऊ) ने कल्लू (राजस्थान) पर जीत दर्ज की, जबकि मुकेश (बहराइच) ने गुफरान (खीरी–लखीमपुर) को हराया। नेपाल से आए शंकर थापा ने राजस्थान के कल्लू पहलवान को हराकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। राशिद (बहराइच) ने जीतू (हरदोई) को मात दी। महिला वर्ग में चाहत (बाराबंकी) ने अवि (लखनऊ) को कड़े मुकाबले में हराया। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साह बढ़ता रहा और कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

# सुरक्षित माहौल में मनाएं आगामी त्योहार : एसपी

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बेनीगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले कम्प्यूटर कक्ष व दस्तावेज कक्ष का जायजा लिया, तदोपरांत महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को आदेशित करते हुए कोतवाली में जमा वाहनों का निस्तारण कराने, नगर मे आयोजित रामलीला कार्यक्रम में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कराने व आगामी दीपावली, गोवर्धन व भाईदूज के त्योहार में लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ ही शोहदों व अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए। लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं साथ ही ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे किसी को किसी भी प्रकार का कष्ट पहुंचे।

## पटाखा दागते समय झुलसा बच्चा, भर्ती

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मौसमपुर गांव में रविवार को पटाखा दागते समय एक 7 वर्षीय बच्चा झुलस गया। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार संजीव कुमार का पुत्र आयुष (7) अपने घर के बाहर पटाखे चला रहा था। इसी दौरान अचानक एक पटाखे से बारूद उसके चेहरे पर आ लगा, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

# जच्चा-बच्चा की मौत, हंगामा

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के एक निजी हास्पिटल में प्रसव के कुछ घंटे बाद नवजात की मौत हो गई। इसके बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया, लेकिन उसी बीच उसकी भी मौत हो गई। जच्चा-बच्चा की मौत से वहां काफी हंगामा हुआ, पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

पाली थाने भगवंतपुर निवासी सुशील की 22 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी को शनिवार की रात प्रसव पीड़ा हुई, सुशील उसे शहर में धर्मशाला रोड पर एक निजी हास्पिटल ले कर पहुंचा। वहां देर लक्ष्मी ने पुत्र को जन्म दिया, उसके बाद रविवार की दोपहर बच्चे की मौत हो गई। सुशील अपने नवजात बच्चे का अंतिम संस्कार करने चला गया, उसी बीच लक्ष्मी की तबियत बिगड़ गई। सुशील शाम को वापस लौटा, उसे बताया गया कि लक्ष्मी आईसीयू में भर्ती है। वहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज ले जाने की सलाह दी, लेकिन उसी बीच लक्ष्मी की भी मौत हो गई। पहले बच्चे और उसके कुछ देर बाद प्रसूता की मौत पर उसके घर वाले डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। उसी बीच पुलिस पहुंची और वहां लोगों से पूछताछ करते हुए शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच की बात कही है। लक्ष्मी का मायका बेहटा गोकुल थाने के हसनापुर में था, उसकी शादी अपनी मौसी के घर हुई थी, उसके एक तीन साल की बेटी प्रतिभा है।



लक्ष्मी की फाइल फोटो।

## 722वें उर्स पर अज़मत-ए- औलिया कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** हज़रत ख़्वाजा सैय्यद निज़ामुद्दीन औलिया महबूबे इलाही रह. के 722वें उर्स के अवसर पर रविवार को कस्बा संडीला के मोहल्ला मंगल बाज़ार स्थित ख़ानक़ाहे साग़रया चिश्तिया में अज़मत-ए-औलिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ख़ानक़ाहे रज़ा के सज्जादानशीन नूरुल हसन शाह चिश्ती ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत तिलवाते क़ुरआन से हुई, इसके बाद सज्जादानशीन मुईज़उद्दीन साग़री चिश्ती ने हज़रत ख़्वाजा निज़ामुद्दीन औलिया रह. के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि महबूबे इलाही ने अपने जीवन में कभी भी सत्ता या बादशाहों के दबाव में आकर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनका जीवन हमेशा सादगी के प्रतीक रहा। जब बादशाह उनसे मिलने की इच्छा जताते तो वह मना कर देते और कहते- बादशाह का रास्ता अलग, फ़क़ीर का रास्ता अलग उनका जीवन इस बात की मिसाल है।

# आरएसएस के पथ संचलन के अनुशासन ने किया आकर्षित

औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विकासखंड औरास में आयोजित किया गया भव्य पथ संचलन ऐतिहासिक व अनुशासित कार्यक्रम था।

नर्सरी पुलिया से कटरा तक कतारबद्ध होकर अनुशासन से चलती हुई पथ संचलन ने नगर वासियों को आकर्षित किया। इस अवसर पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया। मुख्य रूप से जिला प्रचारक देवेंद्र, दिवाकर त्रिपाठी उदय प्रताप, अशेष श्रीवास्तव खंड कार्यवाह औरास मनोज, प्रदीप दीक्षित, सरोज सिंह, राघवेंद्र पांडे, विजय सिंह, नीरज शर्मा सतीश त्रिपाठी, संजय, जिला सह कार्यवाह देवेंद्र सहित सैकड़ो स्वयं सेवक रहे। पथ संचलन में स्वयं सेवकों ने अनुशासन व एकता का प्रदर्शन किया। जिससे नगर वासियों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मूल्यों और आदर्शों को प्रचारित करना था और इसमें सफलता मिली। नगर वासियों ने पथ संचलन को बहुत पसंद किया और इसकी प्रशंसा की।



पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवकों पर पुष्पवर्षा करते लोग। ● अमृत विचार

## भगवान कपिल व मां देवहूति के बीच संवाद का वर्णन सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला खत्रियाना के महिला मंडल की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास भारत भूषण महाराज ने भगवान कपिल व मां देवहूति के मध्य हुए संवाद का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने उपदेश दिया कि श्री मद्भागवत मृत्यु के भय से मुक्त कर देती है। कथाव्यास ने राजा परीक्षित व शुकदेव के बीच हुए प्रश्नोत्तर के वर्णन में बताया कि परीक्षित ने गुरुदेव से पूछा कि जल्द मरने वाले को क्या करना चाहिए। शुकदेव जी ने बताया कि जो भी जीवन की स्वासें हैं उस हर स्वास पर परमपिता परमात्मा का नाम स्मरण करें।

नाम धन जिनके पास है वहीं सबसे बड़े धनी है। उन्होंने कपिल व देवहूति के बीच संवाद पर बताया कि माता देवहूति ने पूछा कि बेटा मेरे पिता महाराज मनु बाबा स्वयं ब्रह्म जी और परबाबा स्वयं नारायण तथा मेरा बेटा स्वयं भगवान है। फिर भी मैं सुखी नहीं हूं। कथा के समापन पर यजमान अशोक रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी अलका सहित अन्य परिजनों ने भगवान कृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

**अद्भुत परम्परा** | करवाचौथ के भोरपहर मनाया गया पत्नी पंचमी का व्रत

# पत्नी पंचमी पर पतियों ने पत्नियों की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सनातन संस्कृति में करवाचौथ का पर्व पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम, विश्वास व सामंजस्य का प्रतीक माना गया है। इस दिन सुहागिनें पति के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं उसके अगले दिन पंचमी को इसके विपरीत पत्नी के अच्छे स्वस्थ व दीर्घायु जीवन और स्नेह व प्रेम की डोर को और मजबूत करने लिए पत्नी पंचमी व्रत भी रखते हैं।

इस दिन पति अपनी पत्नी के लिए व्रत रखते हैं। हालांकि शास्त्र में ऐसा कोई उल्लेख नहीं है लेकिन सफीपुर तहसील क्षेत्र के मिर्जापुर व न्यामतपुर सहित कई गांव के कुछ लोगों ने साहित्यकार डॉ. प्रमोद कुशवाहा के मार्गदर्शन में बीते कई वर्षों से करवाचौथ के दूसरे दिन पंचमी को पत्नी पंचमी के रूप में व्रत रख अपनी अर्धांगिनी के स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना करते हैं। वे सूर्योदय से सूर्यास्त तक व्रत रखते हैं फिर पत्नी के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का परायण करते हैं। शुरुआती वर्षों में इसे मजाक समझा गया लेकिन प्रति वर्ष इस व्रत को रखने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पत्नी पंचमी के रूप में रखा जाने वाला यह व्रत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते कवि डॉ. प्रमोद कुशवाहा।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते डॉ. विवेक मिश्रा बिठूर कानपुर।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते सुधीर मौर्य राजेपुर।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते राजेश शर्मा न्यामतपुर।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते कवि कमलेश सोनी।

### कहां कहां किसने रखा व्रत

पत्नी पंचमी का व्रत रखने वालों में साहित्यकार डॉ. प्रमोद कुशवाहा मिर्जापुर, कमलेश सोनी औरास, शिक्षक नेता उमेश मौर्य देवगनमऊ, सुमन सिंह, बालकृष्ण शर्मा मिर्जापुर, गौतम प्रजापति जमाल नगर, विमलेश कुशवाहा न्यामतपुर, सुधीर मौर्या राजेपुर पतारी, फार्मासिस्ट पवन राठौर आदि ने व्रत रख जीवनसाथी के प्रति अटूट स्नेह मजबूत किया।



पत्नी के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ते अनूप उन्नाव।

### कहां से हुई शुरुआत

विकासखंड सफीपुर के मिर्जापुर व न्यामतपुर गांव से करवाचौथ के बाद पंचमी पर व्रत रखने की परम्परा शुरू हुई। जिसे पत्नी पंचमी का नाम दिया गया। शुरुआत के बाद धीरे धीरे जिले के कई स्थानों पर भी अब रखा जाने लगा है।

### कैसे करते हैं व्रत

करवाचौथ के दूसरे दिन पंचमी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक व्रत होता है। इसका परायण सूर्यास्त के बाद होता है। इसके बाद पत्नी के हाथ से मिठाई व जल ग्रहण कर का परायण किया जाता है।

## श्रीराम के शिव धनुष तोड़ते ही सीता ने डाली वरमाला

गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में शनिवार को कलाकारों ने धनुषभंग लीला का मंचन किया। मंचन में परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनने के लिए पांडाल में पूरी रात भीड़ बनी रही। रामलीला मंडल के कलाकारों ने मंचित किया कि राजा जनक ने पुत्री सीता के विवाह हेतु स्वयंवर का आयोजन किया। किंतु स्वयंवर में आए सभी राजा शंकर के धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके। तब चिंतित होकर जनक विलाप करने लगे। जनक का विलाप सुन दर्शक द्रवित हो गए। तभी जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। समय अनुकूल देख ऋषि विश्वामित्र ने भगवान राम को धनुष खंडन की आज्ञा दी।

भगवान राम के छूते ही धनुष तेज गर्जना के साथ खंडित हो गया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। तभी परशुराम व लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। लक्ष्मण और परशुराम द्वारा एक-दूसरे पर कटाक्ष सुन दर्शक रोमांचित रहे। परशुराम की भूमिका प्रिंस दीक्षित, राम की आशीष बाजपेई व लक्ष्मण की मनोज पांडेय ने निभाई।



परशुराम संवाद लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# 55% अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीसीएस-प्री परीक्षा

## जिले के 12 केंद्रों पर आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम, दिन भर भ्रमण करते रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा व सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में रविवार को जिले के 12 केंद्रो में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इसमें प्रथम पाली में 55.5 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। जबकि दूसरी पाली में 55.7 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रातः पाली 9:30 से दोपहर 11:30 बजे तक तक थी। जिसमें पंजीकृत 4800 परीक्षार्थियों में 2134 उपस्थित व 2666 अनुपस्थित रहे। दूर दराज से आने वाली कई महिलाएं जब प्रथम पाली में नहीं आ पाईं तो दूसरी पाली में उपस्थिति दर्ज कराकर परीक्षा दी। वहीं प्रथम पाली में जिन परीक्षार्थियों का पेपर बिगड़ गया तो उसमें से कई द्वितीय पाली की परीक्षा दिए बिना ही चलते बने। जिससे द्वितीय पाली जो अपरान्ह 2:30 से दोपहर 4:30 बजे तक थी। उसमें 2125 परीक्षार्थी उपस्थित व तथा 2675 अनुपस्थित रहे। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों में एसडीएम उनके समकक्ष स्तर का अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। जिसके चलते हर केंद्र में भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। इसका जिला स्तरीय अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी जयप्रकाश सिंह ने भी पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिससे जिले के सभी केंद्रों की निगरानी की जा रही थी।



जीजीआईसी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम व एसपी। अमृत विचार



अटल बिहारी इंटर कॉलेज के बाहर लाइन में लगे परीक्षार्थी। अमृत विचार



साकेतपुरी देवी जागरण में भजन प्रस्तुत करता गायक। अमृत विचार

### देवी जागरण में देर रात तक झूमे भक्त

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार रात साकेतपुरी और आनंद नगर में मां भगवती के विशाल जागरण का भव्य आयोजन किया गया। शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी और नवयुवक कमेटी आनंद नगर की ओर से आयोजित इस देवी जागरण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। माता रानी का आकर्षक श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद देर रात तक भक्ति गीतों की प्रस्तुति होती रही। जागरण के दौरान प्रसिद्ध भजन चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आई मां, हम तो चले मां के द्वार, शेरों वाली पहाड़ों वाली जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भजन गायकों ने गणेश वंदना, शिव तांडव, राधा-कृष्ण झांकी और दुर्गा मां के अद्भुत दर्शन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रविवार सुबह जागरण के समापन पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** सोमवार को मोहल्ला प्रेम नगर में जर्जर तार बदलकर एबीसी केबल डालने और मराला चौराहे पर सेतु निगम के कार्य हेतु लाइन शिफ्टिंग के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 11 केवी फीडर नंबर-2 और फीडर नंबर-5 की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### मिश्रा कॉलोनी में बदले गए जर्जर तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** रविवार को बिजली विभाग ने रीवेंप योजना के तहत पश्चिमी क्षेत्र स्थित मिश्रा कॉलोनी में पुराने व जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया। इस दौरान करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बंद रही। कार्यदायी संस्था की टीम ने पुराने तार हटाकर एबीसी केबल डाली। करीब 6 घंटे तक बिजली न रहने से सैकड़ों परिवारों को परेशानी झेलनी पड़ी। पानी की समस्या के साथ घरों के इन्वर्टर जवाब दे गए। देरशाम कार्य पूरा होने पर बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

### हादसे में श्रमिक घायल

**बिछिया उन्नाव, अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के लालपुर गांव निवासी रोहित (35) पुत्र राम विलास थानाक्षेत्र के चांदपुर स्थिति एक स्लाटर हाउस में कई वर्षों से बॉयलर में काम करता था। रविवार सुबह वह साईकिल से फैक्ट्री जा रहा था। तभी थानाक्षेत्र के लखनऊ- कानपुर हाईवे पर मुर्तजा नगर के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद ही कोई कार्रवाई की जायेगी।

# 118 मेधावियों का किया सम्मान

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित गोपीनाथपुरम के गीता अतिथि लॉन में ब्रह्मसभा शुक्लागंज की ओर से मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 118 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष रो. दिनेश चंद्र शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भाजपा दिवाकर मिश्रा, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी और नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. सौरभ मिश्रा की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन अंजनि अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में ब्रह्मसभा अध्यक्ष अंजनीकांत मिश्रा, अनुज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, राजीव मिश्रा, अंकुर शुक्ला, अवनीश शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, श्रीकांत पांडे, तारकेश्वर पांडे सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।




ब्रम्हसभा की ओर से मेधावियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### ब्लॉक के चलते ट्रेनें घंटों रहीं लेट

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को अजगैन और सोनिक स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर ब्लॉक लगने के कारण कानपुर से लखनऊ जाने वाली ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। इसके चलते यात्रियों को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ा। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे आने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन छह घंटे की देरी से शाम करीब साढ़े छह बजे पहुंची। वहीं, पौने पांच बजे निर्धारित रायबरेली पैसेंजर देर रात तक स्टेशन नहीं पहुंची। ट्रेनें समय पर न आने से यात्रियों में रोष दिखा और कई लोग मजबूरन सड़क मार्ग से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। लगातार देरी से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# डंपर ने अधेड़ को रौंदा, गयी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर मेला देखकर लौट रहे अधेड़ की डंपर की टक्कर से मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे साथी के भी सड़क किनारे गिरने से चोटें आ गईं। पुलिस से मिली सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।



माखी थानाक्षेत्र के बिरसिंहपुर निवासी नंद कुमार मिश्रा (55) पुत्र रामेश्वर खेती करता था। रविवार को वह पड़ोसी साथी नन्हके लोध (60) के साथ उन्नाव में मेला देखने आया था। जहां से लौटते समय उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के दारोगा खेड़ा मोहल्ला स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर डंपर के टायर के नीचे आकर कुचल गया। उसकी मौके पर जान चली गई। वहीं दूसरी ओर गिरने से नन्हक्के को भी चोट आ गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की खबर देकर घायल को अस्पताल भेजा। सूचना पर मोर्चरी पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। पत्नी मीना बेटे अनिकेत, अधीश व आदर्श रो-रोकर बेहाल रहे। कोतवाली प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

**उन्नाव, अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के नेवादा गांव निवासी धर्मेंद्र (42) पुत्र प्रताप शंकर पत्नी ममता (38) के साथ शनिवार को उन्नाव आया था। शाम को लौटते समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें दंपति गंभीर घायल हो गये थे। एनएचएआई की एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से ममता को लखनऊ रेफर किया गया। रविवार को इलाज के दौरान केजीएमयू में ममता की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां की मौत से बेटे आर्यन (10) व बेटी अंशी के सिर से मां का आंचल छिन गया।

# 5 हजार मीटर दौड़ में सौरभ व प्रियांशी अव्वल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में होने वाली माध्यमिक स्तर की जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नवाबगंज जोन का दबदबा रहा। 5000 मीटर की सीनियर बालक बालिका दौड़ में नवाबगंज जोन के सौरभ व प्रियांशी अव्वल रहीं। जबकि निष्ठा त्रिपाठी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में सौरभ नवाबगंज जोन ने प्रथम, धर्मवीर सफीपुर जोन ने द्वितीय तथा नीरज कुमार उन्नाव शहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निष्ठा त्रिपाठी ने 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग 1500 मीटर में दिव्यांशी यादव बीघापुर जोन ने प्रथम, शालिनी उन्नाव देहात जोन ने द्वितीय तथा रागिनी मौरावां जोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में प्रीति मौरावां ने प्रथम, इशिका नवाबगंज ने द्वितीय व संध्या नवाबगंज ने तृतीय स्थान पाया। सब जूनियर बालक वर्ग में लकी यादव मौरावां ने प्रथम, आलोक उन्नाव शहर ने द्वितीय व इमरान मौरावां ने तृतीय स्थान पाया। अंडर 14 बालिका वर्ग में लक्ष्मी उन्नाव देहात ने प्रथम, शुभी नवाबगंज ने द्वितीय व तमन्ना नवाबगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर सीनियर बालक दौड़ में सौरभ नवाबगंज ने प्रथम, अभिषेक सफीपुर ने द्वितीय, रौनक यादव सफीपुर ने तृतीय स्थान और सीनियर बालिका वर्ग 5000 मीटर दौड़ में प्रियांशी नवाबगंज प्रथम, लक्ष्मी नवाबगंज द्वितीय तथा महक उन्नाव शहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला क्रीड़ा सचिव नवीन सिन्हा ने बताया कि निर्णायक मंडल में कुलदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, संदीप सिंह बघेल, विवेक सिंह, सुधाकर सैनी, मेहंदी हसन, सोनल सिंह, निशा सिंह तोमर, पुरुषोत्तम सिंह, पवन पटेल, सुभाष यादव, चंद्रिका प्रसाद आदि ने सहयोग किया।



विजेता बालिकाओं को मेडल पहनातीं प्रधानाचार्या उषा शुक्ला। अमृत विचार

### फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के थानखेड़ा गांव में किशोरी ने घर के ऊपरी मंजिल में बने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। शव लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों का सौंपा है। चमरौली गांव के मजरा थानखेड़ा निवासी कुमकुम (15) पुत्री अनन्तू हाईस्कूल की छात्रा थी। शनिवार रात वह घर के ऊपरी मंजिल में बने कमरे में गई थी। वापस न लौटने पर उसकी मां रूपा उसे बुलाने पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद था। खिड़की से अंदर झांकने पर बेटी को दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। कुमकुम पांच बहनों में छोटी थी। बड़ी बहनें विवाहित हैं।

# प्रतियोगिता में 48 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन उन्नाव के तत्वावधान में रविवार को प्रकाश गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग डेडलिफ्ट और बेंचप्रेस प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि उप्र पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव अनुज तिवारी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा, जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल, एसीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद, पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष कैप्टन राहुल तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के सचिव, आयोजन अध्यक्ष संदीप सिंह, आयोजन सचिव, दिलीप यादव, जतिन वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि अनुज तिवारी ने कहा कि यहां पावर लिफ्टिंग के इतने खिलाड़ियों को देखकर प्रसन्नता हुई और इन खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 48 खिलाड़ी अलग-अलग कैटेगरी व आयु वर्ग में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चिन्हित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। अध्यक्ष कैप्टन राहुल ने कहा खिलाड़ियों की प्रतिभागिता सराहनीय है। इनके प्रोत्साहन को एसो. प्रयास करेगा। इसमें जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल, डॉ. हरिनंदन प्रसाद आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. अश्वनी कुमार शुक्ल ने किया।



पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

# पुलिस से मुठभेड़ में सुपारी किलर घायल

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** भतीजे से पांच लाख की सुपारी लेकर हत्या करने आए बदमाश ने महिला की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया था। लेकिन इस दौरान किसी के आने की आहट पर हत्यारा की चेन लूटकर फरार हो गया था। तलाशी के दौरान भोरपहर पुलिस का बदमाश से आमना-सामना हो गया तो उसने फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में वह पुलिस की गोली से घायल हो गया।

अजगैन कोतवाली के बत्तूखेड़ा गांव निवासी शांति (70) पत्नी स्व. बलवंत सिंह अपने घर के बाहर किराना की दुकान किए है। शनिवार देरशाम वह दुकान पर थी। तभी हेलमेट लगाकर युवक ग्राहक बनकर वहां पहुंचा और सामान लेने के बहाने अंदर घुसकर जान से मारने की नियत से उसने महिला का गला दबा दिया। लेकिन तभी किसी के आने की आने की आहट पर हमलावर उसके गले से सोने की चेन छीनकर भाग गया। महिला ने अपने भतीजे लकी पुत्र लालबहादुर पर उसकी हत्या की साजिश रचने की बात पुलिस को बता तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। सीओ अरविंद चौरसिया ने पुलिस टीम गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। एसओजी व सर्विलांस के साथ तलाश में जुटी पुलिस टीम ने रविवार भोरपहर मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर रोड स्थित हिमसिटी के पास आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी। इस दौरान उसने फायर कर दिया। जबावी फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में धंस गई। घायल होकर गिरने पर पुलिस ने दबोच कर उसे अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश श्रीवास्तव पुत्र शिवप्रसाद निवासी बेहटाखुर्द कैथना थाना भधोहर रायबरेली बताया। उसने स्वीकार किया कि बत्तूखेड़ा निवासी लकी पुत्र लालबहादुर ने अपनी चाची शान्ती की सम्पत्ति व जायदाद हड़पने के उदेश्य से हत्या करने के लिये 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। बताया कि लूटपाट के विरोध में हत्या करने की उसने योजना बनाई थी। बीते पांच दिनों से वह रेकी कर रहा था। शनिवार शाम शान्ती को दुकान पर अकेला पाकर उसने उसकी हत्या करने का प्रयास किया।



मुठभेड़ में घायल सुपारी किलर को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 108 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव।** न्यू पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 108 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, सतीश कुमार, आलोक मिश्रा मौजूद रहे।



जानकीकुंड में प्रभु राम की आरती करते भक्त। अमृत विचार

### जानकी कुंड में गूंजा राजा राम की जय

**उन्नाव, अमृत विचार।** परियर स्थित जानकीकुंड आश्रम में रविवार को मां पीतांबरा पीठ भक्त मित्र मंडल द्वारा आयोजित संगीतमयी रामकथा में राम राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया गया। राज्याभिषेक के बाद आरती में भक्तों की भारी भीड़ रही। रामकथा वाचक विनय तिवारी ने राम राज्याभिषेक लीला का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राम राज्य का अर्थ केवल एक आदर्श शासन नहीं बल्कि धर्म, न्याय, करुणा व समानता पर आधारित समाज व्यवस्था है। कथा के दौरान 'राम लला हम आए हैं, अयोध्या तेरे द्वार' जैसे भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। मंडल अध्यक्ष गौरव शुक्ल ने बताया कि इस आयोजन में किसी भी ऐसी वस्तु का प्रयोग नहीं किया गया जिससे पर्यावरण को हानि हो। भोजन के लिए कमल के पत्ते, पानी के लिए कुल्हड़ व प्रसाद के लिए मिट्टी के पात्रों का प्रयोग किया गया। राज्याभिषेक के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### वरिष्ठ आईएएस ने करोवन व अकरमपुर में हकीकत देखी

**उन्नाव, अमृत विचार।** अमृत योजना की हकीकत जानने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में वरिष्ठ आईएएस की नियुक्त हुई है। बीते दिनों उन्नाव शहर में जायजा लेने के लिए आईएएस प्रवीन्द्र कुमार लक्ष्यकार ज़ोन छह व सात पहुंचे। अकरमपुर में पड़ताल कर सप्लाई की हकीकत देखी इसके बाद वह करोवन, वीरेंद्र स्वरूप के बगल में कनेक्शन धारकों से वार्ता की। यहां की रिपोर्ट तैयार की और जलनिगम के अलावा जलकल के अभियंताओ से वार्ता भी की। एडीएम न्यायिक व निकय प्रभारी ने बताया कि जलनिगम को योजना पालिका को हैंडओवर करना है। इसमें कई खामियां सामने आई और तो ज़ोनवार सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने को कहां गया था। बीते दिनों वरिष्ठ आईएएस ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।



इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण करतीं पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा। अमृत विचार

### जनता को समर्पित किए नवनिर्मित चार मार्ग

**उन्नाव, अमृत विचार।** रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने नगर के दो वार्डो में चार नवनिर्मित मार्गों का लोकार्पण किया। शहर के वार्ड एक में साधना सिंह से अनुज शुक्ला के मकान तक इंटर लॉकिंग, योगेश सिंह से प्रमोद सिंह के मकान तक इंटर लॉकिंग और नाली निर्माण, वार्ड आठ में नन्द कुमार से श्याम लाल के मकान तक, राजेश यादव से बबलू भदौरिया के मकान तक बनी सड़कों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने कहा कि नगर के सभी वार्डो में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का कार्य निरंतर जारी है। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू कहा कि इन सड़कों और नालियों के बन जाने से अब कीचड़ और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बाबूगंज सभासद रवि कुमार, पूरन नगर सभासद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, केके त्रिपाठी, राजेंद्र देवा त्रिपाठी, एलपी पांडे, राज पांडे, बब्लू भदौरिया, राजेश सिंह, प्रेम सिंह आदि रहे।

## उन्नाव डायरी

### 14 विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** रविवार को पिपरी में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पूर्ण हुई 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत हर घर विकास आपके द्वार संकल्प के तहत गांवों की धूल भरी पगडंडियों को पक्की और सुदृढ़ सड़कों में बदलते देखना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ संकल्प शक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक विकास की धारा प्रवाहित करना है।

### नारद मोह प्रसंग ने किया भाव-विभोर

**शुक्लागंज उन्नाव।** शंकरपुर स्थित सन्नी गांव में रविवार को 19वें श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा के साथ हुआ। वृंदावन धाम से आए श्री बृज रास बिलास लीला संस्थान के विख्यात कलाकारों ने नारद मोह लीला का प्रभावशाली मंचन किया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लीला के दौरान स्वामी विष्णु कुमार दत्तात्रेय ने नारद मोह प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु की तपस्या से प्रसन्न होकर नारद को वरदान देने के प्रसंग में जब उन्होंने अपने समान पुत्र की इच्छा व्यक्त की, तो भगवान ने आपु सरिस खोजहुं कह जाई, नृप तव तनय होब हम आई कहकर उन्हें भविष्यवाणी दी। कथा में मनु-सतरूपा के रूप में भगवान के अवतरण तथा दशरथ-कौशल्या के रूप में उनके पुनर्जन्म का वृतांत सुनाया गया।

### डीएम ने खिलाड़ियों को समर्पित किया नया बैडमिंटन कोर्ट

**उन्नाव, अमृत विचार।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय योनेक्स सनराइज अप स्टेट सेकंड सीनियर मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ डीएम गौरांग राठी ने किया। इसमें डीएम ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बने नए बैडमिंटन कोर्ट को जिले के खिलाड़ियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खेलों विकास के लिए सदैव प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिंह (आईएएस) ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलने से राष्ट्रीय स्तर का सफर आसान होता है। संगठन सचिव पद्मश्री गौरव खन्ना ने उन्नाव में बैडमिंटन के प्रति खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की। इस दौरान ओलंपिक खिलाड़ी पलक कोहली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गायकों ने अपने गीतों से जगराते में लगाए चार चांद

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कस्बे में नवयुवक कमेटी अजगैन द्वारा मां भगवती का जागरण आयोजित हुआ। जीएस जागरण पार्टी दिल्ली के कलाकारों ने मातारानी की भक्ति गीतों से उपस्थित भक्तों का मन मोह लिया। मुख्य कलाकार सनी सरदार (पंजाब), शैलजा कपूर (लखनऊ) व अमन बृजवासी उन्नाव ने गीतों से चार चांद लगा दिए। इसका प्रमुख आकर्षण बंटी बावरा ग्रुप नई दिल्ली और अंकित बालाजी कानपुर द्वारा प्रस्तुत झांकियां थीं। जिन्होंने मां भगवती की महिमा दर्शाई। कार्यक्रम में नवयुवक कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा, कार्तिक शुक्ल, वैभव मिश्रा, आयुष बाजपेई, दीपू श्रीवास्तव, राजेश शर्मा उर्फ खन्ना, संतोष निगम, विनीत सिंह आदि मौजूद रहे।



श्याम बाबा का कराया गया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

### श्री श्याम महोत्सव में पूरी रात झूमे श्याम प्रेमी, 70 यूनिट हुआ रक्तदान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार रात राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में श्री श्याम जी नवयुवक मित्र मंडल द्वारा 16वां श्री श्याम महोत्सव सच्ची अदालत मेरे श्याम की एवं रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के भव्य श्रृंगार और भक्ति गीतों का आनंद लिया। आयोजन में शामिल कलाकारों ने भक्ति गीतों की गंगा बहायी और श्रद्धालु बाबा की भक्ति में डूब गए। महोत्सव की शुरुआत शाम 6 बजे मंगला आरती से हुई, जिसके बाद बाबा के कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह का अलौकिक श्रृंगार किया गया और छप्पनभोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन, श्याम रसोई और महाआरती का आयोजन किया गया। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक गाजियाबाद के प्रशांत सूर्यवंशी, धनबाद के कृष्णा अग्रवाल, गुरुग्राम के नरेश सैनी, राहुल शुक्ला और अनुज अलबेला जैसे प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी भक्ति गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से खाटूवाले की भक्ति गीत और श्याम नाम का सारे जग में मचा है हल्ला जैसे गीतों पर भक्त झूम उठे और भक्तिमग्न हो गए। महोत्सव के दौरान एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 70 यूनिट रक्तदान हुआ। श्याम प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# अमृत विचार

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025



सपने देखने का अधिकार, पहला मौलिक अधिकार होना चाहिए।
–**महाश्वेता देवी**, साहित्यकार



## उम्मीद की खेती

कृषि प्रधान देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान खेती का है, परंतु इसकी हिस्सेदारी घटती जा रही है। ऐसे में मोदी सरकार का फोकस कृषि क्षेत्र को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की कृषि क्षेत्र में की गई घोषणाएं दीर्घकालिक, दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन देश के किसानों की स्थिति में सार्थक बदलाव ला सकती हैं। फिलहाल किसानी अब भी घाटे का सौदा है। देखना यह है कि अगले छह वर्षों तक चलने वाली ये योजनाएं किसानी में क्या क्रांति लाती हैं। 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की इन योजनाओं ने किसानों में नई उम्मीदें जगाई हैं, क्योंकि ये केवल वित्तीय घोषणाएं नहीं, बल्कि कृषि को पुनः भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास प्रतीत होती हैं।

प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत 100 से कम उपज वाले जिलों को लक्षित करना और निर्धारित करना कि राष्ट्रीय औसत उपज से 25 प्रतिशत कम उत्पादन वाले इन जिलों की पैदावार को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाया जाए, एक सराहनीय कदम है। वहां के किसानों को बुनियादी ढांचा और वित्तीय सहायता प्रदान कर, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर, सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने से जलवायु-सम्मत, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बल मिलेगा। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने की यह कोशिश कालांतर में किसानों की आजीविका और आमदनी दोनों में वृद्धि करेगी। खेती के लिए कर्ज देने से किसानों को सुविधा तो मिलती है, पर यह चिंता भी रहती है कि कर्जग्रस्तता और आत्महत्याएं न बढ़ें। केवल कर्ज देना पर्याप्त नहीं, उसके साथ सुदृढ़ बीमा, फसल मूल्य स्थिरता और विपणन की गारंटी भी आवश्यक है। यदि किसान को यह भरोसा हो कि उसकी फसल का न्यूनतम मूल्य मिलेगा और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सरकार उसके साथ खड़ी होगी, तभी कृषि ऋष्टा विकास का सशक्त साधन बन सकता है।

देश में दालों की खपत बढ़ रही है, लेकिन उत्पादन में स्थायित्व नहीं है। दशकों से दलहन उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद यह क्षेत्र धान-गेहूं जैसी गारंटी नहीं पा सका। यदि मिशन के तहत बीज सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य की विश्वसनीयता और निर्यात नीति में स्थिरता लाई गई, तो आत्मनिर्भरता का लक्ष्य अब दूर नहीं रहेगा। इन सरकारी योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि खेती 'मुनाफे का धंधा' बनने की ओर बढ़े। इसके लिए केवल धन वितरण या अवसंरचना निर्माण पर्याप्त नहीं। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीक, जल प्रबंधन और बाजार तक सीधा संपर्क भी चाहिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं को कृषि-आधारित उद्योगों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि पलायन रुके और गांवों में रोजगार सृजित हों। इससे उस नरेटिव को तोड़ने में सफलता मिलेगी जिसमें कहा जाता है कि सरकार कॉरपोरेट दबाव में खेती को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। योजना अगर नियोजित तरीके से लागू हुई, खेत, बाजार और किसान के बीच भरोसे का पुल बना तो कृषि फिर से अर्थव्यवस्था की आत्मा बना सकती है।

### प्रसंगवश

## ज़ोहो: मजदूरी से असली IT क्रांति तक का सफर

आईटी सेक्टर के आने पर कहा गया था कि भारत में तकनीकी क्रांति आ गई है, लेकिन सच यह है कि वह ज़्यादातर आईटी मजदूरी की क्रांति थी, जहां भारतीय युवा पश्चिमी कंपनियों के लिए कोडिंग और सपोर्ट का काम करने लगे। मेहनत हमारी थी, मगर मालिकाना हक किसी और का था। श्रीधर वेंबू ने इस मानसिकता को चुनौती दी। उनकी कंपनी ज़ोहो सिर्फ एक बिजनेस मॉडल नहीं, बल्कि यह इस सोच की क्रांति है कि तकनीक का केंद्र गांव भी बन सकते हैं और प्रतिभा डिग्री या अंग्रेजी की मोहताज बिल्कुल नहीं।

वेंबू अमेरिका में रहकर करोड़ों कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने ठान लिया कि अगर रोजगार गांव तक नहीं जा रहा, तो हम ही उद्योग गांव तक ले जाएंगे। जहां बाकी आईटी कंपनियां बड़े शहरों में टॉवर बना रही थीं, वहीं ज़ोहो ने तमिलनाडु के छोटे कस्बों और गांवों में दफ्तर खोले। वहां के युवाओं को ज़ोहो ने बिना डिग्री, बिना अंग्रेजी और महंगे कॉलेज के बिना खुद ट्रेनिंग देकर काम दिया। आज ज़ोहो के हजारों कर्मचारी ऐसे गांवों से आते हैं, जिनका आईटी से कोई संबंध पहले नहीं था।



उपेंद्र चौधरी
वरिष्ठ पत्रकार

ज़ोहो ने तीन बड़े बदलाव किए। असली टैलेंट की पहचान की। गांव के युवाओं को सिखाकर इंटरनेशनल प्रोडक्ट बनवाए गए। आउटसोर्सिंग नहीं, अपना प्रोडक्शन किया जाए। ज़ोहो ने माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों को टक्कर देने वाले सॉफ़्टवेयर खुद तैयार किए। गांवों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए शहरों को बोझ से बचाकर विकास को गांवों तक पहुंचाया गया।

जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर भारी टैरिफ लगाए, तो दुनिया की टेक कंपनियों में हड़कंप मच गया। सप्लाई चेन से लेकर सर्विस डिलीवरी तक सब पर असर पड़ा। कई कंपनियों ने लागत बढ़ने की वजह से विस्तार रोक दिया, लेकिन ज़ोहो ने इस संकट को मौका बना लिया। अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियां चीन के विकल्प खोजने लगीं। ऐसे में भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा। फिर ज़ोहो जैसे स्वदेशी और स्वतंत्र मॉडल की ओर दुनिया का ध्यान गया।

ज़ोहो ने इस दौरान बिना विदेशी निवेश और किसी दबाव के अपने सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स को अमेरिका, यूरोप और एशिया के बाजारों में मज़बूती से स्थापित किया। यहीं से यह साबित हुआ कि भारत सिर्फ 'बैक ऑफिस' नहीं, बल्कि नए वैश्विक समाधान का निर्माता है और उस निर्माण की जड़ें गांव में भी हो सकती हैं।

अभी तक भारतीय आईटी सेक्टर की पहचान यही थी कि 'काम हम करें, मालिकाना हक उनका हो।' वेंबू ने इसे उलट दिया। बिना विदेशी फंड और बिना शेयर मार्केट के दबाव के ज़ोहो आज 190 से ज़्यादा देशों में सेवाएं दे रहा है। अब यह संभव है कि सरकारी स्कूल का बच्चा ग्लोबल सॉफ्टवेयर बनाए। गांव की लड़की अंतर्राष्ट्रीय टीम संभाले। बिना एमबीए और आईआईटी के लोग प्रोडक्ट डिज़ाइनर बनें। कंपनी विदेशी निवेश के बिना भी बढ़े। यह दान नहीं, दूरदर्शी आत्मनिर्भरता के बूते संभव है।

पहली आईटी लहर ने भारत के शहरों को काम दिया। ज़ोहो वाली यह लहर भारत के गांवों को आत्मविश्वास दे रही है। इतना ही नहीं यह निम्नलिखित तीन मिथक को भी तोड़ती है। पहली, नवाचार सिर्फ शहरों में होता है। दूसरा टैलेंट की भाषा सिर्फ़ अंग्रेजी है और तीसरा सफलता के लिए निवेशक ज़रूरी हैं। ज़ोहो ने यह दिखाया कि लाभ, उत्पाद और अपना देसी मानव संसाधन को साथ लेकर भी विश्वस्तरीय सफलता हासिल की जा सकती है।

## तालिबान-भारत रिश्ता, चीन के लिए झटका





नवीन गुप्ता
बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और कूटनीति ने चीन और पाकिस्तान को चौंका दिया है। अफगानिस्तान में पहले दूतावास की पूर्ण रूप से बहाली की घोषणा और फिर अफगानिस्तान द्वारा खनिज पदार्थों की माइनिंग के लिए भारत को निमंत्रण यह बताने के लिए काफी है कि अब यह नया भारत है। अब तक चीन की कोशिश थी कि वह अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन अकेले ही करे, लेकिन भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है। इस रिश्ते में गर्मजोशी सदैव बनी रहेगी।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने दूतावास को बंद कर दिया था, हालांकि अब दूतावास फिर से सक्रिय होने जा रहा है। इसका लाभ दोनों देशों को मिलेगा। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के भारत दौरे ने बहुत कुछ बदल दिया है। मुत्ताकी ने भी भारत में नए राजनयिक भेजने की घोषणा की है। यहां चीन के साथ दोस्ती करने में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। चीन भी इस रिश्ते से सकते में है, क्योंकि मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में भारतीय माइनिंग कंपनियों के लिए दरवाजे जो खोल दिए हैं। चीन अर्से से इस कोशिश में लगा था कि अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन वह अकेले करेगा, लेकिन उसकी मंशा पर पानी फिर गया है।

अफगानिस्तान की सोना, कोयला, कॉपर, आयरन, लीथियम और यूरेनियम का अकूत भंडार है। इसके साथ ही तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। चीन की कंपनियां वहां खनन तो करना चाहती हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से वे वहां कदम रखने से कतराती हैं। फिलहाल चाइना मेटलर्जिकल ग्रुप कॉर्पोरेशन, गोचिन, शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस आदि कंपनियां वहां खनन कर रही हैं। तालिबान के कब्जे के बाद चीन ने लगभग सात बिलियन डॉलर निवेश किया है।

2023 में शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी ने तेल भंडार विकसित करने के उद्देश्य से 450 मिलियन डॉलर का समझौता तालिबान सरकार से किया था। चीन ने तालिबान सरकार पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में काबुल को शामिल करने का दबाव भी बनाया है, लेकिन इसमें सफलता मिलती नहीं दिख रही है। खनिजों के खनन में भारत को मिले अवसर से भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध और मजबूत होंगे। अफगानिस्तान के विकास में भारत का योगदान भी बढ़ेगा, जो दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखेगा। साथ ही यह निवेश भारत को मध्य एशिया में एक मजबूत भू-राजनीतिक स्थिति प्रदान करने में मदद करेगा। इससे क्षेत्र में न सिर्फ भारत का प्रभाव बढ़ेगा, बल्कि चीन, पाकिस्तान के प्रभाव का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी।

अफगानिस्तान 34 प्रांतों में बंटा हुआ है। यहां के बदख्शां प्रांत में लगभग दो हजार टन सोना, अमू दरिया बेसिन में प्रांत में करीब 400 मिलियन टन कोयला, नूरिस्तान व अन्य इलाकों में लीथियम, कोबाल्ट, नियोडिमियम, हिंदूकुश क्षेत्र में 1,300 मिलियन टन संगमरमर का भंडार है। इसी इसी तरह, लोगर प्रांत में लगभग 60 मिलियन टन तांबा तो बामियान प्रांत में 22 सौ मिलियन लौह अयस्क का भंडार है। इन खनिजों पर दुनिया के कई देशों की निगाह है। अब भारत की कंपनियां भी इन खनिजों में बड़ी हिस्सेदार होंगी।

भारत-अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। भारत ने वहां 500 से अधिक परियोजनाओं पर तीन अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत सरकार वहां सड़क, बिजली, बांध, अस्पताल आदि का निर्माण कर रही है। 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो संसद में भारत और अफगानिस्तान के ऐतिहासिक रिश्तों का बखान किया था। रूस ने तालिबान सरकार को मान्यता दे रखी है।

चीन ने अफगानिस्तान में अपना एक राजदूत भी नियुक्त कर रखा है। 40 से ज्यादा देशों ने किसी न किसी रूप में अफगानिस्तान से कूटनीतिक या अनौपचारिक संबंध बना रखे हैं। अब इस श्रेणी में भारत भी शामिल हो गया है, हालांकि तालिबान सरकार को अभी भारत ने मान्यता तो नहीं दी है, लेकिन अपना दूतावास पूर्ण रूप से खोलने का निर्णय जरूर ले लिया है। ईरान के बलूचिस्तान में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं। चाबहार भारत और अफगानिस्तान के लिए व्यापार और कनेक्टिविटी का एक महत्वपूर्ण रास्ता है, जो पाकिस्तान को बायपास करके मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है।

अफगानिस्तान के साथ आने से भारत को लाभ होगा। चाबहार बंदरगाह का विकास और उसमें अफगानिस्तान द्वारा भारत को सहयोग करना पाकिस्तान-चीन के लिए बड़ा झटका होगा। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे यह चाबहार बड़ा खतरा है। चाबहार बंदरगाह की वजह से भारत को पाकिस्तान से गुजरे बिना अफगानिस्तान और मध्य एशिया अपने उत्पाद पहुंचाने और वहां से लाने में आसानी होगी। अफगान विदेश मंत्री द्वारा चाबहार परियोजना पर सहयोग देने की घोषणा मात्र से ही पाकिस्तानी हुक्मरान असहज दिख रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की प्रासंगिकता कम होगी। मुत्ताकी ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए एक व्यापार समिति के गठन का एलान किया है। यह समिति भारत के साथ मिलकर बाधाओं को दूर करेगी। इससे दोनों देशों में व्यापार बढ़ेगा।

> भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है।

### आमने



मैं किसी भी सैन्य अधिकारी का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को फिर से लेने के लिए यह गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर इसे लेने का सही तरीका दिखाया। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।
–**पी चिदंबरम**, कांग्रेस नेता

### सामने



ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है, लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो बीजेपी और प्रधानमंत्री कर रहे हैं।
–**राशिद अलवी**, कांग्रेस नेता

## कॉपर बनेगा भविष्य की ऊर्जा का 'नया सोना'



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज़्यादा चमक रही है, वह है कॉपर। विशेषज्ञ अब इसे 'नया सोना' कह रहे हैं, क्योंकि यह आने वाले समय में हर उद्योग और हर देश की ऊर्जा का सबसे जरूरी हिस्सा बनने वाला है। आज हर इलेक्ट्रिक गाड़ी, सोलर पैनल, पवन चक्की और बिजली के तारों में कॉपर का इस्तेमाल होता है। कॉपर बिजली को बहुत तेजी से प्रवाहित करता है, इसलिए इसे ऊर्जा की नस कहा जा सकता है। आने वाले 10 सालों में जब दुनिया इलेक्ट्रिक और ग्रीन एनर्जी की ओर जाएगी, तब कॉपर की मांग बहुत ज़्यादा बढ़ जाएगी।

इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक दुनिया में कॉपर की कमी लगभग 1.5 लाख टन तक हो सकती है। यानी मांग अधिक होगी और आपूर्ति कम। इसी वजह से कॉपर की कीमतें बढ़ रही हैं। अक्टूबर 2025 में लंदन मेटल एक्सचेंज पर कॉपर की कीमत 10,700 डॉलर प्रति टन के पार चली गई, जो अब तक के ऊंचे स्तरों में से एक है। यह स्थिति दिखाती है कि आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग और कीमत दोनों में तेजी बनी रहेगी।

भारत की स्थिति इस बदलाव के केंद्र में है। कभी स्वदेशी उत्पादन के बल पर आत्मनिर्भर दिखने वाला भारत अब Refining कॉपर का शुद्ध आयातक बन चुका है। 2018 में वेदांता कंपनी की तूतीकोरिन (तमिलनाडु) यूनिट बंद होने के बाद भारत की घरेलू आपूर्ति में तेज गिरावट आई और आयात निर्भरता बढ़ गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 10.7 अरब डॉलर मूल्य का कॉपर आयात किया, जबकि निर्यात केवल 2.3 अरब डॉलर के आसपास रहा। इससे देश की विदेशी मुद्रा पर बोझ बढ़ा और भारत एक शुद्ध आयातक देश बन गया।

भारत के पास विशाल संभावनाएं हैं। देश में अनुमानित 12.2 मिलियन मीट्रिक टन कॉपर के भंडार हैं, जिनमें से लगभग 18% को उपयोगी भंडार माना गया है। अब सरकार चाहती है कि भारत फिर से कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बने। इसके लिए कई बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अडानी ग्रुप गुजरात के कच्छ में पांच लाख टन क्षमता वाली कॉपर स्मेल्टर यूनिट बना रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। वहीं जेएसडब्ल्यू ग्रुप ओडिशा में 0.5 मिलियन टन क्षमता की नई कॉपर फैक्ट्री लगाने की तैयारी में है। इन प्रोजेक्ट्स के शुरू होने से भारत की कॉपर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता घटेगी।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की कॉपर मांग 1,522 किलो टन थी, जो पिछले वर्ष से 16% ज्यादा थी। अनुमान है कि 2030 तक भारत की मांग तीन मिलियन टन और 2047 तक नौ मिलियन टन तक पहुंच सकती है। इस तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को खनन, Refining और Manufacturing तीनों क्षेत्रों में तेजी से काम करना होगा।

कॉपर उद्योग के विस्तार से भारत की GDP को सीधा फायदा होगा। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। ऊर्जा सुरक्षा के नजरिए से भी यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि घरेलू स्तर पर कॉपर की उपलब्धता बढ़ने से भारत अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होगा। निवेशकों के लिए भी यह समय सुनहरा अवसर है। अगर कोई निवेशक आज कॉपर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करता है, तो आने वाले पांच से दस साल में उसे अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, जो भारत की सबसे बड़ी कॉपर कंपनी है, ने FY2024 में 2,071 करोड़ की आय दर्ज की, जो पिछले साल से 20% अधिक है। इसका मार्केट वैल्यू अब लगभग 23,500 करोड़ है। इसके शेयर ने पिछले तीन सालों में 213% और पिछले पांच सालों में 900% तक की बढ़त दी है। यह साबित करता है कि जब वैश्विक मांग और घरेलू नीति साथ चलती हैं, तो कॉपर कंपनियों के मुनाफे और शेयर मूल्य दोनों तेजी से बढ़ते हैं।

सिर्फ हिंदुस्तान कॉपर ही नहीं, बल्कि अडानी कॉपर ट्यूब्स और जेएसडब्ल्यू मेटल्स जैसे नए खिलाड़ी भी इस उद्योग में कदम रख रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि 2026 तक कॉपर की कीमतें 12,000 डॉलर प्रति टन तक जा सकती हैं। ऐसे में जिन कंपनियों के पास खनन लाइसेंस, Refining संयंत्र और निर्यात करार होंगे, वे भविष्य में 'गोल्डन मल्टीबैगर' साबित हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि यह उद्योग पूंजी-गहन है और कीमतों में उतार-चढ़ाव रहेगा, इसलिए निवेशकों को लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए।

कॉपर सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि भारत के लिए आर्थिक ताकत और ऊर्जा सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है। अगर भारत ने सही नीति, निवेश और नवाचार का संतुलन बनाया, तो वह कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बन कर दुनिया का अग्रणी देश बन सकता है। यह समय है जब भारत को 'कॉपर क्रांति' को अपनाना चाहिए, क्योंकि आने वाले दशक में कॉपर ही भविष्य की ऊर्जा का असली सोना साबित होगा।

> दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज्यादा चमक रही है, वह है कॉपर।

### सोशल फोरम

## गुरुदत्त ने 'प्यासा' के एक सीन में लिए थे 104 टेक

गुरुदत्त ने तीन दफा अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया था। गुरुदत्त साहब के दोस्त व उनकी टीम का अभिन्न हिस्सा और दिग्गज सिनेमैटोग्राफर रहे वीके मूर्ति जी ने एक दफा एक वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में गुरुदत्त जी से अपनी पहली मुलाकात व उनकी शख़्सियत के बारे में कई बातें शेयर की थीं। उन्होंने कहा था, मैं गुरुदत्त से पहली दफा तब मिला था जब मैं फेमस स्टूडियो में असिस्टेंट कैमरामैन के तौर पर काम कर रहा था। उन्हीं दिनों अपनी फिल्म बाजी बनाने के लिए देवानंद के 'नवकेतन फिल्म्स' ने वो स्टूडियो किराए पर लिया। एक दिन मैंने गुरुदत्त को एक खास सीन के लिए एक अलग तरह का शॉट लेने की सलाह दी।




किस्सा टीवी
फेसबुक

वो शॉट जरा मुश्किल था। गुरुदत्त बोले कि उनका कैमरामैन वो नहीं कर पाएगा। मैंने उनसे कहा कि अगर आपका कैमरामैन मुझे ये शॉट लेने की परमिशन दे दे तो मैं इसे कैप्चर करना चाहूंगा। गुरुदत्त ने कहा कि आप दो से तीन टेक ही ट्राय कीजिएगा, मगर मैंने वो शॉट एक ही टेक में ले लिया। उस दिन पैकअप होने के बाद गुरुदत्त मेरे पास आए और बोले कि क्या तुम मेरी अगली फिल्म में मेरे साथ काम करोगे? और यूं गुरुदत्त के साथ मेरा सफर शुरू हो गया। वो बहुत महान डायरेक्टर थे। बहुत क्रिएटिव थे और अपने काम में बहुत रुचि रखते थे।

आर पार फिल्म की मेकिंग के दौरान मेरी और गुरुदत्त की तगड़ी लड़ाई हो गई थी। बाद में वो मेरे पास आए और उन्होंने बताया कि उन पर ये फिल्म जल्दी पूरी करने का बहुत प्रेशर है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें एक-दूजे के साथ को-ऑपरेट करना चाहिए और जल्दी काम फिनिश करना चाहिए। उसके बाद हमने हमेशा अच्छी तरह काम किया। कभी हमारी बहस नहीं हुई। वो बहुत सामान्य, बहुत ही खुशमिजाज इंसान थे। वो किसी मिडिल क्लास इंसान की तरह जीते थे। सफलता मिलने के बाद भी उनमें कोई बदलाव नहीं आया था। हम दोनों अक्सर डोसा और भेलपूरी खाने जाते रहते थे। स्टूडियो कंपाउंड में क्रिकेट खेलते थे।

प्यासा फिल्म के एक सीन में गुरुदत्त ने 104 टेक लिए थे। उस सीन में डायलॉग जरा लंबा था और वो बार-बार डायलॉग भूल रहे थे। मगर जब तक सीन परफेक्टली शूट नहीं हुआ तब तक वो रुके नहीं। उन्हें वो सीन एकदम परफेक्ट चाहिए था।

### सामयिकी

## त्योहार पर सेहत से खिलवाड़ और नैतिकता का सवाल

हर त्योहार पर मिलावटखोरों की चांदी हो जाती है। पैसा बनाने के चक्कर में वह अपने ही देश के लोगों की सेहत और जान से खिलवाड़ करते हैं। अहम सवाल यह है कि क्या भारतीय दुकानदारों का नैतिक पतन इस दर्जे गिर चुका है कि वह तमाम रोक-थाम के बावजूद मिलावटी सामान बेचने से बाज नहीं आते हैं। कुछ घटनाएं ध्यान खींचती हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए।

करावल नगर के शिव विहार से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद कीं। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया।



मनोज अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। 15 सितंबर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया, जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है।

23 सितंबर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितंबर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर, उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया।

26 सितम्बर को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोहन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितंबर को निजामपुर (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया गया, जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनाई जा रही थीं।

28 सितंबर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर (राजस्थान) से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितंबर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया।

30 सितंबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैंपल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितंबर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# बजट फ्रेंडली ईवी स्कूटर

*पेट्रोल के बढ़ते दामों और पर्यावरण संकट को देखते हुए बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऑटो कंपनियां भी अब स्टाइल से लेकर परफॉर्मेंस और पर्सनालिटी के बेहतरीन कॉम्बिनेशन वाले नए-नए मॉडल्स पेश कर रही हैं, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर स्विच करने वालों को अब बजट, स्पीड या फिर फीचर्स को लेकर समझौता नहीं करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर आप भी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आज हम आपको 2025 के पांच ऐसे स्कूटर्स के फीचर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके और आपके पॉकेट के लिए बेस्ट रहेंगे।*



## एथर 450 एस

एथर 450 एस एक स्मार्ट, फीचर-लोडेड और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक है। इस स्कूटर में कंपनी ने 2 .9 केडव्ल्युएच का बैटरी पैक दिया है, जो एक एफिशिएंट मोटर के साथ आता है। इस मॉडल की मोटर 5 .4 केडव्ल्यु बैटरी की पावर और 22 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह करीब 115 किमी की क्लेम्ड रेंज और 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड देता है। इसकी कीमत कि बात करें तो, इस मॉडल की कीमत वेरिएंट और जगह के हिसाब से अलग-अलग है। इस मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 1,20,841 से 1.44 लाख रुपये है। इसमें 7-इंच का कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। स्कूटर का डीपव्यू डिस्प्ले रीयल टाइम नेविगेशन, राइड मोड और कनेक्टेड फीचर्स ऑफर करता है।

## टीवीएस ऑरबिटर

टीवीएस ऑरबिटर एक किफायती और फीचर से लैस इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग 115-158 किमी की रेंज कवर करता है। साथ ही 3.1 केडव्ल्युएच बैटरी और मिड-माउंटेड मोटर द्वारा ऑपरेटेड 68 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता। फीचर्स की बात करें



तो एक मल्टी-कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आता है। यह ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल-होल्ड असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, यूएसबी चार्जिंग, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, थेफ्ट अलर्ट और ओटीए अपडेट सहित कई फीचर्स हैं। इसके अलावा यह 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज कैपेसिटी भी ऑफर करता है, जो दो हाफ फेस हेलमेट और डुअल राइड मोड को स्टोर करने में सक्षम है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 99,000 रुपये है। जगह के अनुसार कीमत में बदलाव हो सकता है।



## हीरो विडा वी 2 प्रो

हीरो विडा वी 2 प्रो 3.94 केडव्ल्युएच बैटरी और 6 केडव्ल्यु मोटर से लैस है, जो 25 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो का यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 165 किमी रेंज ऑफर करता है, जिसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है। इसमें रिमूवेबल बैटरी है, जिसे आप घर या ऑफिस कहीं भी आसानी से चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें 4 राइड मोड, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग और एक बड़ा टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स हैं। इसे आप 1.20 लाख की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं। हालांकि जगह के अनुसार कीमत बदल सकती है।



## बजाज चेतक 3501

बजाज चेतक 3501 की 3.5 केडव्ल्युएच बैटरी 153 किमी तक चलती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटे है। इसमें 35 एल अंडर सीट कैपेसिटी, एंटी थेफ्ट अलर्ट, ओवरस्पीड अलर्ट, आईपी 67-रेटेड बैटरी पैक और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं। इस स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.22 लाख रुपये है। जगह के अनुसार गाड़ी की कीमत में बदलाव हो सकता है।





# डैशकैम : सड़क सुरक्षा का स्मार्ट तरीका

*भारत में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ ही सड़क हादसों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे माहौल में कार मालिकों के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अब लोग अपनी गाड़ियों में डैशकैम लगवाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह छोटा सा कैमरा अब सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा उपकरण बन चुका है। डैशकैम न सिर्फ आपकी ड्राइविंग को सुरक्षित बनाता है, बल्कि किसी भी विवाद में आपका मौन गवाह साबित होता है। यह एक बार का निवेश है, जो लंबी अवधि में आपकी सुरक्षा और मानसिक सुकून दोनों सुनिश्चित करता है।*

### क्या है डैशकैम

डैशकैम एक छोटा डिजिटल कैमरा होता है, जिसे आमतौर पर कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान लगातार वीडियो रिकॉर्ड करता है। किसी एक्सीडेंट, ट्रैफिक विवाद या सड़क पर हुई दुर्घटना की स्थिति में फुटेज महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर काम आते हैं। कई देशों में डैशकैम फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है और अब भारत में भी इसके उपयोग को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

### क्यों जरूरी है कार में डैशकैम

डैशकैम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सड़क हादसे में अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि गलती किसकी थी। ड्राइवर की या सामने वाले की। ऐसे में डैशकैम की वीडियो रिकॉर्डिंग विवाद को सुलझाने में निर्णायक साबित होती है। साथ ही यह इंश्योरेंस क्लेम प्रक्रिया को भी आसान बनाता है। कई बार कार पार्किंग में खरोंच लग जाए या कोई वाहन टकरा जाए, तो डैशकैम फुटेज से जिम्मेदारी तय करने में मदद मिलती है।

## टिप्स

### डैशकैम खरीदने से पहले जानें ये जरूरी बातें

**हाई वीडियो क्वालिटी**

कैमरे की रिजॉल्यूशन कम से कम फुल एचडी (1080 एमपी) या उससे बेहतर होनी चाहिए ताकि नंबर प्लेट और सड़क की डिटेल्स साफ दिखें।

**स्टोरेज कैपेसिटी**

बड़ी मेमोरी सपोर्ट वाला डैशकैम चुनें, जिससे पुरानी रिकॉर्डिंग को बार-बार डिलीट न करनी पड़े। कई मॉडल्स में लूप रिकॉर्डिंग फीचर होता है, जो पुराना डेटा खुद ही ओवरराइट कर देता है।

**बैटरी और पावर सपोर्ट**

सुनिश्चित करें कि कैमरे में अच्छा बैटरी बैकअप हो या वह कार के पावर सॉकेट से सीधे जुड़ सके।

**जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स**

जीपीएस वाला डैशकैम लोकेशन और स्पीड डेटा के साथ वीडियो सेव करता है। वहीं, वाई-फाई या ब्लूटूथ सपोर्ट से फुटेज मोबाइल में आसानी से ट्रांसफर किया जा सकता है।

**नाइट विजन और वाइड एंगल लेंस**

कम रोशनी में भी साफ रिकॉर्डिंग के लिए नाइट विजन और वाइड एंगल व्यू (120-170 डिग्री) वाले कैमरे ज्यादा कारगर रहते हैं।

**डबल चैनल रिकॉर्डिंग**

अगर बजट अनुमति देता है, तो फ्रंट और रियर दोनों व्यू रिकॉर्ड करने वाला डैशकैम खरीदें। इससे पीछे से होने वाली टक्करें भी रिकॉर्ड हो जाती हैं।





# कार नहीं दे रही मनचाहा माइलेज अपनाएं ये उपाय

आज के समय में कार सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में लाखों लोग हर दिन कार से सफर करते हैं, लेकिन अक्सर उनकी शिकायत होती है कि गाड़ी का माइलेज उम्मीद से कम मिलता है। अक्सर सर्विस सेंटर जाकर भी कई बार कोई खास सुधार नहीं दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए कार का एवरेज कैसे बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिसको अपनाकर आप अपनी कार का माइलेज बढ़ा सकते हैं।

### नियमित सर्विस

आप अगर अपनी कार से अच्छा माइलेज चाहते हैं, तो उसकी सर्विसिंग में लापरवाही न करें। समय पर सर्विस न कराने से इंजन ऑयल खराब हो जाता है और ऑयल फिल्टर चोक होने लगता है। इससे इंजन पर दबाव बढ़ता है और फ्यूल खपत भी ज्यादा होती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन की परफॉर्मेंस बनी रहती है और माइलेज बेहतर होता है।





### टायर प्रेशर पर ध्यान दें

कार के टायरों में सही मात्रा में हवा होना माइलेज के लिए बेहद जरूरी है। अगर टायरों में हवा कम है, तो इंजन पर ज्यादा लोड पड़ता है और गाड़ी को चलाने में अधिक फ्यूल लगता है। इसलिए हफ्ते में एक बार टायर प्रेशर जरूर चेक करें और कंपनी द्वारा बताई गई सीमा के अनुसार हवा भरवाएं।

### कंट्रोल स्पीड में चलाएं कार

गाड़ी को बहुत तेज चलाना ईंधन की खपत को बढ़ा देता है। बेहतर होगा कि कार को हमेशा नियंत्रित और नर्माल स्पीड में चलाएं। आमतौर पर 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार सबसे संतुलित मानी जाती है। इस स्पीड पर इंजन कम पावर लेता है और कार अच्छा एवरेज देती है।

### बदलें छोटी-छोटी आदतें

ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाना, ज्यादा एक्सीलेरेटर देना या क्लच को लगातार दबाए रखना। ये सब गलत आदतें हैं, जो माइलेज कम करती हैं। इसके अलावा, अगर कार लंबे समय तक खड़ी है, तो इंजन बंद कर दें। इससे फ्यूल बचेगा और एवरेज में सुधार होगा।

## 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित कर रहे थे।

### बिजीनेस ब्रीफ

## फ्लिपकार्ट को फेमा केस बंद करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ईडी ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया कि ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।

## भारत से 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।



चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

## फिलिप्स भारत में लाएगी वैश्विक उत्पाद

**मुंबई।** वैश्विक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी कंपनी फिलिप्स भारत में अपने पुरुष सौंदर्य और मातृ एवं शिशु देखभाल उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करना जारी रखेगी। इसके अलावा वह घरेलू बाजार में अपने वैश्विक उत्पादों की पेशकश को भी आगे बढ़ाएगी। फिलिप्स इंडिया ने यह भी कहा कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी प्रीमियम खंड में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देख रही है। फिलिप्स पर्सनल हेल्थ के प्रमुख स्मित शुक्ला ने कहा कि हम पुरुषों की देखभाल और मां-बच्चे की देखभाल से जुड़े उत्पादों को नवाचार और सुधारों के साथ लगातार बेहतर बनाते रहेंगे।

# स्वदेशी एआई को वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ योजना पर चल रही बातचीत

**कैंडोलिम (गोवा), एजेंसी**

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े



उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईसीएआई का प्रस्ताव है कि भारत में विकसित किए जा रहे एलएलएम को वित्तीय और आर्थिक डेटा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान के पास कंपनियों के बही-खाते, ऑडिट रिपोर्ट जैसी प्रमाणित जानकारी है, जो एआई मॉडल के लिए उपयोगी हो सकती है। आईसीएआई का कहना है कि वे प्रामाणिक और सटीक वित्तीय डेटा देने में सक्षम हैं।

### घरेलू एमडीपी के वित्तपोषण पर बन रही रिपोर्ट

देश में बड़ी स्वदेशी बहु-विषयक साझेदार फर्म (एमडीपी) की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसीएआई एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसी फर्मों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि देश में ऐसी बहु-विषयक साझेदार फर्म तैयार की जाएं जो ऑडिटिंग और परामर्श सेवाओं को एक साथ प्रदान कर सकें और वैश्विक स्तर पर सक्रिय हों। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने रविवार को कहा कि सरकार के स्तर पर चर्चा हो रही है और संबंधित मुद्दों की समीक्षा की जा रही है। वैश्विक परामर्श और लेखा परीक्षा उद्योग का मूल्य लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर है और इसमें विदेशी कंपनियों का दबदबा है। सरकार स्वदेशी पेशेवर सेवा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बनाने के प्रयास कर रही है, और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों के लिए विस्तार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।



## दूरसंचार नेटवर्क विस्तार में स्थानीय प्राधिकरण बाधक

**नई दिल्ली।** दूरसंचार बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए जरूरी मंजूरियां देने में स्थानीय प्राधिकरणों की देरी, मनमाने शुल्क और असंगत प्रक्रियाओं के कारण डिजिटल नेटवर्क के विस्तार में बाधा आ रही है।

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने भारत मोबाइल कांग्रेस 2025 में राज्य के आईटी मंत्रियों के साथ एक बैठक में राज्य सरकारों से एकल खिड़की प्रणाली को चालू करने, समयबद्ध ढंग से मंजूरी देने, तर्कसंगत लागत आधारित शुल्क सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की आईटी नीतियों को नए विकास के साथ जोड़ने के लिए भी कहा। पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2030 तक देश के सभी गांवों में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड देने हैं।

## महिला-पुरुष अंतर पाटने पर काम कर रहा एसबीआई

- महिला कर्मियों की संख्या 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की है। बैंक का लक्ष्य पांच साल के भीतर अपने महिला कार्यबल को बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने का है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि अगर हम अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की बात करें, तो महिलाएं लगभग 33 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल मिलाकर, वे कुल कार्यबल का 27 प्रतिशत हैं। इसलिए, हम इस प्रतिशत को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि विविधता और बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक इस अंतर को पाटने और अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठा रहा है। एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2.4 लाख से अधिक है, जो देश के किसी भी संगठन और बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां महिलाएं सभी स्तरों पर आगे बढ़ सकें और लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से एसबीआई नेतृत्व, कार्य-जीवन संतुलन और कार्यस्थल पर सम्मान को बढ़ावा देता है।

पोलुदासु ने कहा कि बैंक कामकाजी माताओं के लिए क्रेश भत्ता प्रदान करता है। इसके अलावा मातृत्व अवकाश या विस्तारित बीमारी अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए परिवार संपर्क चलाता है।

## निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन समझौता

- विशेषज्ञ बोले-निर्यात के साथ कारोबार में भी होगी वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा।

रल्हन ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

## टाटा मोटर्स और मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

- हुंदै और टोयटा किलोस्कर की घटी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

टाटा की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल टाटा ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 वाहन बेचे, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत रही थी।

## एनएसई पर रोज 17 करोड़ साइबर हमले

**मुंबई, एजेंसी**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं।

- योद्धाओं की टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

### ट्रेडिंग सदस्यों की नियमित होती है ऑडिट



अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है। एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

## आतिथ्य, यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली।** दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।



# संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे

- महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश गवई बोले

**रत्नागिरि, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि देश मजबूत और एकजुट रहे, जबकि पड़ोसी देश अशांति और उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मंडणगड तालुका में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह भवन ऐसे क्षेत्र में बना है, जिसमें संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर का पैतृक गांव अंबावडे भी शामिल है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि युद्ध और शांति, दोनों ही स्थितियों में देश एकजुट रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर रहा है। हमने आंतरिक आपातकाल भी देखा है, लेकिन हम मजबूत और एकजुट रहे हैं।

यह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण है, जो हमें उन पड़ोसी देशों से अलग करता है, जहां अशांति का माहौल है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल में नेपाल में अशांति के कारण सरकारों में बदलाव हुआ है, साथ ही दंगों और आगजनी के कारण नागरिकों को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद की जाती है, फिर भी न्यायपालिका को सभी तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए धन के संदर्भ में कार्यपालिका से सहयोग प्राप्त करना होता है। हाल में नासिक, नागपुर, कोल्हापुर और दरियापुर में न्यायालय भवनों का उद्घाटन हुआ है।



### न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में एक न्यायाधीश के रूप में, मैंने न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई है और यह सुनिश्चित किया है कि कई न्यायिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी हों। मुझे सबसे अधिक संतोष कोल्हापुर सर्किट बेंच (मुंबई उच्च न्यायालय की) और यह मंडणगड न्यायालय भवन को देखकर हुआ है, जो दो वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। इसे एक सपने के साकार होने जैसा बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने मंडणगड न्यायालय भवन परियोजना में तेजी लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया।

## तस्कर से 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक तस्कर को पकड़ा और उसके कब्जे से 20 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए। अर्धसैनिक बल द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली कि सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक भारतीय नागरिक बांग्लादेश से लाए गए अवैध सोने की तस्करी होरंदीपुर इलाके से करने योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क कर दिया गया। इसमें बताया गया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे बीएसएफ जवानों ने बांस के घने जंगल के पीछे एक व्यक्ति को घूमते देखा।

# लड़कियां रात में बाहर न घूमें : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना पर रविवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए।



खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। कहा कि निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कथित घटना को स्तब्धकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। ममता ने कहा कि पीड़िता जिस संस्थान की छात्रा है, वह (संस्थान) भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं, खासतौर पर राज्य के बाहर की छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए।

- मुख्यमंत्री ने कहा-निजी कॉलेज लें छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी

### गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक बलात्कार में संलिप्तता के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान अभी उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बेहद संवेदनशील मामला है और हम आगे की जानकारी बाद में देंगे। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस ने परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में अपराध स्थल की घेराबंदी कर दी।

# आरएटी की फिर जांच करेगी एयर इंडिया

**मुंबई, एजेंसी**

विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि उन सभी विमानों में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच की जाए, जिनके पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल (पीसीएम) को एयरलाइन ने हाल में बदला है। सुरक्षा नियामक ने साथ ही अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग से बिना कमांड वाले आरएटी की तैनाती के संबंध में लागू किए जाने वाले निवारक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि हाल में एयर इंडिया 787 विमानों से जुड़ी दो घटनाओं में आरएटी प्रणाली सक्रिय हो गई थी।



- डीजीसीए ने दिए निर्देश, बोइंग से भी मांगी रिपोर्ट

आमतौर पर विमान के दोनों इंजन, इलेक्ट्रॉनिक तंत्र और हाईड्रोलिक प्रणाली खराब होने पर आरएटी सक्रिय होता है। पायलटों के समूह फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने नागर विमानन मंत्री को एक पत्र लिखकर सरकार से एयर इंडिया के पूरे बी787 विमान बेड़े को उड़ान भरने से रोकने और एयरलाइन का विशेष ऑडिट करने का आग्रह किया है।डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया को उन सभी विमानों के आरएटी की फिर से जांच करने की सलाह दी गई है, जिनके पीसीएम मॉड्यूल को हाल ही में बदला गया था। पीसीएम एक महत्वपूर्ण विद्युत घटक है, जो विमान की बिजली उत्पादन प्रणाली से विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों और उपकरणों में विद्युत शक्ति को भेजता और नियंत्रित करता है। बोइंग को पीसीएम मॉड्यूल में बदलाव के बाद दुनिया भर के विमान संचालकों से प्राप्त सेवा संबंधी किसी भी कठिनाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है।

## सबरीमला में सोना गायब होने में बोर्ड पर सवाल

**कोच्चि।** सबरीमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) से गायब हुए सोने को लेकर टीडीबी की सतर्कता रिपोर्ट ने 2019 के बोर्ड को सवालों के घेरे में ला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की सोना चढ़ी तांबे की चादरों को तत्कालीन बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के बिना अतिरिक्त सोना चढ़ाए जाने के लिए चेन्नई ले जाना असंभव था। रिपोर्ट के आधार पर केरल उच्च न्यायालय ने विस्तृत जांच के लिए एक एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था।

# 33 लाख छात्रों को पढ़ा रहे एकल-शिक्षक स्कूल

- देश में ऐसे एक लाख विद्यालय, यूपी में सर्वाधिक छात्र नामांकित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है।

देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है।

### शिक्षकों की तैनाती का किया जा रहा प्रयास



एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर स्कूलों का युक्तिकरण कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेशेल्स: पैट्रिक हर्मिनी होंगे नए राष्ट्रपति



**विक्टोरिया।** सेशेल्स में विपक्ष के नेता पैट्रिक हर्मिनी ने शनिवार को दूसरे चरण के मतदान में मौजूदा नेता वेवल रामकलावन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। रविवार तड़के जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, हर्मिनी को 52 .7 प्रतिशत वोट मिले, जबकि रामकलावन को 47 .3 प्रतिशत वोट मिले। हर्मिनी 'यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 2020 में सत्ता गंवाने से पहले चार दशकों तक देश का नेतृत्व किया था। रामकलावन ने लिनयोन डेमोक्रेटिक सेसेलवा पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति पद के लिए दो सप्ताह पूर्व हुए मतदान में कोई स्पष्ट विजेता नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें मुख्य दावेदार रामकलावन और हर्मिनी थे।

### सूडान : ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स की ओर से ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुज़ुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए।

### चीनी दल ने फिलीपींस के जहाज को टक्कर मारी

**मनीला।** चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपींस सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में फिलीपींस के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपींस के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया।

# नेपाल: सोने की तस्करी में पकड़े गए प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष महरा

**कांठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता को लेकर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 67 वर्षीय उपाध्यक्ष को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महरा को 8.55 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसे तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रखा गया था। तब दुबई से आ रहे एक चीनी नागरिक को काठमांडू हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अंदर छिपाकर सोने की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया था। महरा को उस वक्त बाजार में सोना बेचने में आपराधिक गिरोहों और हवाई अड्डा के कुछ अधिकारियों की मदद में लिप्त पाया गया था। प्रतिनिधि सभा भारतीय लोकसभा की तरह नेपाल में संसद का निचला सदन होती है।



- महरा पर 8.5 करोड़ के सोने की तस्करी में लिप्त होने का है आरोप

# महाशक्तियों के बीच गहराता शीतयुद्ध

# चीन और अमेरिका




विश्व की दो सबसे बड़ी महाशक्ति चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के मुख्य कारण तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के साथ चीन की सैन्य शक्ति में वृद्धि है। चीन का दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण है। माना जा रहा है कि चीन ने तकनीकी वर्चस्व पर अमेरिका के नियंत्रण को रोकने के लिए ही दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी वजह से व्यापार युद्ध में एक-दूसरे पर पहले से हावी होने की कोशिश कर रहे इन दोनों देशों के बीच एकाएक टकराव और बढ़ गया है। दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है और उसने इसके निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है। अमेरिका ने जवाब में चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जिसका चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इस नए टकराव ने वैश्विक अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

### तनाव के मुख्य कारण

- तकनीकी प्रतिस्पर्धा सबसे प्रमुख, दोनों देश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य हाईटेक क्षेत्रों में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।
- आर्थिक प्रतिस्पर्धा के चलते अमेरिका चीन के बड़े व्यापार घाटे से चिंतित है और टैरिफ लगाकर चीन के निर्यात को काबू करने का प्रयास कर रहा है।
- अमेरिका की सुरक्षा चिंताएं भी एक कारण है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अमेरिका की चिंता बढ़ रही है।

### टकराव का दुनिया पर असर

- दुनिया की अर्थव्यवस्था इन दोनों देशों पर बहुत निर्भर है। इस टकराव से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बड़े व्यवधान आ सकते हैं, जिससे कई उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।
- व्यापार युद्ध से वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता खत्म हो सकती है।
- निवेश में बदलाव की भी संभावना बढ़ेगी। कंपनियां स्वाभाविक रूप से निर्भरता कम करने के लिए चीन से बाहर वैकल्पिक उत्पादन स्थलों की तलाश करेंगी।

### दुर्लभ खनिजों पर सख्ती क्यों

- चीन ने इन खनिजों के निर्यात पर सख्ती इसलिए बढ़ाई है ताकि वह अपनी भूराजनीतिक शक्ति बढ़ा सके और अमेरिका जैसे देशों पर दबाव डाल सके।
- यह जवाबी कार्रवाई भी है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात नियंत्रित करके दबाव बनाया।
- चीन का तर्क है कि ये खनिज सैन्य और नागरिक उपयोग दोनों तरह के उत्पादों में इस्तेमाल होते हैं। अमेरिका इनका सैन्य इस्तेमाल ज्यादा कर रहा है।
- चीन खनन से होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का हवाला भी दे रहा है। हालांकि इसे उसका बहाना माना जा रहा है।

**चीन पर असर :** भारी टैरिफ के कारण विदेशी कंपनियां चीन में निवेश करने से हिचकिचाएंगी।

### उत्पादन की स्थिति

- दुर्लभ खनिजों के उत्पादन पर हावी चीन वैश्विक उत्पादन के 61% का खनन करता है और विश्व के 92% से अधिक प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है।
- हालांकि कुछ अन्य देशों में भी दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं। अमेरिका के माउंटेन पास में एक खदान है, लेकिन यह वैश्विक मांग को पूरा नहीं कर सकती।
- दुर्लभ खनिजों पर चीन की एकाधिकार जैसी स्थिति ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बहुत कमजोर बना दिया है, इस कारण दुनिया चीन पर निर्भर हो गई है।

### भारत के लिए संकेत

- भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है क्योंकि अमेरिका समेत कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला तलाश रहे हैं।
- भारत-अमेरिका हिंद महासागर में चीन की बढ़ती शक्ति का मुकाबला करना चाहते हैं। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का मौका मिलेगा।

# गाजा युद्ध: मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

## ट्रंप और अब्देल फतेह करेंगे अध्यक्षता, यूएन महासचिव गुटेरेस भी लेंगे हिस्सा

**काहिरा, एजेंसी**

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिस्र में सोमवार को आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भारत सहित करीब 20 देशों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। गाजा पट्टी में शांति लाने के मकसद से मिस्र के मशहूर पर्यटक स्थल शर्म-अल-शेख में सोमवार को होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी न्योता भेजा गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के मुताबिक इस बेहद महत्वपूर्ण सम्मेलन में आमंत्रित किए गए देशों में भारत का नाम भी शामिल है। उसने सीसी के कार्यालय के हवाले से बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के नजरिए और वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी लगातार की जा रही कोशिशों के अनुरूप है। इसका मकसद गाजा में चल रही जंग को खत्म करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में गाजा में युद्ध समाप्त करने संबंधी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन को 'शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन-गाजा में युद्ध की समाप्ति के लिए समझौता' नाम दिया गया है। गुटेरेस के कार्यालय ने उनके इसमें भाग लेने की पुष्टि की है।



युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद गाजा में घरों को लौटते फिलिस्तीनी।

### वार्ता के बाद हस्ताक्षर समारोह

ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर एक 'हस्ताक्षर समारोह' भी शामिल होगा, जो दो साल के संघर्ष और रक्तपात के बाद इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। यह शिखर सम्मेलन हाल के दिनों में शर्म अल-शेख में गहन परोक्ष वार्ता के बाद इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति के बाद हो रहा है। बीते दो साल से चल रही इस जंग में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### कई यूरोपीय नेता होंगे शामिल, शहबाज भी पहुंचेंगे

इस सम्मेलन में अरब, मुस्लिम, एशियाई और यूरोपीय देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा कई यूरोपीय नेताओं ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र आने की पुष्टि कर दी है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित रह सकते हैं। इनके अलावा ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। इन सभी को शिखर सम्मेलन का निमंत्रण भेजा गया है।

### क्या होगा आगे... कैदियों को रिहा करेगा हमास निरस्त्रीकरण और शासन पर जारी रहेगी वार्ता

इजराइली रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप की योजना के मुताबिक समझौते की शर्तों के तहत इजराइली सेना ने गाजा के अंदर एक हद तक अपनी वापसी पूरी कर ली है। अगले तीन दिनों में हमास को अभी भी बंद सभी 48 कैदियों को रिहा करना होगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने का अनुमान है। उम्मीद है कि इजराइल और हमास ट्रंप की योजना के अगले चरणों पर चर्चा जारी रखेंगे, जिसमें हमास निरस्त्रीकरण, युद्धोत्तर प्रशासन और नए संघर्ष को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच युद्धविराम जारी रहेगा।

## सबसे बड़ी नौका दौड़



इटली की ट्राइस्टे की खाड़ी में रविवार को हजारों लोगों ने पारंपरिक बारकोलाना रेगाटा में भाग लिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी नौका दौड़ है जो हर साल अक्टूबर में होती है। इसे एक बड़े समुद्री उत्सव की तरह संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया जाता है।

### मिस्र में हुई कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किमी दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम होने का जश्न मनाने शहर जा रहे थे। कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ था। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

# चीन की अमेरिका को चेतावनी, 100% टैरिफ का कड़ा जवाब देंगे

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने दुर्लभ खनिज और ऐसी दूसरी वस्तुओं के निर्यात पर अंकुश से जुड़े फैसले का बचाव करते हुए इसे वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक वैध कदम बताया है, साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर कायम रहते हैं तो वह इसका ठोस जवाब देगा।

चीन ने बृहस्पतिवार को दुर्लभ खनिज, लिथियम बैटरी और दुर्लभ खनिज आधारित सामग्री के खनन व प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नयी पाबंदियों की घोषणा की थी। तत्काल प्रभावी हुईं इन पाबंदियों के दायरे में उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विदेशी हस्तांतरण भी आता है। बीजिंग ने कहा कि यह निर्णय इस चिंता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कुछ विदेशी कंपनियां सैन्य उद्देश्यों के लिए चीन से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग कर रही हैं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू हो गया।



- कहा- टैरिफ की धमकी देकर चीन के साथ नहीं बैठ सकता तालमेल

### गलत रास्ता छोड़े और वार्ता से दूर करे मतभेद

चीन ने कहा, हम व्यापार युद्ध से नहीं डरते। अमेरिका अपनी गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन कॉल के दौरान बनी महत्वपूर्ण सहमति का पालन करे और वार्ता और पारस्परिक सम्मान एवं समान परामर्श के माध्यम से व्यापार मतभेदों को हल करे। बयान में कहा गया, अगर अमेरिका गलत रास्ते पर जाने पर अड़ा रहता है तो चीन निश्चित रूप से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

ट्रंप की धमकी से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में अमेरिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। कहा, जानबूझकर भारी टैरिफ लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।

# ट्रंप का आदेश, जितना भी पैसा है उससे पहले सैनिकों को दें वेतन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे।

ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं क्योंकि हमारे बहादुर



सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं।

# यूक्रेन की पावर ग्रिड पर रूस ने फिर किया हमला

## सर्दी से पहले यूक्रेन का ऊर्जा ढांचा ठप करने के अभियान के तहत बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

रूस ने रविवार रात यूक्रेन की पावर ग्रिड पर हमला किया ताकि सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप कर दिया जाए। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को अमेरिका की ओर से यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दिए जाने की संभावना पर गहरी चिंता जता चुका है।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल उपलब्ध कराने के बारे में एक तरह से निर्णय ले लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यूक्रेन का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाला है।

इस बीच, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक टिप्पणी में कहा, टॉमहॉक का विषय बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह वाकई एक बहुत नाटकीय क्षण है क्योंकि हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी एवं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भी रविवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें देगा। मुझे लगता है कि हमें शांत रहने की ज़रूरत है।

### जेलेंस्की ने की रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग




यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है। कहा, रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ 3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, रूसी तेल के खरीदार जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं, उनके के खिलाफ प्रतिबंध, टैरिफ और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 12 .24 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- आर्द्रा 12 .26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज नए मित्र बन सकते हैं। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

**वृष** – आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। किसी महत्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा।

**कर्क** – आज आपके ऊपर अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की संभावना है।

**सिंह** – आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज गुप्त शत्रुओं की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है।

**तुला** – आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति काफी अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की संभावना है। आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं, जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी।

**धनु** – आज शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे।

**मकर** – आज लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। विपरीत परिस्थितियों में फंसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कुंभ** – आज विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। किसी को उधार धन न दें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** – आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है।

## सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |



एसीए वीडीसीए स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड होना गर्व की बात है। मैं आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश क्रिकेट संघ को धन्यवाद देती हूं। विशाखापत्तनम का मेरे दिल में विशेष स्थान है, जहां मैंने खेल को सीखने, अपने कौशल को निखारने के लिए घंटों मेहनत की है।
–पूर्व कप्तान मिताली राज


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### हमें मैच को पांचवें दिन तक खींचना होगा: पियरे

**नई दिल्ली :** दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती तीन दिन तक पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर खारी पियरे को उम्मीद है कि उनकी टीम के पास मैच को पांचवें दिन तक ले जाने का मौका है। पियरे ने कहा मुझे लगता है कि पिच अभी भी अच्छी है, कभी-कभी गेंद स्पिन हो रही है। पियरे ने भारतीय स्पिनरों को विकेट लेने में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा अगर पिच ऐसे ही बनी रही, तो हमारे बल्लेबाजों को टिकने और रन बनाने का भरपूर मौका मिलेगा। हम पांचवें दिन तक मैच खींच सकते हैं। अभी यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच है, लेकिन जैसे ही हम चौथे दिन के अंतिम सत्र या पांचवें दिन पहुंचेंगे, मुझे लगता है कि पिच काफी टूटेगी, गेंद नीची रहेगी और थोड़ा ज्यादा स्पिन भी करेगी।

### पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई: डोएशे

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि पिच के धीमा होने से बल्लेबाजी आसान हो गई है, जिससे भारतीय स्पिनरों को चौथे दिन काफी मेहनत करनी पड़ेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को फालोऑन खेलने पर मजबूर किया, पर जॉन कैंपबेल और शाई होप ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करते हुए दूसरी पारी को मजबूती दी। हमें लगा था कि पिच धीरे-धीरे और खराब होती जाएगी और दिन के अंत तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जायेगी पर ऐसा नहीं हुआ है। यह अभी भी धीमी हो गई है। गेंदबाजों के लिए अब गति हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# फॉलोऑन के बाद कैंपबेल और होप ने वेस्टइंडीज को संभाला

## पारी की हार से बचने के लिए अभी 97 रन और बनाने होंगे, आज परिणाम आने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा।

कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 140 रन से की लेकिन आधे घंटे के खेल के बाद कुलदीप ने शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड कर भारत के दबदबे को मजबूत किया। वेस्टइंडीज की पहली पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर सिमटी।

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। दूसरे सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह ने खारी पियरे को बोल्ड कर मैच में पहली सफलता हासिल की। इसके बाद कुलदीप ने जेडेन सील्स को पगबाधा कर टेस्ट करियर के 15वें टेस्ट में पांचवीं बार पांच विकेट पूरे किये। दिन के शुरुआती सत्र में कुलदीप ने अपनी फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोर दिया।



वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे दिन हार टाल दी। एजेंसी

### वेस्टइंडीज

**173/2 (दूसरी पारी) (49 ओवर)**

| | |
|---|---|
| जॉन कैंपबेल खेल रहे हैं | 87 |
| तेगनारायण का गिल बो सिराज | 10 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 |
| शाई होप खेल रहे हैं | 66 |

**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

### जेडेन सील्स पर जुर्माना लगा

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी।

# कुलदीप ने पांच विकेट लेते ही रचा इतिहास दिग्गजों की बराबरी की



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालांकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दी: उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते।

**15** टेस्ट मैचों में पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं

**19** वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से लिए 33 विकेट

### सभी फॉर्मेट में है शानदार रिकॉर्ड

सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं; 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट; और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है–यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्ट इंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाजा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियाँ बजीं, टीम ने तालियाँ बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूँ। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा जो सिर्फ मैच नहीं जिताते, बल्कि करियर भी तय करते हैं।



स्मृति मंधाना।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन विकेट से हराया

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

ऐनाबेल सदरलैंड (पांच विकेट) और सोफी मोलिन्यू (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एलिसा हीली (142) की शतकीय और एलिसा पैरी (नाबाद 47) की पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के मुकाबले में छह गेंदे शेष रहते भारतीय टीम को तीन विकेट से हरा दिया।

331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए अलिसा हीली और फोबी लिचफिल्ड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में श्री चाराणी ने चिलफिल्ड (40) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने बेनी मूथ (चार) और उसके बाद श्री चारणी ऐनाबेल सदरलैंड (शून्य) को आउट कर मैच पर बनाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान एक छोर थामे अलिसा हीली रन बनाती रही। 39वें ओवर में श्री चारणी ने अलिसा हीली को आउट किया। हीली ने 107 गेंदों में 21 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 147 रनों की पारी खेली। एश्ली गार्डनर (45) को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। तालिया मैक्ग्रा (12) को दीप्ति शर्मा तथा सोफी मोलिन्यू (18) को अमनजोत कौर ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका देकर मैच को रोमांचक बना दिया। इसके बाद चोटिल होकर रिटायर्ड हुई एलिस पेरी मैच को बचाने मैदान में उतरी। 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी। पेरी ने 52 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 47) रन बनाये। किम गार्थ 14 रन बनाकर नाबाद रही। भारत के लिए श्री चारणी ने तीन विकेट लिये। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 155 रनों की शतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 25वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। स्मृति मंधाना ने 66 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद 31वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने प्रतिका रावल 75 को अपना शिकार बना लिया।

रावल ने अपनी पारी में 10चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (22), हरलीन देओल (38), जेमिमाह रोड्रिग्स (33), रिचा घोष (32) और अमनजोत कौर 16 रन बनाकर आउट हुई। सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को 48.5 ओवर में 330 के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर ऐनाबेल सदरलैंड ने पांच विकेट लिये। सोफी मोलिन्यू को तीन विकेट मिले। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली व एलिसा पैरी ने शानदार पारी खेली। एजेंसी

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 1.353 |
| इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.864 |
| भारत | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.682 |
| द.अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.888 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.357 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.526 |
| पाकिस्तान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.887 |

### भारत

**330/10 (48.5 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रतिका का पैरी बो सदरलैंड | 75 |
| मंधाना का लिचफील्ड बो मोलिनू | 80 |
| हरलीन का सदरलैंड बो मोलिनू | 38 |
| हरमनप्रीत का मोलिनू बो शूट | 22 |
| जेमिमा का मूनी बो सदरलैंड | 33 |
| रिचा घोष का सब बो सदरलैंड | 32 |
| अमनजोत का मोलिनू बो गार्डनर | 16 |
| दीप्ति शर्मा का मूनी बो मोलिनू | 01 |
| स्नेह राणा नाबाद | 08 |
| क्रांति गौड़ का सब बो सदरलैंड | 01 |
| श्री चरणी बो सदरलैंड | 00 |

**गेंदबाजी :** किम गार्थ 5-0-35-0, मेगान शूट 6.1-0-37-1, एशले गार्डनर 7-0-40-1, सोफी मोलिनू 10-1-75-3, अनाबेल सदरलैंड 9.5-0-40-5, तहलिया मैकग्रा 4.5-0-43-0, अलाना किंग 6-0-49-0

## दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत की लय जारी रखने उतरेगी

**विशाखापत्तनम :** दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।

**समय अपहान 3:00 बजे से**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी द.अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

## अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**लाहौर :** पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर कार्रवाई की गई।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**जोहोर (मलेशिया), एजेंसी**

**सुल्तान जोहोर कप**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था।

भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉर्ट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब ड्रैगफ्लिकर और कप्तान रोहित ने गेंद सुनील को पास की और सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक बेहतरीन वैरिएशन से गोल कर दिया। भारत को दूसरे क्वार्टर में एक मौका तब मिला जब सर्कल में अरिजीत ने तेजी से घूमकर गोल पर एक सफल शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में नेल्सन की बदौलत 41वें मिनट में खाता खोला। आर कुमुर ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को अंतिम क्वार्टर में 4-1 की बढ़त दिला दी।

## एआईएफएफ ने दो विवादास्पद अनुच्छेदों को नहीं अपनाया

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपनी विशेष आम सभा (एसजीएम) की बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर किए गए संविधान को अपनाया, लेकिन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया है जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी और महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। लेकिन संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे और एआईएफएफ ने इन दो नियमों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

**दिल्ली हॉफ मैराथन**

**दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला**

# कीनिया के मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हॉफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे।

मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिराटु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हॉफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई। मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा।



दिल्ली हॉफ मैराथन में पुरुषों की एलीट ओवरऑल श्रेणी की दौड़ में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावक केन्याई एलेक्स मटाटा (बीच में), इथियोपिया के बोयेलिन टेशागर (दाएं) और उनके पूर्व हमवतन जेम्स की पकोगी। एजेंसी

### भारतीयों में अभिषेक और सीमा विजयी

**नई दिल्ली :** अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही बाजी मारी।